सुप्रभात
रांची, गुरुवार
06.07.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net श्रावण, कृष्ण पक्ष, तृतीया/ चतुर्थी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 350



12 फिल्म मेकर बनीं कृति सेनन

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### देवघर : माइनिंग में विस्फोट, एक की मौत

देवघर। जसीडीह औद्योगिक क्षेत्र में एमपी माइनिंग एंड एनर्जी लिमिटेड फैक्टरी में लोहा गलाने के दौरान ब्लास्ट से एक मजदूर की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी जबकि दूसरा मजदूर गंभीर हो गया है।

### समाज के विकास में शिक्षा की अहम भूमिका

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। गोंडवाना विश्वविद्यालय छात्रों को शिक्षित बनाकर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है। वह बुधवार को महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में गोंडवाना विवि के 10वें दीक्षांत समारोहको संबोधित कर रही थीं।

### बैठक में हिस्सा लेने गुवाहाटी गये बाबूलाल

रांची। भाजपा के पूर्वोत्तर राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्रियों की बैठक गुवाहाटी में 5 और 6 जुलाई को है। बैठक में हिस्सा लेने झारखंड के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता गुवाहाटी पहुंच गये हैं।

### बिहार में वज्रपात से 24 घंटे में 32 लोगों की मौत

पटना। बिहार में 24 घंटे के अंदर तेज बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से 32 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी। आपदा प्रबंधन के आंकड़ों के मुताबिक अब तक 9 लोगों की जान गयी है। सबसे ज्यादा 6 लोगों की मौत रोहतास में दर्ज की गयी है।

### कैश लूटकांड में बरही से धनबाद तक छापा

गिरिडीह। पांच करोड़ कैश लूट के मामले में एसपी अमित रेणू द्वारा गठित विशेष जांच दल को महत्वपूर्ण सुराग मिला है। इसी के मार्फत पुलिस ने बिहार से लेकर बरही तो बरही से धनबाद तक छापेमारी की है।

### कोल डंपिंग क्षेत्र में फायरिंग से 6 घायल

धनबाद। जिले के बस्ताकोला कोल डंपिंग क्षेत्र में ट्रक लोडिंग में वर्चस्व को लेकर बुधवार को संयुक्त मोर्चा और जनता श्रमिक संघ के समर्थकों के बीच भिड़ंत हो गयी। दोनों ओर से जमकर मारपीट और पत्थरबाजी में आधा दर्जन लोग घायल हो गये हैं।

### झारखंड मंत्रिपरिषद की बैठक 11 को

रांची। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने सूचित किया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक रांची में, मंगलवार, दिनांक 11 जुलाई को अपराह्न 4 बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

### युवती ने फंदे से झूल कर की आत्महत्या

दुमका। शहर के दुधानी रोड की कृतिका उर्फ फ्रूटी (18) ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना की जानकारी बुधवार सुबह हुई। परिजन फांसी के फंदे से लटकी कृतिका के शव को देख स्तब्ध रह गये। अस्पताल में चिकित्सक ने युवती को मृत घोषित कर दिया।

### बंगाल से सटी सीमा पर चौकसी बढ़ी

दुमका। पश्चिम बंगाल में 08 जुलाई को पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं। दुमका जिला का रानीश्वर और शिकारीपाड़ा प्रखंड पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला की सीमा पर है। ऐसे में बॉर्डर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की जा रही है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,000 रु./प्रति किलो |

## रांची में एक और मेडिकल कॉलेज खुलेगा, नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोले सीएम

# 50% भी ईमानदारी बरतें, तो बदल जायेंगे हालात

### मुख्य बातें

- आधुनिक सुविधा से लैस 206 एंबुलेंस राज्य को सौंपे
- प्रत्येक पंचायत में खुलेंगे फार्मेसी शॉप
- रिजनल ब्लड ट्रांसमिशन सेंटर का उद्घाटन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रिम्स की तरह रांची में एक नये मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जायेगी। जहां विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जायेगा। सीएम बुधवार को नामकुम स्थित आइपीएच प्रेक्षागृह में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 206 एंबुलेंस का लोकार्पण एवं 38 नवनियुक्त दंत चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। वह समारोह के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की संख्या में भी इजाफा होना बहुत जरूरी है। नवनियुक्त दंत चिकित्सकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सीएम ने कहा- आप सरकार के अभिन्न अंग हैं। जन सेवा की भावना के साथ अपनी जिम्मेवारी निभायें। सरकार आपकी हर सुविधा का ध्यान रखेगी। आप भी जरूरतमंदों का ख्याल रखें। यदि आप 50 प्रतिशत भी ईमानदारी बरतें तो राज्य का कायाकल्प हो जायेगा। (शेष पेज 11 पर)

## ममता वाहन एप, आयुष्मान एप और स्वास्थ्य ज्योति एप का लोकार्पण



### 38 दंत चिकित्सकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

### सभी को स्वास्थ्य सुविधा देना लक्ष्य

### डॉक्टरों की संख्या में इजाफा जरूरी

इस मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि जब राज्य में चिकित्सकों की संख्या नहीं बढ़ेगी, तब तक स्वास्थ्य सुविधा के प्रति सरकार निश्चित नहीं हो सकती है। स्वास्थ्य सुविधा अमीर-गरीब, हर वर्ग के लिए समान और एक नजरिये से उपलब्ध कराना हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में एंबुलेंस का संचालन, नये ऐप के माध्यम से स्वास्थ्य सुविधा को सरल और बेहतर बनाने तथा विभिन्न संस्थाओं के साथ जुड़कर जन-जन तक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का काम सरकार कर रही है। इस मौके पर सीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों और अस्पतालों को सम्मानित भी किया।



# पूछताछ के बाद साहिबगंज का पत्थर कारोबारी कृष्णा गिरफ्तार

## इडी ने अवैध खनन, मजदूरों की मौत के मामले में की गिरफ्तारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार की रात पूछताछ के बाद साहिबगंज के पत्थर कारोबारी कृष्णा साहा को गिरफ्तार कर लिया। कृष्णा साव को इडी के जब्त खदान में काम कराने और उस खदान में दो मजदूरों की मौत के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

गौरतलब हो कि एक हजार करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी कृष्णा साव को समन भेजकर पांच जुलाई को तलब किया था। अवैध खनन और खान हादसा मामले में इडी के समन पर वह 9.30 बजे ही ईडी दफ्तर पहुंचा था। साहिबगंज जिले के बड़हरवा निवासी कृष्णा साव को झामुमो नेता पंकज मिश्रा का खास सहयोगी माना जाता है। (शेष पेज 11 पर)

### भरत और राजेश से पांच दिन होगी पूछताछ

वहीं चेशायर होम रोड के एक एकड़ जमीन फर्जीवाड़े में गिरफ्तार राजेश राय एवं भरत प्रसाद से ईडी अपने कब्जे में लेकर पांच दिनों तक पूछताछ करेगी। अदालत की अनुमति पर ईडी गुरुवार को दोनों आरोपियों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार से पूछताछ के लिए अपने साथ ले जायेगी। बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में आरोपियों की ईडी रिमांड पर लेने के आवेदन पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील शिव कुमार काका ने कहा कि जमीन फजीर्वाड़े के खेल में बड़ा रैकेट काम कर रहा है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से इस संबंध में पूछताछ की आवश्यकता है। पांच दिनों की ईडी रिमांड की अनुमति प्रदान की जाये। अदालत दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पांच दिन की ईडी रिमांड की अनुमति प्रदान की। पूछताछ के बाद आगामी सोमवार को दोनों आरोपियों को अदालत के समक्ष पेश किया जायेगा। ईडी ने दोनों आरोपियों को सोमवार को चेशायर होम रोड मामले में जमीन फजीर्वाड़े में पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किया था। मंगलवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया था। ईडी गुरुवार को पूछताछ के लिए जेल से अपने साथ ले जायेगी।

## पूजा सिंघल के पति को मिली सशर्त अग्रिम जमानत

रांची। निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट ने सशर्त अग्रिम जमानत दे दी है। बुधवार को जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। यह सुनवाई जस्टिस संजय किशन कौल और सुधांशु धुलिया की बेंच में हुई। कोर्ट ने निर्णय लेते हुए मनरेगा घोटाला और मनी लॉन्ड्रिंग केस में जेल में बंद निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा को राहत दी। सुप्रीम कोर्ट ने केवल अग्रिम जमानत नहीं दी है बल्कि उन पर किसी तरह की पीड़क कार्रवाई करने पर भी तत्काल रोक लगायी है। इसके अतिरिक्त कोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत के साथ एक शर्त भी लगायी है। कोर्ट ने उन्हें दो शर्तें मानने को कहा है। पहली शर्त के तहत अभिषेक झा को अपना पासपोर्ट ट्रायल कोर्ट में जमा करना होगा। वहीं दूसरी शर्त के तहत इस केस से जुड़े गवाहों से संपर्क नहीं करेंगे। अभिषेक झा ने अग्रिम जमानत के लिए पहले झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जो सुनवाई के बाद खारिज हो गयी थी। इडी ने 6 मई 2022 को तत्कालीन खान एवं उद्योग सचिव पूजा सिंघल और उनके करीबियों के 20 से अधिक ठिकानों पर छापा मारा था। छापेमारी के दौरान पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार के आवासीय कार्यालय से 19 करोड़ रुपये से अधिक की नकद बरामद हुए थे।

# चाचा को हटा कर अजित पवार बने एनसीपी अध्यक्ष

- चाचा, उम्र हो गयी अब आशीर्वाद दें
- शरद बोले- खोटा सिक्का निकला अजित

**एजेंसी**

मुंबई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजीत पवार की शातिर चाल से उनके चाचा शरद पवार फिलहाल घायल हो गये हैं। अजित पवार ने बुधवार को शरद पवार को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटाने का ऐलान किया। अजित ने खुद को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष भी बताया। प्रफुल्ल पटेल ने मुंबई में पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुलाई थी, उसी में यह फैसला हुआ। साथ ही चुनाव आयोग में एनसीपी और उसके चुनाव चिह्न घड़ी पर अपना दावा जताया। इससे संबंधित पत्र भी आयोग को सौंपा। अजीत पवार ने जून महीने के आखिरी सप्ताह में ही 40 विधायकों और सांसदों के हस्ताक्षर लेकर खुद को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी का अध्यक्ष होने का प्रस्ताव पास करवा लिया है। इसका खुलासा बुधवार को हुआ है। अब गेंद पूरी तरह चुनाव आयोग के पाले में है। (शेष पेज 11 पर)

### शरद पवार की उम्र पर कसा तंज



इससे पहले मुंबई में अजित पवार ने सुबह 11 बजे और शरद पवार ने दोपहर 1 बजे बैठक की। अजित पवार ने कहा- आपकी (शरद पवार की) उम्र ज्यादा हो गयी है। आडवाणी-जोशी बनिये। अब आप आशीर्वाद दीजिये। इस पर चाचा ने उन्हें खोटा सिक्का कहा। अजित ने कहा राज्य सरकार के कर्मचारी 58 साल में, केंद्र के 60 साल में, भाजपा में 75 साल में रिटायर्ड हो जाते हैं, लेकिन आप 84 साल के हैं। वहीं शरद पवार की बेटी सुप्रिया ने भी भाई के बयान का जवाब देते हुए कहा- रतन टाटा की उम्र 86 साल, सायरस पुनावाला 84 साल, अमिताभ बच्चन 82 की उम्र के हैं। वारेन बफेट और फारूख अब्दुल्ला की उम्र देखो, क्या ये काम नहीं कर रहे। अपमान हमारा करो, हमारे पिता का नहीं। एनसीपी का एक ही सिक्का है शरद पवार।

# जल्द घट सकता है वंदे भारत ट्रेन का किराया

**एजेंसी**

- कम दूरी वाली ट्रेनों के किराये की समीक्षा कर रहा रेलवे

नयी दिल्ली। रेलवे कम दूरी वाली कुछ वंदेभारत ट्रेनों में सीटें खाली रहने की स्थिति को देखते हुए किराये की समीक्षा कर रहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक, अपेक्षाकृत छोटी दूरी वाली कुछ वंदेभारत ट्रेनों में सीटें पूरी तरह भर नहीं पा रही हैं। ऐसी स्थिति में रेलवे उनके किराये की समीक्षा कर उन्हें आकर्षक बनाने की योजना बना रहा है। कम दूरीवाली वंदेभारत ट्रेनों में सीटें काफी हद तक खाली चल रही हैं।

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इसके पीछे सोच यह है कि सभी वंदेभारत ट्रेन में यात्रियों को सुविधाजनक सफर का मौका मिले। हमने हालात की समीक्षा की



है और हमारी राय है कि कुछ वंदेभारत ट्रेन, खासकर कम दूरी वाली, का किराया अगर घटा दिया जाता है तो वह ज्यादा अच्छा कर पायेंगी। हम चाहते हैं कि अधिक से अधिक लोग इन ट्रेनों में सफर करें। (शेष पेज 11 पर)

# कमल भूषण हत्याकांड के गवाह संजय की हत्या

## राजधानी में दिनदहाड़े अपराधियों ने मारी चार गोली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के एक बड़े जमीन कारोबारी स्व कमल भूषण के कर्मचारी संजय कुमार (32 वर्ष)की गोली मारकर हत्या कर दी।

संजय कुमार पिछले साल हुए कमल भूषण हत्याकांड का गवाह भी था और कमल का एकांउटेंट भी रह चुका था। जानकारी के अनुसार संजय कुमार बुधवार को बाइक से अपने आवास से कहीं जा रहे था। पहले से घात लगाकर



अपराधियों ने काली मंदिर के पास अचानक हमला बोल दिया। बाइक पर सवार अपराधियों ने संजय की कनपट्टी में चार गोली मारी। गंभीरावस्था में संजय को रिम्स ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया है। हत्या के विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर दिया, जिसे पुलिस ने हटा दिया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय, सुखदेवनगर थानेदार विनोद कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज की जांच कर संभावित स्थानों पर छापेमारी कर रही है। (शेष पेज 11 पर)

## तबरेज अंसारी हत्याकांड

# 10 आरोपियों को 10-10 साल की सजा, जुर्माना भी

**खबर मन्त्र टीम**

सरायकेला, जमशेदपुर। तबरेज अंसारी की मौत के मामले पर एडीजे वन अमित शेखर की अदालत ने आइपीसी की धारा 304 के तहत दोषी पाये गये 10 आरोपियों को 10-10 साल की कैद और 15-15 हजार जुर्माने की सजा सुनायी। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में 1 महीने अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में इससे पूर्व दो आरोपी सत्यनारायण नायक और सुमंत महतो को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में मामले से रिहा किया गया है। सरायकेला में चोरी के आरोप में भीड़ ने तबरेज की पीट-पीट कर हत्या कर दी थी। मामले में कुल 36 लोगों ने गवाही दी थी। तबरेज की पत्नी शाहिस्ता परवीन की शिकायत पर मामला दर्ज कराया गया था और फिर कार्रवाई हुई। (शेष पेज 11 पर)

### पत्नी इस सजा से नाखुश

फैसला आने के बाद पत्नी शाहिस्ता परवीन ने मीडिया से बातचीत में कोर्ट के फैसले से खुद को असंतुष्ट बताया। कहा कि कोर्ट का फैसला इन्हें मंजूर नहीं है। ऊपरी अदालत में इस फैसले को चुनौती देंगी। शाहिस्ता ने कहा कि वह चाहती हैं कि मामले के दोषियों को फांसी हो। तबरेज परिवार के वकील अलताभ अंसारी के अनुसार जजमेंट में 304 पार्ट वन में 10 साल, 325 में तीन साल, 323 में 8 माह और 295 में एक साल की सजा सुनायी गयी है। चूंकि इसमें इंटेशन का एविडेंस नहीं पाया गया है और मौत चार दिन बाद हुई है इसलिए मारने का इंटेशन साबित नहीं हुआ है। मामले को लेकर उस समय इसे मॉब लिंचिंग के रूप में भी प्रचारित करने का प्रयास भी किया गया था। इस संबंध में मृतक तबरेज अंसारी की पत्नी शाहिस्ता परवीन की शिकायत पर मामला दर्ज कराया गया था।

# रिम्स में बनेगा राज्य का पहला येलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। येलो फीवर के वैक्सीनेशन के लिए राज्य के लोगों को अब, पटना या फिर कोलकाता नहीं जाना पड़ेगा। बहुत जल्द यह वैक्सीन अपने रिम्स में मिलने लगेगा। बुधवार को येलो फीवर के वैक्सीनेशन सेंटर जांचने आयी रीजनल ऑफिस पटना की टीम ने इस पर लगभग मुहर लगा दी है। गवर्मेंट रिजनल सेंटर पटना के सीनियर रीजनल डायरेक्टर डॉ कैलाश कुमार ने बुधवार को पीएसएम डिपार्टमेंट में जाकर सेंटर के लिए आवंटित कमरे को देखा और संतुष्टि जाहिर की। अब, टीम से सर्टिफिकेट मिलते ही येलो फीवर वैक्सीनेशन की शुरुआत हो जायेगी।

### खास प्रजाति के मच्छर से फैलता है येलो फीवर

- रीजनल ऑफिस पटना से आये रीजनल डायरेक्टर ने लगायी मुहर
- यह रोग पीड़ित के पूरे शरीर को करता है प्रभावित



बताते चलें कि एक खास प्रजाति के मच्छर से येलो फीवर यानी पीत ज्वर फैलता है। भारत से विदेश (खासकर अफ्रीका और साउथ अमेरिका) जैसे देशों में जाने से पहले इसके वैक्सीनेशन सर्टिफिकेट की जरूरत पड़ती है, क्योंकि ऐसे देशों में येलो फीवर का काफी प्रकोप है। बिना इस वैक्सीन को लिए जाने पर लोगों को इंफेक्शन का बड़ा खतरा रहता है।

### विदेशों में मांगा जाता है सर्टिफिकेट

रिम्स के निदेशक डॉ आरके गुप्ता ने कहा कि बुधवार को येलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर का भौतिक सत्यापन के लिए पटना से रीजनल डायरेक्टर आये हैं। उनके आने के बाद येलो फीवर वैक्सीनेशन सेंटर के मिलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। उन्होंने कहा कि येलो फीवर वैक्सीनेशन का सर्टिफिकेट विदेशों में मांगा जाता है। ऐसे में राज्य के लोगों को वैक्सीनेशन में सहूलियत होगी। मालूम हो कि सेंटर के लिए रिम्स के पीएसएम विभाग में दो कमरे का आवंटन कर दिया गया है।

**क्या है येलो फीवर :** येलो फीवर वायरस द्वारा उत्पन्न होने वाला एक तीव्र हैमरैजिक रोग है, जो मनुष्यों में संक्रमित मच्छर के काटने से होता है। रोग के नाम में येलो शब्द पीलिया की ओर संकेत करता है, जो कुछ रोगियों को प्रभावित करता है। यह ऐसा रोग है जो पूरे शरीर को प्रभावित करता है।

> येलो फीवर वैक्सीनेशन का निरीक्षण करने रीजनल ऑफिस पटना से सीनियर रीजनल डायरेक्टर डॉ कैलाश कुमार आये थे। उन्होंने ओल्ड एकेडमिक ब्लॉक के मेडिसिन डिपार्टमेंट में जाकर देखा, जहां कमरे का आवंटन किया गया है। उन्होंने सेंटर का न सिर्फ भौतिक सत्यापन किया, बल्कि कुछ जरूरी निर्देशा भी दिये। - **डॉ राजीव रंजन, पीआरपो, रिम्स।**

# संविदा पर नियुक्त महिलाओं को भी मिलेगा मातृत्व अवकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राज्य में संविदा के आधार पर नियुक्त महिला कर्मियों को अब मातृत्व अवकाश का लाभ मिलेगा। सीएम हेमंत सोरेन ने उक्त प्रस्ताव पर अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मालूम हो कि पूर्व में संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश का लाभ देने का प्रावधान नहीं था। मामला जब सीएम के संज्ञान में आया तो उन्होंने संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने की स्वीकृति प्रदान की। सीएम द्वारा स्वीकृत प्रस्ताव वैसी महिला कर्मी पर लागू होगा जो पिछले 12 महीनों में 80 दिन तक संविदा पर कार्य कर चुकी हों। उन्हें 180 दिन का मातृत्व अवकाश अनुमान्य होगा। यह अवकाश दो जीवित संतान के बाद हुए प्रसव पर मान्य नहीं होगा। मातृत्व अवकाश के लिए संविदा राशि छुट्टी पर जाने से पहले मिले अंतिम संविदा राशि के बराबर होगा।

**अब एचआरएमएस पद्धति से मिलेगी छुट्टी :** एचआरएमएस पद्धति से ही अब राज्य कर्मियों का मातृत्व व पितृत्व अवकाश स्वीकृत-अस्वीकृत होगा।

(शेष पेज 11 पर)

झारखंड जैसे पिछड़े राज्य के लिए स्वास्थ्य सुविधा में बढ़ोतरी जरूरी

# नवनियुक्त चिकित्सक जन सेवा की भावना का रखें ख्याल : मुख्यमंत्री

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नव नियुक्त चिकित्सकों से आग्रह किया कि जन सेवा की भावना के साथ अपने जिम्मेवारी का निर्वहन करें। वर्तमान समय में जिस तरह से लोगों के स्वास्थ्य को लेकर दुनिया भर में चुनौतियां हैं ऐसी स्थिति में झारखंड जैसे पिछड़े राज्य के लिए स्वास्थ्य सुविधा कितना महत्वपूर्ण है, इसका अंदाजा आप लगा सकते हैं। सीएम बुधवार को नामकुम स्थित आईपीएच प्रेक्षागृह में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित 206 एंबुलेंस का लोकार्पण एवं 38 नव नियुक्त दन्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने सभी नवनियुक्त चिकित्सकों को भविष्य की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि झारखंड में अधिकतर लोग गांव में बसते हैं। हमें यह भी तय करना चाहिये कि गांव के लोगों को एंबुलेंस की सुविधा कैसे दें। उनके स्वास्थ्य की जांच कैसे हो, इसके लिए एक समय तय करना होगा कि किस दिन एंबुलेंस वाहन गांव के किस जगह पर कैंप कर रहा है ताकि ग्रामीण अपने कार्य को पूरा करके वहां उपस्थित होकर स्वास्थ सुविधा का लाभ ले सकें। इस दिशा में कार्य योजना बनाकर स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाई जानी चाहिए। जरूरतमंद को समय पर दवा उपलब्ध कराना जरूरी है। इसलिए पंचायत स्तर पर दवा दुकान खोलने का निर्णय लिया गया है और यह सिर्फ पंचायत नहीं बल्कि गांव-गांव में फार्मेसी शॉप की सुविधा बहाल करने का प्रयास किया जायेगा।

**सर्पदंश से किसी की मौत न हो :** मुख्यमंत्री ने सदर अस्पताल धनबाद और देवघर के मधुपुर स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में ब्लड स्टोरेज केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि सर्प दंश की घटना पर त्वरित इलाज होना चाहिये। सीएम ने कहा कि उन्हें यह शिकायत नहीं मिलनी चाहिए कि किसी जनमानस की मौत सर्प दंश के बाद इलाज के अभाव में हुई।

**समृद्ध झारखंड की परिकल्पना होगी पूरी :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्वस्थ झारखंड, समृद्ध झारखंड की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। अस्पतालों में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के जांच मशीनें लगाई जा रही हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र को सुधारने के निमित्त हमारी सरकार कृत संकल्प है।

अध्यक्ष बनने के बाद राज्य सरकार पर हमलावर हुए बाबूलाल

# दम निकलने से पहले ही फड़फड़ा रही राज्य की महागठबंधन सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद बाबूलाल मरांडी के तेवर और तल्ख हो गये हैं। उन्होंने गठबंधन सरकार पर हमला करते हुए ट्वीट किया है कि दम निकलने से पहले की फड़फड़ाहट देखी जा सकती है। यह डर अच्छा है। दूसरी ओर अटल बिहारी वाजपेयी जी कविता के कुछ अंश लिखकर कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर काम करने का संदेश भी दिया है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा है कि झारखंड में झामुमो का सफाया होने जा रहा है। कांग्रेस वैसे ही लंगड़ी पार्टी बन गई है। इससे पहले उन्होंने अपने ट्विटर पर लिखा कि झामुमो सरकार के दौरान छात्र-नौजवान बेरोजगारी के कारण हताश हैं। उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। झामुमो से जुड़े लोग बालू, कोयला, पत्थर, शराब आदि जैसे अवैध धंधों के जरिये दोनो हाथों से लूट रहे हैं। कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के कारण व्यापारी और महिलाओं में असुरक्षा का भाव है।

उन्होंने कहा कि सीएम के आसपास के लोग एक के बाद एक भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे हैं। झारखंड की गरीब जनता से सरकारी दफ्तरों में काम कराने के बदले अनाप-शनाप पैसे मांगे जा रहे हैं। कहीं कोई विकास का काम नहीं हो रहा है। सिर्फ झारखंडियों को आपस में लड़ाओ, समाज में तनाव पैदा करो और अपने परिवार का राज कायम रखो,अब ज्यादा वक्त नहीं है। अंधेरा छंटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा, चलो साथियों मिलकर लड़ेंगे।

गुवाहाटी रवाना हुए बाबूलाल मरांडी

## 9 जुलाई के बाद लेंगे पदभार



**रांची।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पूर्वोत्तर राज्यों की बैठक में हिस्सा लेने गुवाहाटी गये हैं। गुवाहाटी में इस बैठक में शामिल होने के बाद 8 और 9 जुलाई को दिल्ली की बैठक में शामिल होंगे। श्री मरांडी 9 जुलाई के बाद प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। बैठक में मोदी सरकार के 9 साल पूरा होने पर चलाये गये कार्यक्रम की समीक्षा होगी। पार्टी की राज्य में आगे की रणनीति और मिशन 2024 के लिए पूर्वोत्तर राज्यों में भाजपा की योजना जैसे तमाम विषयों पर चर्चा होने की संभावना है।

खबर एक नजर में

## झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 11 जुलाई को झारखंड मंत्रालय में होगी। इसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। इसमें कई अहम निर्णय लिये जाएंगे। इससे संबंधित प्रस्ताव तैयार किए जा रहे हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) के अनुसार कैबिनेट की बैठक शाम 4 बजे से मंत्रिपरिषद् कक्ष में होगी।

## दो आइपीएस को डीआइजी में प्रमोशन

**रांची।** झारखंड कैडर के 2009 बैच के दो आईपीएस अधिकारी इंद्रजीत महथा और संजय रंजन सिंह को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति दी गई है। इसे लेकर बुधवार की रात गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग के द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। इंद्रजीत महथा को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति प्रदान करते हुए अगले आदेश तक डीआईजी एसटीएफ झारखंड के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं, संजय रंजन सिंह को डीआईजी रैंक में प्रोन्नति देते हुए डीआईजी झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग के पद पर पदस्थापित किया गया है।

## झाप्रसे के तीन अधिकारियों की सेवा ग्रामीण विकास विभाग को, अधिसूचना जारी

**रांची।** राज्य सरकार ने प्रखंड पदाधिकारी के पद के लिए तीन झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के अधिकारियों की सेवा ग्रामीण विकास विभाग को सौंपी है। जिन अधिकारियों की सेवा विभाग को सौंपी गयी है उनमें पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अनिल कुमार सिंह, शशिभूषण वर्मा, अनिल कुमार शामिल हैं। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अब ग्रामीण विकास विभाग रिक्त बीडीओ के पद पर इन अधिकारियों की पोस्टिंग करेगा।

## एनसीएल और कोल इंडिया के जीएम बने सीएमपीडीआइ के डीटी

**रांची।** एनसीएल और कोल इंडिया के जीएम को सीएमपीडीआई का निदेशक तकनीकी (डीटी) नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति से नियुक्ति की मंजूरी मिलने की सूचना कोयला मंत्रालय से मिलने के बाद कोल इंडिया ने आदेश जारी कर दिया है। एनसीएल के जीएम सतीश झा को निदेशक (तकनीकी) नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद वे इस पद पर 30 नवंबर, 2027 या अगले आदेश तक बने रहेंगे। इसी तरह, कोल इंडिया के जीएम अच्युत घटक को निदेशक (तकनीकी) नियुक्त किया गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद वे इस पद पर 31 मार्च, 2028 या अगले आदेश तक बने रहेंगे। दोनों जीएम को सीएमपीडीआई के सीएमडी को रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया है।

## डायन बिसाही हत्या पर हाइकोर्ट ने मांगी रिपोर्ट

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य में डायन बिसाही के नाम पर हो रही हत्याओं पर राज्य सरकार से जवाब मांगा है। अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि इस मामले में पूर्व में हाईकोर्ट ने जितने निर्देश दिए हैं, उनका पालन किया गया है, या नहीं? अदालत के किन-किन निर्देशों का पालन किया गया है इसकी विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने सरकार से यह भी बताने को कहा है कि इस तरह के मामले में अब तक क्या कार्रवाई की गई है। कितने लोगों को गिरफ्तार किया गया है। केस दर्ज होने के बाद समय पर चार्जशीट दाखिल की जाती है या नहीं? हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ में अब इस मामले में अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। अदालत ने कहा कि सरकार को इस गंभीर मामले से निपटने के लिए पूरी कार्ययोजना तैयार करनी चाहिए।

## चाईबासा में मनरेगा में गड़बड़ी मामले में राज्य सरकार जवाब दाखिल करे : हाइकोर्ट

**रांची।** चाईबासा में मनरेगा घोटाला कि सीबीआई जांच को लेकर मतलूब आलम की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं हो सका। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को होगी। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा था कि इससे संबंधित मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) में जो प्राथमिकी दर्ज की गई थी उसकी वर्तमान में जांच की क्या स्थिति है। कोर्ट ने संदर्भ में राज्य सरकार से जवाब मांगा था। बता दें कि प्रार्थी की ओर से की ओर से कोर्ट को बताया गया था वितीय वर्ष 2008-9, 2009-10, 2010-11 में चाईबासा में करीब 28 करोड़ रुपए का मनरेगा घोटाला हुआ है। इसे लेकर चाईबासा में पुलिस ने 14 एफआईआर दर्ज की थी।

## अवैध माइनिंग मामले में नहीं मिली जांच रिपोर्ट, हाइकोर्ट ने दिया एक और मौका

**रांची।** पलामू, गढ़वा और लातेहार में अवैध माइनिंग से संबंधित मामले को लेकर पंकज कुमार यादव की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रधान महालेखाकार, झारखंड को मामले में की गई जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक और मौका दिया है। कोर्ट के आदेश के बावजूद अब तक प्रधान महालेखाकार का जांच रिपोर्ट कोर्ट में नहीं आ सकी थी। मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई को होगी। पूर्व में कोर्ट ने इस मामले में प्रधान महालेखाकार को प्रतिवादी बनाया था। पूर्व में ही इस मामले में गठित 3 सदस्य के कमेटी की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत की जा चुकी है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पैरवी की। दरअसल, यह मामला एक संचालक से माइनिंग चलाने के लिए माइनिंग विभाग के अधिकारी द्वारा 20 लाख रुपए की मांग से जुड़ा है।

# राज्य के निबंधन कार्यालयों में आज से रजिस्ट्री की संभावना

## रांची, हिनू, कांके ऑफिस में चौथे दिन भी नहीं हुई रजिस्ट्री



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के किसी भी जिले में स्थित रजिस्ट्री कार्यालयों में लगातार चौथे दिन भी कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। बुधवार को भी अन्य दिनों की तरह कार्यालय खुलने के साथ ही अधिवक्ता और आम लोग अपना कार्य कराने रजिस्ट्री ऑफिस पहुंचे थे लेकिन सर्वर की परेशानी के कारण किसी का काम नहीं हुआ।

बताते चलें कि अगस्त महीने से राज्य के सभी क्षेत्रों में स्थित जमीन और मकान के निबंधन के शुल्क में बढ़ोतरी होनी है। उससे पहले कई लोग घर, जमीन, फ्लैट समेत अन्य दस्तावेजों की रजिस्ट्री कराने के लिए रजिस्ट्री कार्यालय पहुंचे थे। परंतु बुधवार को भी रजिस्ट्री नहीं हुई। इधर उम्मीद की जा रही है कि गुरुवार से सर्वर की समस्या दूर कर ली जाएगी और कार्य पहले की तरह सुचारु रूप से चलेगा।

राजभवन के हस्तक्षेप के बाद मार्केटिंग बोर्ड बाजार समितियों से अतिक्रमण हटाने को रेस

# बाजार समितियों के सचिव निर्धारित समय पर हटवायें अतिक्रमण, नहीं तो होगी कड़ी कार्रवाई

## पंडरा बाजार समिति ने अतिक्रमण हटाने के लिए दिया 72 घंटे का अल्टीमेटम



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजभवन के हस्तक्षेप के बाद राज्य की बाजार समितियों में अतिक्रमण करने वालों पर अब कार्रवाई होगी। राजभवन की चिट्ठी मिलते ही राज्य की बाजार समितियों से अतिक्रमण हटाने के मामले में मार्केटिंग बोर्ड रेस हो गया है। हालांकि नवनियुक्त चेयरमैन रविंद्र सिंह ने भी अतिक्रमण को गंभीर मुद्दा बताते हुए इसे अविलंब खाली कराने का निर्देश दिया था। राजभवन और मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमैन के आदेश के बाद मार्केटिंग बोर्ड ने राज्य की बाजार समितियों के सचिव को अविलंब का अतिक्रमण हटाने को कहा है। इसी के आलोक में रांची बाजार समिति के सचिव उत्तम कुमार ने अतिक्रमणकारियों को बाजार प्रांगण से अतिक्रमण हटाने के लिए 72 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने कहा है कि 72 घंटे के भीतर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटा लें, अन्यथा अतिक्रमण हटाने में आने वाले पोस्ट की वसूली भी संबंधित दुकानदारों से की जाएगी।

### बड़े बकायेदारों पर भी गिरेगी गाज

पंडरा बाजार समिति के सचिव उत्तम कुमार ने बताया कि कमेटी के बड़े बकायेदारों को भी बकाये का भुगतान करने के लिए नोटिस दिया जा रहा है। उन्हें एक हफ्ते के भीतर किराए का भुगतान करने को कहा गया है। ऐसा नहीं करने वाले बड़े बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि एकरारनामा की शर्तों के मुताबिक उनके आवंटन भी रद्द किए जा सकते हैं, जिसकी सारी जवाबदेही आवंटियों पर होगी।

# आनेवाले सप्ताह में सामान्य हो सकता है मानसून राज्य में बारिश में अबतक कमी की होगी भरपाई

## सात से दस जुलाई तक अच्छी बारिश के संकेत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मानसून अगले दो सप्ताह के दौरान सामान्य हो सकता है। इस दौरान मानसून के बादल झारखंड पर छाए रहेंगे और राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। 12 जुलाई के बाद यह दो-तीन दिन थोड़ा धीमा होने के बाद फिर जोर पकड़ सकता है। इससे झारखंड में बारिश में कमी की भरपाई होने की संभावना बढ़ गई है। यह बारिश राज्य में खरीफ फसलों की खेती के अनुकूल होगी। राज्य में इस मानसून सीजन के दौरान बारिश में कमी का प्रतिशत 38 फीसदी तक आ गया है।

**संताल समेत कुछ जिलों में अच्छी बारिश :** राज्य के संताल परगना में अच्छी बारिश हुई है। साहिबगंज और गोड्डा में मानसून की भारी बारिश हुई है। पलामू प्रमंडल के गढ़वा में अधिक और पलामू में सामान्य बारिश हो रही है। इसके अलावा देवघर, दुमका, सिमडेगा में भी बारिश सामान्य के करीब है। इन जिलों में बारिश में कमी का प्रतिशत 20 फीसदी से नीचे है।

वहीं पिछले 36 घंटों की बात करें तो राज्य के कई स्थानों पर बारिश हुई। बोकारो में सबसे अधिक 95.0 मिमी बारिश हुई। धनबाद, हजारीबाग, गुमला, पलामू, रामगढ़, रांची, गिरिडीह, गढ़वा आदि जिलों में अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार राज्य में इस मानसून सीजन के दौरान 147.2 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य वर्षापात का औसत 236.1 मिमी है।

147.2 मिमी अबतक हुई बारिश

236.1 मिमी सामान्य वर्षापात



### राजधानी में सामान्य वर्षापात 243.2 मिमी से 44 फीसदी कम बारिश

रांची में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश की संभावना जतायी गई है। यहां अगले पांच दिनों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। यहां रुक-रुक कर बारिश होने की संभावना व्यक्त की गई है। रांची में इस मानसून सीजन के दौरान 135 .6 मिमी बारिश हुई है, जो कि सामान्य वर्षापात 243 .2 मिमी से 44 फीसदी कम है।

मौसम विभाग के अनुसार सात और आठ को कई स्थानों पर बारिश होगी, जबकि दक्षिणी हिस्से में कहीं-कहीं भारी बारिश होने की चेतावनी भी जारी की गई है। लेकिन नौ एवं दस जुलाई को राज्य के प्रत्येक हिस्से में बारिश होने की संभावना जतायी गई है।

3000 करोड़ भूमि-मुआवजा घोटाला

## हाइकोर्ट में जवाब दाखिल के लिए इडी सीबीआइ और सरकार ने मांगा समय

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए हुए भूमि अधिग्रहण मामले के दौरान कथित रूप से हुए तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच के लिए दायर जनहित याचिका पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान इडी, सीबीआई और राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय देने का आग्रह किया। अदालत ने दो सप्ताह में सभी पक्षकारों को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब अदालत 9 अगस्त को इस मामले में सुनवाई करेगा। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने मंटू सोनी की याचिका पर सुनवाई की। मंटू सोनी की ओर से अधिवक्ता अभिषेक कृष्ण गुप्ता और मदन कुमार ने पक्ष रखा।

दरअसल, हजारीबाग में भूमि-मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद वर्ष 2016 में तत्कालीन उपायुक्त मुकेश कुमार की अनुशंसा पर, राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी की टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले और 300 करोड़ मुआवजा बांटने की जानकारी दी थी। प्रार्थी के मुताबिक, राज्य सरकार की ओर से कार्रवाई के नाम पर अब तक सिर्फ एनटीपीसी के प्रबंध निदेशक और हजारीबाग उपायुक्त को पत्राचार किया गया है। वहीं देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता वाली एसआइटी की रिपोर्ट फिलहाल सार्वजनिक नहीं की गई है। रिपोर्ट में कई प्रकार की जमीनों का फर्जी डीड बनाकर मुआवजे घोटाला किया गया था।

## विधायक भूषण बारा के खिलाफ सिमडेगा में चल रही ट्रायल पर रोक

**रांची।** सिमडेगा विधायक भूषण बारा को एक और मामले में झारखंड हाई कोर्ट से राहत मिली है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति नवनीत कुमार की अदालत ने सिमडेगा महिला थाना में वर्ष 2019 में विधायक भूषण बारा के खिलाफ दर्ज केस को लेकर सिमडेगा की अदालत में चल रहे ट्रायल पर रोक लगा दी है। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार और मामले के सूचक को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। दरअसल, महिला ने वर्ष 2019 में सिमडेगा महिला थाना में भूषण बारा के खिलाफ कांड संख्या 19/2019 भी दर्ज कराई थी। मामले में पहले पुलिस ने भूषण बारा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी, बाद में उस चार्जशीट को वापस लेते हुए पूरक चार्जशीट दायर करते हुए कहा था कि घटना के समय भूषण बारा वहां नहीं थे, उनके खिलाफ आईपीसी की धारा 506 के तहत मामला बनता है। सिमडेगा की अदालत ने भूषण के डिस्चार्ज पिटिशन को खारिज कर दिया था।

शिक्षकों से न केवल पूछताछ होगी, बल्कि समाधान निकालने का भी होगा प्रयास

# मैट्रिक व इंटर में खराब प्रदर्शन करने वाले 200 सरकारी स्कूल चिह्नित, गिरेगी गाज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में खराब प्रदर्शन करने वाले सरकारी स्कूलों पर शिक्षा विभाग कार्रवाई करेगा। स्कूल प्रबंधकों पर कार्रवाई की तैयारी है। शिक्षा विभाग ने राज्य भर में ऐसे 200 सरकारी स्कूलों की सूची तैयार कर ली है, जिनका इस साल की परीक्षा में खराब परफॉर्मेंस रहा है। स्कूलों के प्राचार्य से शिक्षा विभाग पूछताछ करेगी। चिन्हित किए गए शिक्षकों से न केवल पूछताछ की जाएगी बल्कि कारणों को ढूंढ कर इसका समाधान भी निकालने का प्रयास किया जायेगा।




### स्कूलों के प्राचार्य से रिजल्ट पर होगी वन टू वन बात



स्कूल के प्राचार्य से रिजल्ट पर वन टू वन बात की जाएगी। उनसे पूछा जाएगा कि स्कूल का परिणाम खराब क्यों आया? शिक्षा सचिव के रवि कुमार के अनुसार स्कूलों के प्राचार्य से रिजल्ट खराब आने के कारणों के बारे में जाना जाएगा और इसके लिए 2 दिनों तक रांची में मंथन किया जाएगा। दोनों दिन 100-100 स्कूलों की समीक्षा की जाएगी। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग इसकी व्यापक तैयारी कर रहा है।

### शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने पर दिया जायेगा जोर

सूत्रों के अनुसार इन स्कूलों के प्राचार्य को ना केवल चेतावनी दी जाएगी बल्कि स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के निर्देश भी दिए जाएंगे, जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है उन स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक माहौल बनाने के प्रयास विभाग के द्वारा किए जाएंगे। मालूम हो कि इस साल मई में प्रकाशित मैट्रिक-इंटर रिजल्ट में कई स्कूलों में रिजल्ट 60 प्रतिशत या उससे भी नीचे हुआ था।

### सचिव ने रिपोर्ट तैयार करने का दिया था निर्देश



ज्ञात हो कि पिछले 26 मई को स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार को रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया था। माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल से जिलावार खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों की रिपोर्ट तलब की थी, ताकि स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ-साथ उन विषयों के जिसमें विद्यार्थी पास नहीं कर सके हैं उसके शिक्षकों पर कार्रवाई की जा सके।

# संजय कुमार के हत्यारों को पकड़ने में जुटी पुलिस, जगह-जगह हो रही छापेमारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची में बुधवार को जिस एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या अपराधकर्मियों ने गोली मारकर कर दी। वह जमीन कारोबारी कमल भूषण हत्याकांड का मुख्य गवाह था।

**कमल हत्याकांड में गवाह थे संजय :** बता दें कि कमल भूषण की हत्या पिछले साल सुखदेव नगर इलाके में ही गोली मारकर कर दी गई थी। संजय उस हत्याकांड के गवाह भी थे। पुलिस की ओर से आशंका जतायी गई है कि जिन लोगों ने कमल भूषण की हत्या की है, उन्हीं के द्वारा इस हत्याकांड को भी अंजाम दिया गया है। अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए शहर की नाकेबंदी कर छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

**जेल में हैं कमल भूषण के हत्यारे**

रांची के रियल स्टेट के बड़े कारोबारी कमल भूषण के हत्याकांड में शामिल चार आरोपियों को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पिछले साल गिरफ्तार किया था। उस दौरान हत्या में शामिल डब्लू कुजूर, राहुल कुजूर, ख्वाहिश अदनान और मुनव्वर अफिक को गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, आरोपी का भाई छोटू कुजूर जेल के बाहर है। जेल से बाहर रहने के कारण छोटू कुजूर की ओर से कमल भूषण के साथ काम करनेवाले घनश्याम को भी धमकी दी है। छोटू कुजूर के धमकी के बाद घनश्याम को रांची पुलिस की ओर से बॉडीगार्ड उपलब्ध कराया गया है।



**पुलिस इन बिंदुओं पर कर रही है छानबीन**

- क्या संजय कुमार की हत्या मुख्य गवाह होने के कारण हुई
- क्या संजय कुमार का कोई और दुश्मन था
- क्या जमीन कारोबार में संजय कुमार ने एकाउंटेंसी में कोई गड़बड़ की थी या जमीन के मामले में किसी से ठगी तो नहीं की थी
- संजय कुमार का किसी से कोई पुरानी दुश्मनी तो नहीं थी

## आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले में कांग्रेस ने किया पुतला दहन

# एमपी में आदिवासी युवक के साथ हो रहा था जुल्म तब बाबूलाल बंटवा रहे थे लड्डू : कांग्रेस

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मध्यप्रदेश में एक भाजपा कार्यकर्ता के आदिवासी युवक पर पेशाब करने के मामले में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन किया गया। पुतला दहन कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं सैकड़ों कांग्रेसी नेता एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। लोगों के अंदर इस घिनौनी घटना को लेकर काफी आक्रोश दिखा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि कल जो अमानवीय दृश्य देखने को मिला, इससे साफ पता चलता है कि भाजपा के कार्यकर्ता अहंकार में डूब गए हैं। पहले तो अल्पसंख्यकों के साथ ऐसा होता था, उत्तर प्रदेश में दलितों के साथ हो रहा है। अब मध्यप्रदेश में लगभग 4000 आदिवासियों के साथ अत्याचार और दुराचार हुआ है। इस तरह का मामला सामने आया तब बाबूलाल मरांडी भाजपा कार्यालय में लड्डू बंटवा रहे थे। खुशियां मनाई जा रही थी कि बाबूलाल मरांडी प्रदेश के अध्यक्ष बनाये गए हैं। बाबूलाल मरांडी को इतना भी नहीं हुआ कि इस घटना पर निंदा करें। उनके लिए भाजपा का कार्यकर्ता महत्वपूर्ण है लेकिन आदिवासी, दलित, अल्पसंख्यक आमजनता महत्वपूर्ण नहीं है। उन्होंने कहा कि इस घटना की निंदा देश के सभी दलों के लोगों को करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मध्यप्रदेश के सीएम से मांग करती है कि अपराधी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवायें।



मौके पर प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि पूरा देश देख रहा है कि भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी के माथा पर पेशाब कराया जा रहा है। यह कैसी विडंबना है भाजपा के आदिवासी नेताओं को डूब कर मर जाना चाहिए।

मंत्री बादल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता का आदिवासी युवक पर पेशाब करना पूरे देश को शर्मसार किया है। यह घटना भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित एवं अपमानित करने की चरम सीमा है।

विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता देश के आदिवासियों के साथ कैसा व्यवहार कर रहे हैं वो पूरा देश देख रहा है। आदिवासियों का अपमानित और प्रताड़ित किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

कार्यक्रम में रमा खलखो, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, विनय सिन्हा दीपू, डॉ एम तौसीफ, राजीव रंजन प्रसाद, सतीष पॉल मुंजनी, ईश्वर आनंद, सूर्यकांत शुक्ला, गजेंद्र सिंह, अजहर रब्बानी, नेली नाथन, राजेश सिन्हा सन्नी, अमरेंद्र सिंह, रामाकांत आनंद, सुरेन राम, उज्वल तिवारी, भानू प्रताप बड़ाईक, राजन वर्मा, सलीम खान, जगदीश साहु, निरंजन पासवान, राजू राम, अजय सिंह, अख्तर अली, गुलाम रब्बानी, उमर खान, राखी कौर, प्रियदर्शनी, नीतू देवी, रेश्मा परवीन, दिनेश लाल सिन्हा हबीबुल्लाह, दीपक राम, राजीव प्रकाश चौधरी शामिल थे।

# यूसीसी के खिलाफ गोलबंद हो रहे आदिवासी संगठन

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** समान नागरिक संहिता के खिलाफ अब झारखंड के आदिवासी संगठन गोलबंद हो रहे हैं। इस क्रम में बुधवार को आदिवासी समन्वय समिति के बैनर तले विभिन्न आदिवासी संगठन और सामाजिक नेताओं इसके खिलाफ राजभवन मार्च किया और धरना दिया। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कि इस कानून के दायरे से झारखंड के जनजातीय समुदाय को अलग रखा जाए, नहीं तो इसे यहां लागू होने नहीं देंगे। इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। कार्यक्रम की माध्यम से कहा गया कि इस देश में लगभग 10.4 करोड़ आदिवासी रहते हैं। झारखंड में ही 32 प्रकार के अनुसूचित जनजाति पाए जाते हैं। इन सभी जनजातियों के अपने रीति रिवाज, परम्परा और अनूठे प्रथागत कानून हैं, आदिवासियों के प्रथागत कानून यूसीसी के आने से गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। जनजातियों को उनके अलग प्रथागत कानूनों के कारण हिंदू कानूनों से मुक्त रखा गया है परंतु यूसीसी लागू होने पर और प्रथागत कानूनों के अभाव में उन्हें हिंदू माना जाएगा। झारखंड में बहुसंख्यक अनुसूचित जनजाति समाज पितृ सत्तात्मक है, वह विरासत और उत्तराधिकार कानून में भी लागू होती है। प्रदर्शन के बाद एक ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा गया। प्रदर्शन के मुख्य समन्वयक देवकुमार धान थे।

कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ चांपिया, आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, आदिवासी रक्षा मंच के मुख्य संयोजक लक्ष्मीनारायण मुंडा, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, रामचंद्र उरांव, सुनील फकीरा, कुदरसी मुंडा, नारायण उरांव, निरंजना हेरेंज, दयामनी बारला, दखिन किस्कू यदुनाथ तियू, दामोदर हंसदा, शयाम सुन्दर करमाली, सवना मुंडा महावीर लोहरा जलेश्वर उरांव, मुंशी मुंडा सुधीर किस्कु सैकड़ों की संख्या में आदिवासी शामिल थे।

# हिंसा मामले में रांची पुलिस ने एक को किया गिरफ्तार, 40 का मांगा वारंट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 10 जून 2022 को रांची में जुमे की नमाज के बाद हिंसा के मामले में अमन मंसूरी नाम के एक आरोपी को डेली मार्केट थाना की पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। रांची पुलिस की टीम ने बुधवार को छापेमारी करते हुए अमन मंसूरी को हिंदपीढ़ी से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी पत्थरबाजी की घटना में शामिल था। इस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में रांची पुलिस छापेमारी कर रही है।

इधर रांची पुलिस ने 40 आरोपियों का वारंट मांगा है। जिनका वारंट मांगा है उनमें मो. बिलाल, मो. आरिफ खान उर्फ रिंकु, मो. शकील उर्फ कारू, मो. मुन्ना उर्फ मो. मोजाहिद, मो. शदाब उर्फ लाला, मो. मोनू, मो. अमीर वसीम, आयुब राजा खान उर्फ राजा खान, मो. समीम उर्फ सन्नी,मो. शमीम गददी, मो. साहिल उर्फ राधे राजू, मो महताब आलम, मो. गुफरान, मो. फहीम खान उर्फ मुन्ना, मो. हैदर अली,मो कमालुदीन उर्फ विक्की, मो. मेराज गद्दी उर्फ मेराज आबिदी,मो. नियाज,मो जलील,मो तौहिद मंसूरी उर्फ गोल्डेन,मो. फैजान, मो. सबीर आलम उर्फ सोनु, मो. अमन मंसुरी,सुलेमान सिद्दिकी, मो शहनवाज आलम उर्फ सोनु, मो सज्जाद उर्फ बब्लू, मो. शाहिद अख्तर उर्फ टिकलु, मो. संजर खान, मो. दानिश उर्फ बॉबी, मो. दानिश अख्तर, मो. अबु अजिमुशान उर्फ मो. अजीम,मो शद्दाब आलम शामिल हैं।

## खबर एक नजर में

### एडीजी रैंक में प्रोन्नत प्रिया दुबे सम्मानित



**रांची।** झारखंड कैडर की 1998 बैच की आईपीएस प्रिया दुबे को एडीजी रैंक में मंगलवार को प्रोन्नति मिलने के बाद झारखंड पुलिस मुख्यालय में बुधवार को डीजीपी अजय कुमार सिंह ने प्रिया दुबे को बैच लगा कर सम्मानित किया। प्रिया दुबे को प्रोन्नति देकर एडीजी प्रशिक्षण सह आधुनिकीकरण के पद पर पदस्थापित किया गया है। इस अवसर एडीजी मुरारी लाल मीणा, एडीजी मनोज कौशिक, आईजी अखिलेश झा, आईजी अमोल वेणुकांत होमकर, आईजी प्रभात कुमार, डीआइजी अनेप्पू विजयालक्ष्मी, सीआइडी एसपी कार्तिक एस समेत कई पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

### फुलमनी समेत चार को उम्रकैद की सजा

**रांची।** सिविल कोर्ट ने नंदकिशोर लोहरा की हत्या के दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने सभी दोषियों पर 5-5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माने की राशि मृतक के परिजनों को दी जायेगी। फुलमनी देवी, घाना लोहरा, नाथन लोहरा और समल लोहरा के खिलाफ सोनाहातू थाना में कांड संख्या 45/2018 दर्ज की गई थी। सिविल कोर्ट के अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने दोषियों के खिलाफ सजा का एलान किया है। बुधवार को राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक परमानंद यादव ने पक्ष रखा।

### छात्रा से मोबाइल छिनतई के आरोपी गिरफ्तार

रांची। नामकुम थाना पुलिस ने छात्रा सुशीला कुमारी से मोबाइल छिनतई के चार आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ़्तार आरोपियों में क्रमशः संजीव कुमार, समीर कुमार के साथ दो निरूद्ध शामिल हैं। पुलिस ने इनलोगों के पास से छीनी गई पांच मोबाइल भी जब्त किया है। ग्रामीण एसपी मो नौशाद आलम ने बताया कि उक्त सभी आरोपी अंधेरा होने पर महिलाओं व युवतियों से सुनसान स्थान पर मोबाइल छीनते थे।

### आज से ग्लैम फैशन एडं लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी



**रांची।** जेसीआई के द्वारा आयोजित रांची क्लब में चल रहे दो दिवसीय एंड ग्लैम फैशन एंड लाइफ स्टाइल एग्जीबिशन मेला का उद्घाटन मंगलवार को बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद ने किया। इस दौरान उन्होंने मेला में लगे सभी स्टॉल का भ्रमण किया साथ ही जेसीआई के द्वारा इस तरह के किए जा रहे कार्यों की सराहना की और जेसीआई को आश्वस्त किया कि भविष्य में कभी भी जेसीआई एवं उनके सदस्यों को किसी भी प्रकार का हमारी जरूरत पड़ेगी तो मैं हमेशा आप लोगों के साथ खड़ी रहूंगी। मौके पर जेसीआई की अध्यक्ष अनिता अग्रवाल सचिव प्रीती बाग्ला, पूर्व अध्यक्ष राखी जैन, वृंदा अग्रवाल, अर्चना मुरारका, पल्लबी साबू, दीप्ति बजाज, आभा भंडारी, राखी गंगवाल जैन, विनीता चितलांगिया, निधि सर्राफ, पूजा केसरी, श्वेता अग्रवाल, प्रीती मेहता, प्रियंका मारू, निधि बियानी, इशा खन्ना, निमिशा धानुका सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## सीसीएल के प्रभारी सीएमडी रेड्डी ने की समीक्षा, कहा

# कंपनी इस वित्त वर्ष भी अपना निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करेगी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** सीसीएल मुख्यालय में नवनियुक्त प्रभारी सीएमडी डॉ बी वीरा रेड्डी ने कंपनी के कार्य निष्पादन की समीक्षा बुधवार को की। उन्होंने उत्पादन, प्रेषण, कार्य-निष्पादन इत्यादि से संबंधित जानकारी हासिल की। डॉ रेड्डी ने सीसीएल के विगत वित्त वर्ष के प्रदर्शन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कंपनी निश्चित रूप से इस वित्तीय वर्ष में भी अपना निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने में सफल होगी। उन्होंने कर्मियो से एक टीम की तरह कार्य करने पर बल दिया।

इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) बी साईराम, मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, क्षेत्रीय महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

इससे पहले सीसीएल मुख्यालय में डॉ रेड्डी का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। जानकारी हो कि डॉ रेड्डी कोल इंडिया के निदेशक तकनीकी हैं। पीएम प्रसाद के कोल इंडिया चेयरमैन बनने पर उन्हें सीसीएल सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# जन्म-मृत्यु निबंधन के लिए 14 जुलाई से 14 अगस्त तक चलाया जायेगा विशेष अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त-सह- जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) रांची की अध्यक्षता में बुधवार को जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक चलाये जाने वाले जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित विशेष अभियान को लेकर था। मौके पर उपायुक्त ने शहरी एवं ग्रामीण स्तर पर पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कर लोगों को जन्म-मृत्यु निबंधन के प्रति जागरूक करने का भी निर्देश दिया। विशेष रूप से कोविड-19 अवधि के दौरान अन्य जिलों एवं राज्यों में हुई मृत्यु की स्थिति में मृतकों का निबंधन नहीं हो सका था, ऐसे मृतकों को चिन्हित कर उनका निबंधन कर उनके परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत करने को कहा है। उन्होंने अभियान को सफल बनाने के लिए रजिस्ट्रार स्तर से लेकर पंचायत सेवक स्तर तक के सभी आवेदनों की जांच के बाद निबंधन करने को कहा ताकि जनगणना के लिए शुद्ध आंकड़े उपलब्ध कराया जा सके। कार्यशाला में अपर समाहर्त्ता रांची, अपर समाहर्त्ता (नक्सल), जिला सांख्यिकी पदाधिकारी-सह-अपर जिला रजिस्ट्रार सहायक निदेशक, जनगणना कार्य निदेशालय, भारत सरकार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, रांची प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शामिल थे।

## डीसी ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**रांची।** उपायुक्त-सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने बुधवार को बिरसा मुण्डा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में उपायुक्त ने ईवीएम वेयर हाउस खोलकर आंतरिक व्यवस्था, ईवीएम के रख-रखाव समेत अन्य मानकों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने ईवीएम के रख-रखाव से संबंधित भारत निर्वाचन आयोग के निदेशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची मेरी मड़की को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए प्रतिवेदन राज्य निर्वाचन विभाग को भेजने को कहा। आपको जानकारी हो कि समय-समय पर इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण कर रख-रखाव एवं तकनीकी उपकरणों की स्थिति से संबंधित रिपोर्ट राज्य निर्वाचन विभाग को समर्पित करना होता है। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की ड्यूटी पर लगे पदाधिकारी/कर्मचारी भी उपस्थित थे।

## खरीफ फसल संबंधी गतिविधियां और केंद्र सरकार प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन की समीक्षा

# 20 से 25 जुलाई तक मानसून की स्थिति के अनुसार खरीफ फसल नीति का होगा निर्धारण : केंद्रीय हॉर्टिकल्चर आयुक्त

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** केंद्र सरकार के हॉर्टिकल्चर कमिश्नर डॉक्टर प्रभात कुमार और राज्य सरकार के कृषि विभाग के सचिव और अन्य पदाधिकारियों के साथ बुधवार को बैठक आयोजित की गई। मौके पर झारखंड में खरीफ फसल की बुआई की प्रगति के साथ-साथ सूखे से निपटने की तैयारी और खरीफ फसल संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गई। इसके अलावा कृषि क्षेत्र में केंद्र सरकार द्वारा प्रायोजित विभिन्न योजनाओं और केंद्रीय क्षेत्र की परियोजनाओं के कार्यान्वयन का पुनरावलोकन किया गया।

बैठक के दौरान, राज्य के कृषि सचिव और निदेशक अबू बकर सिद्दिक और चंदन कुमार की ओर से प्रस्तुति दी गयी। उन्होंने राज्य में सूखे से निपटने की तैयारी के लिए किये जा रहे उपायों का भी उल्लेख किया। इस बात की भी स्वीकृत अभिव्यक्ति रही कि सूखे से निपटने की तैयारी के लिए केंद्र सरकार के सभी निर्देश सरकार को प्राप्त हो गए हैं और उसी के तहत योजना बनाई जा रही है तथा जरुरत के अनुसार समय-समय पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

केंद्रीय हॉर्टिकल्चर आयुक्त डॉक्टर प्रभात कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव एक चिंता का कारण है और इसका सीधा प्रभाव कृषि पर पड़ता है। उन्होंने बताया कि कृषि अगर प्रभावित होगी तो किसान और पूरा देश प्रभावित होगा। समीक्षा बैठक में खरीफ फसल की बुआई को लेकर राज्य सरकार की तैयारी क्या है इसे लेकर चर्चा हुई। साथ ही सिंचाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था क्या हो सकती है उसपर मंथन किया गया। उन्होंने बताया की 20 से 25 जुलाई तक मानसून की स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। अगर मानसून अनुकूल रहता है तो बेहतर है लेकिन प्रतिकूल होने की स्थिति में राज्य में जल के स्त्रोतों की क्या स्थिति है, उसपर समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि श्रीअन्न योजना पर केंद्र सरकार काम कर रही है और झारखंड में भी इस योजना पर काम किया जा रहा है। यह योजना सुखाड़ की स्थिति में विकल्प के रूप में लागू की जाएगी।

डॉक्टर प्रभात कुमार ने बीज वितरण में झारखंड सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि राज्य में किसानों को 50 प्रतिशत बीज वितरण किया जा चुका है और काफी पारदर्शिता के साथ ब्लॉक चेन के माध्यम से वितरण किया जा रहा है। यह एक बेहतर उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कवरेज में भिन्नता है लेकिन राज्य में बेहतर नीतियों की वजह से इसमें सुधार दिखाई दे रहा है।

केंद्र की योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि योजनाओं को प्रभावशाली बनाने की दिशा में आगे बढ़ें और किसानों की आर्थिक समृद्धि का रास्ता अपनाएं। उन्होंने कहा कि केंद्र ने कृषि से जुड़ी योजनाओं में कई बदलाव किए हैं, नीतियों को शिथिल किया गया है, जो किसानों के हित में हैं।

**खरीफ फसल की तैयारी पूरी कर ली गई है कृषि सचिव :** झारखंड सरकार में कृषि विभाग के सचिव अबू बकर सिद्धिक ने कहा कि राज्य में खरीफ फसल की बुआई शुरू की जा चुकी है। इसके लिए विभाग ने सभी स्तर पर तैयारी कर ली हैं। समीक्षा बैठक के संबंध में उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से अपेक्षित सहयोग की विस्तृत चर्चा हुई है।

बैठक में मुख्य रूप से निबंधक कृषि विभाग मृत्युंजय वर्णवाल, मार्केटिंग बोर्ड के एमडी कमलेश्वर प्रसाद सिंह, हॉर्टिकल्चर निदेशक निसार अहमद, कृषि निदेशक चंदन कुमार, विशेष सचिव प्रदीप हजारे,मत्स्य निदेशक एच एन द्विवेदी, सॉयल कंजर्वेशन निदेशक अजय कुमार, ऑफाज के सीईओ अशोक सिन्हा, समिति निदेशक विकास कुमार सहित मौसम विभाग और हॉर्टिकल्चर विभाग के पदाधिकारी उपाथित थे।

# सीएमपीडीआइ की प्रयोगशाला को एनएबीएल से मिली मान्यता

### कैलिब्रेशन लेबोरेट्रोरिज और जैविक परीक्षण का किया गया मूल्यांकन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएमपीडीआई के आसनसोल स्थित क्षेत्रीय संस्थान-1 के पर्यावरण प्रयोगशाला को परीक्षण के विभिन्न क्षेत्रों में इसकी सुविधाओं के लिए मानक आईएसओ/आईईसी 17025 : 2017 टेस्टिंग एवं कैलिब्रेशन लेबोरेट्रोरिज की क्षमता के लिए सामान्य आवश्यकताएं के अनुसार मूल्यांकन किया गया। मान्यता प्रदान की गयी है। सीएमपीडीआई को जैविक परीक्षण सेवा मान्यता भी प्राप्त हुई है। इसके साथ ही सीएमपीडीआई ने अपने अधीन एक और परीक्षण सेवा जोड़ी ली है।

इस प्रयोगशाला में वायु गुणवत्ता मापदंडों यथा सल्फर डाय-आक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड, पीएम-10 एवं पीएम-2.5, ध्वनि स्तर माप, पानी की गुणवत्ता (सतह/प्रवाह/पेय/जमीन), जैसे पीएच, अमोनिकल नाइट्रोजन, सीओडी, बीओडी, कुल कठोरता, घुलनशील ऑक्सीजन, टीडीएस, टीएसएस, पानी में भारी धातुएं (लोहा, मैंगनीज, क्रोमियम, तांबा, जस्ता/जिंक) का रासायनिक परीक्षण एवं टोटल कोलीफॉर्म ऑर्गेनिज्म जैसे मापदंडों पर जैविक परीक्षण आवश्यकतानुसार किया जाता है।

सीएमपीडीआई के आसनसोल स्थित क्षेत्रीय संस्थान-1 के पर्यावरण प्रयोगशाला को पहली बार 2020 में एनएबीएल द्वारा मान्यता प्रदान की गयी थी। अब इसे मूल्यांकन के उपरांत वर्ष 2023 में फिर से मान्यता प्रदान की गयी है, जो 21 मई, 2025 तक वैध होगी। एनएबीएल मान्यता परीक्षण में सीएमपीडीआई की न केवल क्षमता स्थापित करती है, बल्कि कम्पनी द्वारा प्रदान की गई रिपोर्ट/कैलिब्रेशन सेवाओं के संबंध में ग्राहकों के बीच विश्वास और विश्वसनीयता भी बढ़ाती है।


# अब असिस्टेंट प्रोफेसर बनने को नेट, सेट और स्लेट की परीक्षा पास करना अनिवार्य

## पीएचडी भी मान्य, यूजीसी ने सहायक प्राध्यापकों की सीधी भर्ती के बदले नियम

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (यूजीसी) ने असिस्टेंट प्रोफेसर पद की नियुक्ति के नियम में बदलाव कर दिया है। यूजीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि सभी उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए सहायक प्रोफेसर के पद पर सीधी भर्ती के लिए न्यूनतम मानदंड तय हो गया है। यानी, अब उच्च शिक्षा संस्थानों में असिस्टेंट प्रोफेसर यानी सहायक प्राध्यापकों की सीधी भर्ती में नेट, सेट और स्लेट को न्यूनतम योग्यता मानंदड बनाते हुए अनिवार्य किया गया है।

यूजीसी के सचिव प्रो मनीष जोशी की ओर से इस संबंध में अधिसूचना 30 जून, 2023 की तारीख से जारी की गई है और नये नियमों को एक जुलाई, 2023 से ही प्रभावी तौर पर लागू किया गया है। वहीं, यूजीसी के चेयरमैन प्रोफेसर एम जगदीश कुमार ने ट्वीट कर बताया कि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक यानी असिस्टेंट प्रोफेसर बनने के लिए पीएचडी वैकल्पिक योग्यता मानदंड बना रहेगा।




**2021 वाले नियुक्ति से संबंधित बदलाव रद्द :** यूजीसी के नए नियमों के अनुसार, सभी उच्च शैक्षणिक संस्थानों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद के लिए मिनिमम क्राइटोरिया नेट, सेट और स्लेट हो गई है। वहीं साल 2021 में किए गए नियुक्ति से संबंधित बदलावों को भी रद्द कर दिया गया है।

### सीधे असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर दी जायेगी नौकरी

**जारी** अधिसूचना के मुताबिक असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए न्यूनतम योग्यता के रूप में नेट, सेट और स्लेट पास करना अनिवार्य रहेगा। इन परीक्षाओं को पास करने वाले उम्मीदवारों को सीधे असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नौकरी दी जाएगी।

# आदित्य साहु ने साई नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति को किया सम्मानित



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्यसभा सदस्य आदित्य प्रसाद साहु ने साई नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) एसपी अग्रवाल को बुधवार को सम्मानित किया। संपर्क से समर्थन अभियान के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कुलपति कक्ष में आदित्य प्रसाद साहु ने कुलपति प्रो अग्रवाल को शॉल और बुके एवं माला पहनाकर स्वागत और अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 वर्ष के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में आदित्य साहु ने मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो अग्रवाल को दी और कहा कि समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार कृत संकल्पित है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अग्रवाल ने सांसद के विश्वविद्यालय परिसर में आने पर आत्मीय स्वागत करते हुए उनके द्वारा किये गये कार्यो की प्रशंसा की। इस अवसर पर संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, ग्रामीण अमरनाथ चौधरी. नरेंद्र कुमार एवं श्री सौरभ उपस्थित थे।

# बालाजी मंदिर में 16वां वार्षिकोत्सव शुरू



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर में वृंदावन से जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज व उनके सहयोगी श्रीगोविन्द दास जी महाराज रांची पहुँच चुके हैं। ज्ञात हो कि श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मन्दिर के सोलहवें वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव अर्थात श्रीभगवान के विवाहोत्सव की तैयारी जोरों पर है।

मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राम अवतार नारसरिया ने कहा कि यह महोत्सव 07 जुलाई शुक्रवार से 09 जुलाई रविवार तक संपन्न होना है। कल्याण महोत्सव के सारे कार्यक्रम जगद्गुरू श्रीस्वामी जी के सान्निध्य में संपन्न होगा।

बुधवार को आराधना, आरती, स्तुति एवं नैवेद्य भोग के पश्चात मंदिर के कपाट खुलते ही भक्तों की भारी भीड़ हुई। सभी श्रद्धालु भगवान के दर्शन परिक्रमा करके जगद्गुरु रामानुजाचार्य श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज के वचनामृत का रसपान किया। कलकत्ता से आये हुए कारीगरों की एक टोली श्रीविनय धरणीधरका और विनोद भगत के निर्देशन में सजावट को कार्यरूप देने में लगी है। यह दिव्य सजावट मन्दिर से लेकर श्रीभगवान दास सत्संग हॉल में की जा रही है। महाराजश्री ने इनसब का निरिक्षण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोज रूइया, द्वारका अग्रवाल, सांवरमल बुधिया, रमेश वंका, प्रदीप नारसरिया एवं सुरेश अग्रवाल का सराहनीय योगदान है।

# डीपीएस रांची के मामले में हाइकोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर एवं पिछड़े वर्ग के बच्चों के लिए 25% सीटें आरक्षित होने के बावजूद डीपीएस, रांची द्वारा बच्चे का एडमिशन नहीं लेने मामले की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में प्रार्थी की ओर से लिखित बहस कोर्ट में प्रस्तुत की गई, जिसके बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया।

पिछली सुनवाई में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई थी। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की कोर्ट में मामले की सुनवाई हुई। मामले को लेकर अरबी रानी समेत 5 याचिका दाखिल की गई है। डीपीएस में नर्सरी कक्षा में एडमिशन के लिए अरबी रानी के आवेदन को जिला शिक्षा अधीक्षक रांची ने स्वीकार करते हुए उसके एडमिशन के लिए डीपीएस रांची को पत्र भेजा था। लेकिन डीपीएस, रांची ने उसका एडमिशन नहीं लिया। इसके बाद अरबी रानी, पिता राजेश कुमार महतो की ओर से हाइकोर्ट में याचिका दाखिल की गयी थी। प्रार्थी की ओर से कहा गया था जब निजी स्कूलों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत आर्थिक रूप से कमजोर और पिछड़े बच्चों के लिए एडमिशन की व्यवस्था है तो फिर उनका एडमिशन क्यों नहीं लिया गया। यह उनके अधिकारों का हनन है।

### आर्थिक रूप से कमजोर एवं पिछड़े वर्ग के बच्चों का एडमिशन नहीं लेने का मामला

# सुरक्षित ब्लड ट्रांसफ्यूजन के क्षेत्र में बड़ी छलांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नागरमल मोदी सेवा सदन में राज्य का पहला रिजनल ब्लड ट्रांसफ्यूजन सेंटर (आरबीटीसी) का ऑनलाइन उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि इसके बाद रक्त संबंधी कई समस्याओं का समाधान आसानी से हो पायेगा और राज्य के सुदूर क्षेत्रों में रहने वाली जनता को भी लाभ मिलेगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य की जनता को अच्छी स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। कार्यक्रम को विधायक राजेश कच्छप एवं रामचंद्र सिंह ने भी संबोधित किया।

मौके पर नागरमल मोदी सेवा सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया ने कहा कि आरबीटीसी अनेक नर्सिंग होम, अस्पतालों, एफआरयू और पीएचसी को रक्त एवं उसके अन्य घटक को तुरंत उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। ब्लड सेंटर की स्थापना वर्ष 2002 में हुई थी और वर्ष 2023 में यह क्षेत्रीय ब्लड ट्रांसफ्यूजन की मान्यता प्राप्त करने वाला झारखंड का पहला निजी ब्लड सेंटर बन गया है। सदन के मानद सचिव आशीष मोदी ने बताया कि दूरदराज के क्षेत्रों में जहां ब्लड ले जाने में काफी समय लगता है, इससे आने-जाने के समय और खर्च में बचत होगी। इसके साथ ही, जान जाने का खतरा भी बहुत हद तक टल जायेगा।

इस कार्यक्रम में सदन के अध्यक्ष अरुण छावछरिया, पूर्व अध्यक्ष अजय मारू, मानद सचिव आशीष मोदी, सहायक सचिव विजय शंकर साबू, ब्लड बैंक उपसमिति के चेयरमेन रमेश धरनीधरका, सदस्य आलोक तुलस्यान, प्रेम मितल तथा ब्लड बैंक के निदेशक एके झा, महाप्रबंधक आशा श्रेष्ठा सहित शहर के कई गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

# 17 सीआइटियंस का कैंपस प्लेसमेंट तीन को 9.15 लाख रुपये का पैकेज





खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** कैंब्रिज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीआइटी) के 17 विद्यार्थियों का कैंपस सेलेक्शन तीन अलग-अलग कंपनियों ने किया है। इनमें हिंदुस्तान यूनिलिवर लिमिटेड, साइकेम टेक्नोलॉजी प्रा. लि. एवं एएमजी टेक्नोलॉजीज कंपनी शामिल हैं। हिंदुस्तान यूनिलिवर लिमिटेड में चयनित तीन विद्यार्थियों भास्कर कुमार पाठक, नितेश कुमार व कुमारी भारती को सर्वाधिक 9.15 लाख रुपये का सालाना पैकेज मिलेगा। जबकि, एएमजी टेक्नोलॉजीज में सीएसइ ब्रांच की एक छात्रा मनीषा वर्मा का चयन 6 लाख रुपये के सालाना पैकेज पर किया गया है। वहीं, साइकेम टेक्नोलॉजी प्रा. लि. में 13 विद्यार्थियों का चयन ग्रेजुएट ट्रेनी इंजीनियर के पद पर किया गया है। उन्हें सालाना 3.5 लाख रुपये का पैकेज मिलेगा। संस्थान के टीएनपी प्रो इंचार्ज डॉ केपी दत्ता ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों की पोस्टिंग पेन इंडिया के तहत होगा। उधर, संस्थान के प्लेसमेंट कॉर्डिनेटर प्रो अंकित सिंह ने बताया कि इस माह कई अन्य प्रतिष्ठित कंपनिया प्लेसमेंट ड्राइव के लिए संस्थान में आयेंगी। सभी सफल विद्यार्थियों को कैंब्रिज ट्रस्ट की चेयरपर्सन जानकी देवी व संस्थान के प्रभारी प्राचार्य अर्शद उस्मानी ने बधाई दी है।

# किसी भी देश, राज्य व समाज का गौरव उसकी कला-संस्कृति : कमलेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड प्रदेश कला संस्कृति एवं फिल्म विभाग के चेयरमैन भानू प्रताप बड़ाईक की अध्यक्षता में बुधवार को प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों की विस्तारीत बैठक पुराना विधानसभा सभागार धुर्वा में हुई। इसका संचालन कांग्रेस कला संस्कृति विभाग के प्रदेश महासचिव राज मौर्या ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश एवं रांची के पूर्व मेयर सह अखिल भारतीय कांग्रेस के सदस्य रमा खलखो उपस्थिति थीं। पूर्व मंत्री सह झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने संगठन की मजबूती को लेकर अपने विचार रखे। कहा कि किसी भी देश, राज्य व समाज का गौरव उसकी कला-संस्कृति होती है। इस मायने में हमारे झारखंड राज्य की कला-संस्कृति काफी समृद्ध एवं आकर्षक करने वाली है। यहां की आदिवासी संस्कृति अन्य संस्कृति से काफी भिन्न है। इस संस्कृति की मूल भावना को आत्मसात करने की जरूरत है, तभी हमारी संस्कृति का संरक्षण व संवर्धन संभव है। संस्कृति को संवारने और बचाने के लिए आदिवासी कलाकारों का काफी योगदान है।



पूर्व मेयर सह अखिल भारतीय कांग्रेस के सदस्य रमा खलखो ने कहा कि झारखंड को एक सूत्र में बांधने में यहां की कला एवं संस्कृति का अहम भुमिका है। झारखण्ड हर पर्व में लोग इस कला के माध्यम से अपनी खुशी जाहिर करते हैं। खूब नाचते-गाते हैं और आपसे भाईचारगी का संदेश देते हैं। वहीं, भानु प्रताप बड़ाईक ने कहा कि राज्य की कला-संस्कृति को संवारने एवं कलाकरों के हित में सरकार को सोंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के कलाकारों के हित में कलाकार कल्याण कोष का निर्माण कराया जाए, ताकि कलाकारों की आर्थिक सहायता, ऋण, अंशदान की सरल प्रक्रिया हो। जिला एवं प्रखंडों में सांस्कृतिक भवन का निर्माण हो, योग्य संगीत शिक्षकों के द्वारा झारखंड के पारंपारिक वाद्य यंत्र के साथ राग-रागिनी, नृत्य शैली के प्रशिक्षण कि व्यवस्था हो ताकि कला-सांस्कृति विलुप्त न हो, कलाकार आगे बढ़े एवं रोजगार से जुड़ी रहे। इन मांगों को लेकर चेयरमैन भानु प्रपात बड़ाईक ने कहा कि जल्द ही प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और राज्य के मुख्यमंत्री को सौपा जायेगा। बैठक के अंत में धन्यवाद ज्ञापान पंकज राज ने किया। मौके पर जीतु नायक, उमी कुमार, किशन लोहरा ,दिनेश देवा, विजय बड़ाईक, अलोक राज, रविकांत भगत,सफारूल हक, पप्पू खान, अनूप विनय तिग्गा, बिन्देश तिर्की, बिरसा बाबू, प्रदीप कुमार, राम दीवाना, मो. नदीम आरजू सिद्दिकी, अप्पू पाण्डेय, सहित प्रदेश एवं जिला कमिटी शामिल थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हुआ एमयूएन सम्मेलन का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची के सभागार में बुधवार को एमयूएन (मॉडल यूनाइटेड नेशन) सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसका विषय था - रूस और यूक्रेन के विवादों का समाधान और शांति की स्थापना। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट कर्नल पुष्कर कुमार झा (भूतपूर्व ट्रेनिंग प्रशिक्षक चेन्नई), निर्णायक विभूति भूषण विश्वास (सेंट्रल यूनिवर्सिटी रांची) और डॉ श्रेया पांडेय (संत जेवियर कॉलेज रांची), एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता, उप प्राचार्य केआर झा और जूनियर विंग इंचार्ज राज किशोर शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मॉडल ऑफ यूनाइटेड नेशन सम्मेलन के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसमें अध्यक्ष की भूमिका में कक्षा 12वीं की छात्रा विशाखा कुमारी और उपाध्यक्ष की भूमिका में स्वास्तिका पांडेय थीं। इस कार्यक्रम में शहर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों ने अलग-अलग देशों के प्रतिनिधि के रूप में हिस्सा लिया।

# हमारा समाज रूढ़िवादिता से निकलकर बहुत आगे बढ़ा : सुमन पाठक

## रांची के अग्रसेन भवन में 24वें तीन दिवसीय सावन महोत्सव का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अग्रवाल सभा रांची की महिला समिति शाखा के तत्वाधान में 24वां तीन दिवसीय सावन महोत्सव सह हस्तशिल्प कला प्रदर्शनी मेला का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन भवन रांची में हुआ। सावन महोत्सव का उद्घाटनकर्ता श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची की उपनिदेशक सुमन पाठक, मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि साईं नाथ विश्वविद्यालय रांची के कुलपति प्रो एसपी अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने श्री गणेश जी के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर की तथा उर्मिला पाड़िया ने गणेश वंदना की।



सुमन पाठक ने महिलाओं के सशक्तिकरण को देखते हुए उनकी काफी सराहना की और कहा कि हमारा समाज रूढ़िवादिता से निकलकर बहुत आगे बढ़ गया है। घुंघट में रहने और देहरी से बाहर कदम न निकालने की बातें अब ऐतिहासिक लगने लगी है।

एसपी अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल समाज जितनी सेवा भाव मे अग्रसर है उन्हें और दूसरे क्षेत्रों में भी साथ ही सरकारी क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि महिलाएं बच्चों की अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य की देखभाल, रिश्तेदारी एवं समाजिक दायित्व के साथ-साथ आत्मनिर्भर होकर व्यवसायिक एवं सामाजिक कार्यों में भी अग्रणीय एवं बेहतर भूमिका निभा रही है। नीरा बथवाल ने कहीं की सावन महोत्सव अपने रजत जयंती वर्ष मे प्रवेश कर रही है। अग्रवाल सभा महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल ने कहा की प्रदर्शनी में 100 से भी ज्यादा स्टॉल लगाए गए हैं,मेले के दूसरे दिन महिलाओं द्वारा सावन सिंघाड़ा का भव्य आयोजन किया जाएगा। सभा द्वारा मेले के समापन में बेस्ट स्टॉल को पुरस्कृत किया जाएगा। सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने कहा कि मेले में तरह-तरह की नवीनतम डिजाइनो में रंग-बिरंगे वंदनवार, राखियां लड़कियों एवं महिलाओं के कलात्मक परिधान, सजावट के सामान श्रृंगार की सामग्री,हस्तशिल्प उत्पादों के अलावे लजीज व्यंजनों के स्टाल भी लगाए गए हैं। सावन मेले में सैकड़ों महिलाओं ने खूब खरीदारी की एवं लजीज व्यंजनों का लुफ्त उठाया। सावन महोत्सव के उद्घाटन सत्र में आए सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, महिला समिति की संयोजिका रूपा अग्रवाल, सावन महोत्सव की संयोजिका अलका सरावगी ने पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया ने की तथा कार्यक्रम का संचालन-मेले की संयोजिका अलका सरावगी ने एवं धन्यवाद-ज्ञापन मंत्री मनोज चौधरी ने किया। यह जानकारी अग्रवाल सभा के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी।

# जिस ग्रंथ का अध्ययन करें, उसके नाम की सार्थकता जाननी चाहिए : विभाश्री माता

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** हम जिस ग्रंथ का अध्ययन करे उस ग्रंथ के नाम की सार्थकता जाननी चाहिए जिसमे ज्ञान प्रकाशित होता है । ये बातें विभाश्री माता मंगलवार को जैन मंदिर में आयोजित शिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए कहीं उन्होंने ने तत्वार्थ सूत्र ग्रंथ के बारे मे बताया कि तत्वार्थ सूत्र यानि मोक्ष शास्त्र है - कोई भी व्याख्यान के समय अथवा पूछे जाने पर हम बता सके कि इस ग्रंथ का नाम तत्वार्थ सूत्र अथवा मोक्ष शास्त्र क्यों है। इस ग्रंथ मे सात तत्वों का वर्णन सूत्रों के रूप मे किया है, इसलिए इसका तत्वार्थ सूत्र सार्थक नाम है।



माताजी ने कहा कि मोक्ष प्राप्ति के लिए जिन तत्वों को जानना आवश्यक है उन सात तत्वों का कथन इस ग्रंथ मे होने से यह ग्रंथ मोक्ष प्राप्ति का साधन है। इसलिए इसे मोक्ष शास्त्र भी कहा जाता है। मोक्षमार्ग को जानने वाले या उसके प्रमुख जो मोक्षमार्ग का प्रवर्तक है, कर्मरूपी पर्वतों का भेदने वाला है और समस्त तत्त्वों को जानता है, उन्हें मैं उन गुणों की प्राप्ति के लिए नमस्कार करता हूं। सम्पूर्ण विश्व के तत्वों के ज्ञाता जिनेन्द्र देव को वंदन करते है। उन्हे सबसे पहले तत्व का ज्ञान होता है उसके बाद तत्व का चिंतन होता है फिर तत्व निर्णय होता है फिर तत्व का श्रद्धान होता है फिर तत्व का आचरण होता है उसके बाद तत्व की प्राप्ति होती है । जिन्होंने जगत की सिद्धियों को प्राप्त किया है जिन्होंने चारों आराधनाओ सम्यक दर्शन ,समय ज्ञान ,सम्यक चारित्र और सम्यक तप के फल को प्राप्त किया है ऐसे अरिहंत सिद्ध परमात्मा की मैं वंदना करता हूं । गृहस्थ अवस्था में तीर्थंकर कभी भी उपदेश नहीं देते और मुनि दीक्षा लेने के बाद भी मौन धारण कर लेते हैं । जब केवल ज्ञान प्रकट हो जाता है तब दिव्य ध्वनि के द्वारा वे धर्म उपदेश देते हैं।

स्पीड न्यूज

## कांके में भाजपा का महाजनसंपर्क अभियान



**कांके।** भाजपा के महा जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत समर्थन अभियान कार्यक्रम प्रभारी सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल महतो टाईगर के नेतृत्व में कांके क्षेत्र के वरिष्ठ और विशिष्ट व्यक्ति व क्षेत्र के सम्मानित लोगो को उनके आवास जाकर राज्य सभा सांसद प्रो आदित्य प्रसाद साहू ने उन्हें सम्मानित किया बिरसा एग्रीकल्चर के कुलपति ओमकार नाथ सिंह, प्रो दिनेश कुमार रुशिया बसंत उराँव मुखिया सोमा उराँव राजेंद्र नाथ सहदेव किशुन कुमार महतो रामेश्वर महतो गिरजाशंकर पांडेय सुनीता तिर्की चुनिन्दर महतो निरंजन कुमार अतीत कुमार मुख्य रूप से शामिल है। इस महा जनसंपर्क अभियान में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, इम्तियाज अंसारी, बनिता मेहता, संगीता प्रजापति, शिव कुमार, हरे कृष्णा महतो, दीपक कुमार, प्रभात भूषण , साथ मे उपस्थित थे।

## ऑटो व बाइक में टक्कर दो घायल



**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर ब्लॉक क्वाटर के समीप बुधवार की अपराह्न लगभग चार बजे सवारी ऑटो व बाइक की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में 18 वर्षीय बादल उरांव पिता बिरसा उरांव व 18 वर्षीय अजय मुंडा पिता विष्णु मुंडा दोनों ईंटा चिन्द्री निवासी है। जिन्हें स्थानीय लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया।जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों युवक को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घायल बादल ने बताया कि आधार कार्ड सुधार कर अपने घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान सामने की और से आ रही तेज रफ्तार ऑटो ने सीधे टक्कर मार दिया जिससे हम दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये।

## योजनाओं का लाभ लाभुकों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें : इमानुएल



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित परिवारों के बीच वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम छमाही में सरकार से प्राप्त धोती साड़ी लुंगी वितरण करने के लिए उपलब्ध कराया गया। लापुंग प्रखंड मुख्यालय परिसर में प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव, प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा, विधायक प्रतिनिधि सुदामा महली तथा प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी ने विनोद नारायण झा ने संयुक्त रूप से जिला से प्राप्त धोती साड़ी लुंगी का वितरण जन वितरण प्रणाली के दुकानदारों के बीच किया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कहा कि जन वितरण प्रणाली दुकानदार अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ लाभुकों तक पहुंचे यह सुनिश्चित करें। वहीं प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने कहा कि सरकार गरीबों के प्रति अपनी जिम्मेदारी तथा अपनी प्रतिबद्धता दिखा रही है। हमें भी गरीब आदिवासी, दलित एवं पिछड़े वर्ग का ख्याल रखना चाहिए। वही प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी विनोद नारायण झा ने कहा कि सरकार गरीबों की मूलभूत आवश्यकता जिसमें साड़ी धोती और लूंगी शामिल है उन्हें लाभुकों तक पहुंचे यह सुनिश्चित करना और सरकार की दूसरी अन्य योजनाओं को भी शत प्रतिशत लागू करने के लिए हम सभी को संकल्प लेने की जरूरत है। इस मौके पर जन वितरण प्रणाली के जयंत बारला, महावीर साहु सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

# प्रेमिका के घर प्रेमी का शव बरामद

## हत्या या आत्महत्या : मामला संदिग्ध, पुलिस कर रही जांच

खबर मन्त्र संवाददाता



मृत युवक रामबली बेदिया का फाइल फोटो।



रोती मृतक की पत्नी व उपस्थित महिलाएं।

**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के खीराबेड़ा चुटूपालू निवासी युवक रामबली बेदिया 26 वर्ष का शव रामगढ़ थाना क्षेत्र के दोहाकातु निवासी प्रेमिका के घर में फांसी में झुलता पाया गया है। युवक विवाहित था और उसके सात व पांच वर्ष की दो बेटी है। मृतक की पत्नी रीता देवी द्वारा युवती के जीजा, भाई व पिता के खिलाफ हत्या का आरोप लगाते हुए रामगढ़ थाना में मामला दर्ज कराई गई है। वहीं पुलिस द्वारा तीनो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है मामले की छानबिन की जा रही है। बताया गया कि युवक खिराबेड़ा के क्रेशर में मुंसी था और ट्रेक्टर भी चलाता था। वहीं मजदूरी करने वाली युवती (रिस्ते में साली) से पिछले एक वर्ष से प्रेम संबंध था। जब युवती गर्भवती हो गइ तो युवक ने उसे दो जुलाई को रामगढ़ स्थित झारखंड हॉस्पिटल में ले जाकर ऑपरेशन करा दिया। जिसकी जानकारी होने पर चार जुलाई को युवती के जीजा व चचेरा भाई युवक के घर पहुंचे और युवक को अपने साथ दोहाकातु ले गए। युवक के साथ अनहोनी की आशंका होने पर पत्नी रीता देवी व रिस्तेदार पिछे-पिछे गए। वहीं पर दोनो पक्ष द्वारा समस्या को लेकर बातचित हो रही थी। वहीं युवक को डांट फटकार कर युवती से विवाह करने के लिए भी बोला जा रहा था। तभी युवक युवती के घर के अंदर गया और युवती के ही दुपटे से फांसी लगा लिया। वहीं उपस्थित युवक के स्वजनों ने आनफान में उसे फंदे से उतार सदर हॉस्पिटल रामगढ़ ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसकी मौत की पुष्टि कर दी।

युवक के घर अक्सर आता था युवक-युवती की मां नही है और पिता कोयंबटुर चेनई में मजदूरी करता है। वहीं युवती अपने दादी के साथ रहती थी। दादी सुनने व देखने में लाचार है। युवती के पिता भी चार जुलाई को चेनई आ गया। घर के पास लोगों की भिड़ लगी देख पिता को लगा उसकी बेटी के साथ ही कुछ अनहोनी हो गई है। बाद में घटना की जानाकरी होने पर रामगढ़ थाना पुलिस पहुंची और युवती के जीजा व चचेरे भाई के साथ पिता को भी गिरफ्तार कर थाना ले गई।

युवती सात माह की गर्भवती थी- अधार कार्ड के अनुसार युवती नाबालिग है। उसका ऑपरेशन झारखंड हॉस्पिटल रामगढ़ में किया गया है। इसकी जानाकरी खूद युवती व उसके परिजनों ने दी और बताया कि ऑपरेशन के बाद हॉस्पिटल से दवा व कागजात नही दिया गया था। हलाकि झारखंड हॉस्पिटल के संचालक पियुष कुमार ने युवती का हॉस्पिटल में ऑपरेषन करने की बात से इंकार किया है।

## अनगड़ा में महिला का शव जंगल से बरामद

**अनगड़ा।** थाना क्षेत्र के डूमरगढ़ी जंगल से पुलिस ने मंगलवार की शाम एक महिला का शव बरामद किया है। महिला की पहचान सुमित्रा देवी 42 वर्ष पति नकूल मुन्डा के रूप मे की गयी है । वह डूमरगढ़ी गांव की रहने वाली बतायी गयी है। उसके पति ने बताया कि वह सोमवार को एक छेका पार्टी में गया हुआ था। पत्नी सुमित्रा देवी शाम करीब चार बजे घर से कुछ दूर कूललाता जंगल अपने पेड़ पर लगाए गए लाह का देख भाल करने गयी थी। इसी बीच अज्ञात अपराधियों ने उसी की दावली से चेहरा हांथ पांव में बेरहमी से कई प्रहार कर उसकी हत्या कर दी। बताया गया कि महिला अपने हांथ में दावली पकड़ कर निकली थी। पुलिस ने शव को बरामद कर मंगलवार को ही पोस्टमार्टम हेतु रिम्स भेज दिया। किस कारण महिला की हत्या की गयी उसका खुलासा अभी नहीं हो पाया है। अनगड़ा पुलिस मामले की छान बीन करने में जुट गयी है।

## अंधविश्वास से होने वाली घटनाओं पर पुलिस सख्त

सिमलिया में चलाया गया जागरूकता अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** राज्य में अंधविश्वास की वजह से आये दिन होने वाली घटनाओं को लेकर पुलिस सख्त हो गयी है। सीनियर एसपी कौशल किशोर के निर्देश पर सिमलिया के नयांटोली में अभियान चलाया गया। थानेदार सपन महथा की अगुआई में ग्रामीणों की सभा हुयी। इसमें पंचायत की मुखिया फुलमनी देवी समेत अन्य प्रतिनिधियों का साथ मिला। समाज के प्रबुद्ध जन भी आगे आये। सभी ने समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ एकजुटता दिखायी। मुखिया ने कहा कि अशिक्षा के कारण रूढ़िवादी विचार और गलत धारणाओं से लोग ग्रसित हैं। इसके लिये उन्होंने सामाजिक सरोकार से ताल्लुक रखने वालों से आगे आने और शैक्षणिक माहौल बनाने पर जोर दिया। अवर निरीक्षक चमरा मिंज व संजय उरांव ने भी अपनी बातें रखी।

**यहां भी चलेंगे अभियान**

महथा ने पत्रकारों को बताया कि यह अभियान क्षेत्र के बाजपुर, तिगरा, मलमाडू, पुरियो, परहेपाट, कन्नौज, पाली, चितरकोटा बड़काटोली, चितरकोटा छोटका टोली, बेलांगी, मुरगू, मखमंदरो, काटू, लहना, गुडू, हेहल, पश्चिम तारूप, फेटा व चिलदाग आदि गांवों में भी अभियान चलाये जायेंगे।

एक नजर में

## किसानों के बीच हुआ बीज का वितरण



**ठाकुरगांव।** बुढ़मू किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड के तत्वाधान में बुधवार को बुढ़मू प्रखंड के गेसवे गांव में किसानों के बीच बीज वितरण किया गया। बीज वितरण मुख्य अतिथि सांसद संजय सेठ, विधायक समरीलाल, जिप सदस्य मनोज वाजपेयी ने किया। मौके पर सांसद ने कहा कि मोटे अनाज से मिट्टी तथा मनुष्य का स्वास्थ्य में भी लाभ मिलता है। वहीं विधायक ने किसान उत्पादक समिति को हरसंभव सहायता का भरोसा दिया। मौके पर अतिथियों ने किसानों के बीच रागी तथा फूलगोभी के बीज का वितरण किया। साथ ही किसानों के बीच केसीसी कार्ड का भी वितरण किया गया। मौके पर मंडल भाजपा अध्यक्ष उतपल शाहदेव, बिंटू शाहदेव,सांसद प्रतिनिधि मनोज गुप्ता, जयकुमार कुशवाहा, परन महतो, राजू सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह को लेकर बैठक



**मांडर।** प्रखंड मुख्यालय सभागार में बुधवार को झारखंड सरकार समन्वय समिति के सदस्य एवं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा प्रखंड में ग्रामीण मेघा सम्मान समारोह का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों बच्चियों प्रोत्साहन करना है, इससे बच्चे बच्चियों उत्साहित होकर और मन लगाकर पढ़ेंगे इस ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह में प्रखंड टोपर के पहला दूसरा तीसरा पंचायत टॉपर के पहला दूसरा तीसरा स्कूल टॉपर के पहला दूसरा तीसरा एवं प्रथम श्रेणी के सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान समारोह बीआरसी मैदान सोसाइ आश्रम में दिनांक 15. जुलाई को किया जाएगा। इस अवसर पर प्रखंड सुलेमान मुंडरी, विजय हेमराज खलखो, होसे उरांव, अमानत अंसारी, बेलास टोप्पो व अन्य उपस्थित थे।

## इटकी में टाई-अप सेवा कैंप आयोजित



**इटकी।** यूनियन बैंक इटकी शाखा द्वारा बुधवार को मंडी टाई-अप सेवा कैम्प का आयोजन किया गया। उदघाटन बैंक के जोनल अधिकारी राजीव रंजन व बिपिन बिहारी ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर बैंक से जुड़े 56 व्यवसायियों को क्यू-आर कोड दिये गये। इसके अलावा 50 केसीसी ऋण सहित अन्य ऋण के आवेदनों की स्वीकृति प्रदान की गयी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय के रोबिन आई लकड़ा, रीना देवी,निर्मला भेंगरा, रोबाब, निधि, देवेंद्र महतो, सुजाता सोनी व रईस मल्लिक सहित अन्य शामिल थे।

## केंद्रीय अस्पताल डकरा की चिकित्सा प्रणाली चौपट : एकता मंच

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** एनके एरिया के द्वारा संचालित स्कूल बस जो बीते सोमवार को बच्चों को स्कूल ले जाने के क्रम में बस का टायर फटने से बस के अंदर बैठे चार विद्यार्थी घायल हो गए थे। उन घायल बच्चों को डकरा सेंट्रल अस्पताल के चिकित्सकों ने खतरे से बाहर बताते हुये छुट्टी दे दिया गया था। उन्ही चार घायल बच्चों में से विद्यार्थी शिवम कुमार सिंह पिता अनिल सिंह धमधममिया निवासी के बच्चे का हालत उसी रात्रि खराब होने लगा। इसकी सूचना एकता मंच के सदस्य पश्चिमी जिला परिषद सरस्वती देवी को मिलने पर एकता मंच के सदस्यों के साथ घायल बच्चे का घर पहुंचे। देखा कि चोटिल हुआ बच्चा दर्द से तड़प रहा था। जिसे मंच के द्वारा एंबुलेंस बुलाकर घायल बच्चे के साथ जिला परिषद बैठकर प्राइवे एक्सरे स्थान में ले जाया गया। जहाँ पर एक्सरे में घायल बच्चे का पैर की हड्डी फ्रैक्चर निकला। जिसके बाद डकरा सेंट्रल हॉस्पिटल के चिकित्सक प्राइवेट एक्सरे रिपोर्ट को नकारते हुए बच्चे को गांधीनगर हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया।

घटना के बाद जिला परिसद सदस्य ने सेंट्रल डकरा हॉस्पिटल के चिकित्सकों व हॉस्पिटल प्रबंधन अथवा एनके जीएम पर लापरवाही बरतने आरोप लगाया। जिला परिषद सरस्वती देवी ने कहा कि सीसीएल की लापरवाही से मासूम बच्चे तड़पते रहे और चिकित्सक देख कर दे दिए छुट्टी। ऐसा व्यवस्था रहने से एनके एरिया के मरीजो को जान गवानी पड़ सकती है। इससे साफ झलकता है कि सेंट्रल अस्पताल का लापरवाही है।

## मृतक के स्वजनों से मिले सीओ



**बेड़ो।** बेडो प्रखंड़ के ईटा चिन्द्री गांव निवासी मृतक किसान शनि उरांव के स्वजनों से बुधवार को सीओ सुमंत तिर्की पंचायत के प्रतिनिधियो के साथ मिले। मौके पर सीओ ने मृत्यक के पत्नी झेबला उरांव, पुत्र सोमा उरांव व बहु गेदों उरांव को वज्रपात से हुई आकस्मिक मौत होने पर सरकार की ओर से मिलने वाली मुआवजा के प्रकिया के बारे में जानकारी दी। ज्ञात हो कि मंगलवार को शनि उरांव वज्रपात की चपेट में आने से मौत हो गई थी। मौके पर मुखिया अनिता बाडा व पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा मौजूद थे।

## 1 करोड़ 44 लाख की लागत की सड़क के निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**सोनाहातू।** प्रखंड के काशीडीह गांव में बुधवार को विधायक सुदेश महतो ने 1 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाली सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये। सड़क निर्माण आरईओ विभाग से किया जायेगा। इस अवसर पर विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जा रहा है। हर घर में पेयजल पहुँचाने की तैयारी किया जा रहा है। शिक्षा को लेकर वृहत तैयारी है। निः शुल्क बस सेवा, निशुल्क कोचिंग, स्मार्ट क्लास, निशुल्क लाइब्रेरी की व्यवस्था किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र में केजी से पीजी तक कि पढ़ाई शुरू कर दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में कई परिवर्तन किये जायेंगे। चिकित्सा और सिंचाई ओर कई कार्यक्रम चलाये जा रहे है। गांव के आचरण को बदल कर एकजुटता बनाये रखे, गांव विकसित होगा। मौके पर जयपाल सिंह, सुशील महतो, संजय महतो, श्याम महतो, रमेश सिंह मुंडा, लखिन्द्र महतो, करम सिंह महतो, कनीय अभियंता सुभाष मुंडा सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## विधायक ने की अभिभावक व बच्चों के साथ बैठक, पढ़ाई को लेकर चर्चा



**चान्हो।** प्रखंड के राजकीय कृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सोंस मे बुधवार को प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक एवं बच्चों के साथ बैठक विधायक शिल्पी नेहा तिर्की की अध्यक्षा में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विधायक ने बैठक मे सम्बोधन करते हुए शिक्षको से कहा आप वेतन के लिए और सिलेबस पुरा करने के लिए कोलम पुरा ना करे। औपचारिकता पुरा करने के कारण से पूरे सरकारी स्कूल का खराब हाल है। आप स्कूल के बच्चों को अपने बच्चे की तरह पढ़ाए, ताकि उसे अच्छी शिक्षा मिल सके। साथ ही अभिभावक से भी कहा, बच्चों को स्कूल मे डाल देने से आपका काम खत्म नही हो जाता है, बच्चों से पढ़ाई की जानकारी भी ले। विधायक ने अभिभावक से यह भी कहा कि आपके बच्चे गीली मिट्टी के सामान है, आप मिट्टी को जैसा रूप देंगे, वैसा मिट्टी अपने आप को रूप देगा। इसलिए अपने बच्चों को भी आप ध्यान दे। बैठक करने के उपरांत विधायक प्रबधन समिति सदस्य एवं टीचर के साथ बैठक कर स्कूल की समस्याओ के बारे विचार विमर्श किया। मौके पर पार्टी प्रखंड अध्यक्ष ईंशितयाक अंसारी, विधायक प्रतिनिधि इरशाद खान, अब्दुल्ला अंसारी, महादेव भगत, कार्यकर्ता एवं अन्य उपस्थित रहे।

## सोनाहातू में मासिक गुरु गोष्ठी संपन्न



**सोनाहातू।** प्रखंड स्थित संसाधन केंद्र में बुधवार को मासिक गुरु गोष्ठी संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीईईओ विमलकांत झा ने किया। उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय और प्राथमिक विद्यालय की गोष्ठी बारी - बारी से की गई। गोष्ठी में यू-डायस, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता, सावित्रीबाई फुले, शिशु पंजी, प्रयास कार्यक्रम, एफएलएन, स्कूल रुआर, एसए - 2 का परीक्षा फल का परिणाम, मध्याह्न भोजन योजना का मासिक रिपोर्ट आदि प्रतिवेदन प्रधान शिक्षकों ने जमा किए। वहीं, स्कूल में शत प्रतिशत नामांकन व ठहराव के लिए रुआर कार्यक्रम का प्रचार वाहन को हरि झंडी दिखाकर क्षेत्र में रवाना किया गया। इधर बीईईओ ने शिक्षकों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## बेड़ो से कांवरियों का दूसरा जत्था बाबाधाम व तारा पीठ के लिए रवाना

**बेड़ो।** महादानी कांवरिया संघ बेड़ो के बैनर तले बुधवार को 31 सदस्यीय महिला व बच्चों के कांवरियों का दूसरा जत्था बाबाधाम देवघर व तारा पीठ के लिए रवाना हो गया। इसके पूर्व कांवरियों ने महादानी बाबा की पूजा अर्चना व आराधना कर उनके दरबार में मत्था टेका। साथ ही क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना किया।

## बिक्की राम को कार में फर्जी नंबर लगाना पड़ा महंगा

रातू पुलिस ने किया गिरफ्तार, कार भी जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता













**रातू।** खलारी जेहलीटांड़ गुलजार बाग निवासी राजू राम के पुत्र बिक्की कुमार उर्फ बिक्की को अपनी कार में फर्जी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाकर चलना महंगा पड़ा। पुलिस ने बुधवार की शाम 5 बजे उसे काठीटांड़ रेडियो स्टेशन रोड स्थित होटल ताज के समीप से न केवल गिरफ्तार किया, बल्कि हुंडई कंपनी की सिल्वर कलर की बरना कार को भी जब्त कर लिया है। कार के अगले हिस्से में बोर्ड लगा है। उसमें विश्व हिंदू परिषद सह बजरंग दल खलारी प्रखंड सह मंत्री अंकित है। मामले को लेकर नगड़ी के मठटोली में रहने वाले 40 वर्षीय शराफत अंसारी ने बिक्की राम के खिलाफ रातू थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

**आरोपी ने गलती स्वीकारी**

आरोपी बिक्की ने थानेदार सपन महथा को बताया कि उसने गाड़ी दिल्ली से खरीदी है। एनओसी नहीं मिलने के कारण वह शराफत के कार की नंबर का इस्तेमाल कर रहा था। ताकि, पुलिस कहीं पकड़ न ले। उसने श्री महथा को बताया कि कोयले के अवैध कारोबार में वह पहले भी जेल जा चुका है।

**जानें क्या है मामला**

सूचक शराफत अंसारी के पास हुंडई कंपनी की हु-बहु यही कार है। कलर भी सिल्वर है। रजिस्ट्रेशन नंबर जेएच 01 एपी 9000 है। इसका उपयोग वह शादी-विवाह में करते हैं। परहेपाट के मो हकीम अंसारी उनके रिश्तेदार हैं। उन्होंने शराफत को बताया कि आपकी कार में जो नंबर है, सेम उसी नंबर की कार खलारी में है। इससे वह किसी अनहोनी को लेकर घबरा गये।


**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम-मनसा उरॉव, उम्र-55 वर्ष, रंग-गोरा, ऊँचाई-5 फीट, 3 ईंच

उपरोक्त लापता व्यक्ति मनसा उरॉव, पे0-स्व0 बंधना उरॉव, थाना-बेड़ो जिला-रॉची जो दिनांक-20.06.2023 को बगैर बताए कहीं चली गई जो आजतक अपने घर वापस नहीं आई है। जिसके संबंध में बेड़ो थाना सनहा सं0 10/23 दिनांक-10.06. 2023 दर्ज कर इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलती हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, बेडो, रॉची। -9431706144
थाना प्रभारी, बेडो, रॉची। -9431706193

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची

PR301429 (Police)23-24*D

**पुलिस अधीक्षक कार्यालय, खूँटी**

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

दिनांक-01.07.23 को ग्राम-उड़िकेल रेलवे पटरी के पोल सं0-KN NO-445/15-16 से एक अज्ञात महिला का शव, उम्र करीब 37 वर्ष, कद 5 फीट, रंग सांवला, बाल काला, पहनावा लाल छिटदार साड़ी, ब्लाउज लाल पहने हुए शव बरामद किया गया था, जिस संदर्भ में कर्रा थाना यू0डी0 काण्ड सं0-09/23, दिनांक-01.06.23 अंकित किया गया है। काफी खोजबीन किया लेकिन उक्त अज्ञात शव के विशय में कुछ भी पता नहीं चल पा रहा है।

अतः सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि उक्त अज्ञात महिला का शव, उम्र करीब 37 वर्ष, कद 5 फीट, रंग सांवला, बाल काला, पहनावा लाल छिटदार साड़ी, ब्लाउज लाल पहने हुए शव के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंम्ब सूचित करेंगें।

पुलिस अधीक्षक, खूँटी - 9431706116
थाना प्रभारी, कर्रा - 7717775996
डी0सी0बी0, शाखा, खूँटी-9771432186



पुलिस अधीक्षक, खूँटी

PR 301505 (Police)23-24*D

**कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण संख्या 04/2023-24

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :- जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
2. परिमाण विपत्र बिकी की तिथि एवं समय :-दिनांक 12/07/2023 एवं 13/07/2023(अपराह्न 2.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :- दिनांक 14/07/2023. को (अपराह्न 1.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 14/07/2023 को अपराह्न 2.00 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिकी का स्थान :- 1. कार्यालय जिला परिषद, गुमला। 2. सहायक अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :- कार्यालय जिला परिषद, गुमला।
7. कार्य का विस्तृत विवरणी मदवार :- DMFT/ अनाबद्ध मद

**कार्य की विवरणी**

| क0 | मद | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | DMFT | Construction of G.S Sheet Roofing Shed(Size 50'0"x30'0") and Deep Boring Tube Well | चैनपुर | 1408000.00 | 5000.00 | 28200.00 | 3 माह |
| 2 | DMFT | Construction of Drain with RCC Slab and Laying Paver Block, At -Library Campus, Chainpur | चैनपुर | 1863300.00 | 5000.00 | 37300.00 | 3 माह |
| 3 | Untied | Construction of Turf Wicket Ground, At - Telanga Khariya Cricket Stadium Gumla | गुमला | 1249800.00 | 2500.00 | 25000.00 | 3 माह |

1 भवन निर्माण विभाग झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित गुमला के संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे
2 निविदा की अन्य शर्तें कार्यालय जिला परिषद ,गुमला के सूचना पट् पर कार्यालय अवधि में देखा जा सकता है।
3 परिमाण विपत्र का मूल्य परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से होगा एवं अदायगी पर (जो लौटाया नहीं जायेगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से बैंक ड्राफ्ट ही बना हुआ ही मान्य होगा एंव बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
4. प्राक्कलन की राशि घट या बढ़ सकती है। तदनुसार अग्रधन की राशि घट या बढ़ सकती है।
5. जिन संवेदकों के द्वारा पुर्व में लिए गये कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है वैसे संवेदकों को परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
6. परिमाण विपत्र की बिक्री के साथ 2% अग्रधन की राशि का देना आवश्यक होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
7. निविदा मे 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि के अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक या बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। जो निम्न है
(1) 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि पर परिमाण विपत्र का 20% तथा
(2) 20 प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि पर परिमाण विपत्र का 30% अतिरिक्त जमानत की राशि देय होगा।

जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला।

PR 301510 Rural Development(23-24)D

# बेहतर झारखंड

बीते वित्त वर्ष 2022-23 में ज्यादातर बड़े राज्य पूंजीगत व्यय के अपने लक्ष्यों से बड़े अंतर से पिछड़ गए। एक विश्लेषण के अनुसार 2022-23 में कुल पूंजीगत व्यय 7.4 लाख करोड़ रुपये आंका गया था, लेकिन वास्तव में इसके मुकाबले सिर्फ 76.2 प्रतिशत या 5.71 लाख करोड़ रुपये ही खर्च हो सके। बैंक ऑफ बड़ौदा के अर्थशास्त्रियों की ओर से कराए गए विश्लेषण के अनुसार, सिर्फ चार राज्यों- कर्नाटक, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और बिहार का पूंजीगत व्यय उनके लक्ष्यों से ज्यादा रहा। इसके अलावा झारखंड और मध्य प्रदेश का पूंजीगत व्यय लक्ष्य के मुकाबले 98-98 प्रतिशत रहा। देश के 11 राज्यों ने 80 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर बेहतर प्रदर्शन किया। वित्त वर्ष 2020-21 में तय लक्ष्य के मुकाबले पूंजीगत व्यय 72 प्रतिशत था। इसके बाद 2021-22 में कोविड-19 महामारी के कारण यह बढ़कर 95 प्रतिशत हो गया। पूंजीगत व्यय का लक्ष्य से कम रह जाना इसलिए भी आश्चर्यजनक है क्योंकि केंद्र सरकार ने समीक्षाधीन वित्त वर्ष जरूरी धनराशि जारी कर दी थी।

वित्त वर्ष 2022-23 में खराब प्रदर्शन में सबसे आगे आंध्र प्रदेश रहा, जो लक्ष्य के मुकाबले सिर्फ 23.1 प्रतिशत या 6,917 करोड़ रुपये व्यय कर सका। इसके बाद हरियाणा ने 48.1 प्रतिशत और राजस्थान ने 50.2 प्रतिशत व्यय किया। आंकड़ों के अनुसार त्रिपुरा ने 5,285 करोड़ रुपये के बजट में सिर्फ 2,185 करोड़ रुपये या 41.3 प्रतिशत व्यय किए और नगालैंड ने 16,650 करोड़ रुपये में से 7,936 करोड़ रुपये या 47.7 प्रतिशत व्यय किए। महाराष्ट्र ने तय लक्ष्य का 72.4 प्रतिशत, केरल ने 69.4 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश ने 69 प्रतिशत राशि खर्च की। राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव और सीएम हेमंत सोरेन की बुद्धिमता पूर्ण निर्णय से ही संभव हो सका है।

# मानसून की कसक

आज भी मानसून अन्न उत्पादन की धुरी है। यही वजह है कि भारतीय साहित्य वर्षा ऋतु के गुणगान से पुष्पित-पल्लवित रहा है। लेकिन हाल के वर्षो में मानसून आगमन के साथ ही शहरी लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आती हैं। हाल ही में मानसून की दस्तक के साथ ही शहरों की सड़कों में कारें व अन्य वाहन तैरते नजर आये। इससे छोटे वाहनों व पैदल चालकों की दुश्वारियों का अंदाजा लगाया जा सकता है। थोड़ी बारिश में भी सड़कें नालों में तब्दील होने लगती हैं। विभिन्न विभागों में जल निकासी के लिये फंड भी होते हैं ताकि शहरों में जल भराव की स्थिति न बने। नागरिकों को मुश्किलों का सामना न करना पड़े। लेकिन समय रहते नालियों व सीवरेज व्यवस्था की खामियों को दूर नहीं किया जाता। जरा सी बारिश अधिकारियों व स्थानीय निकायों के दावों की पोल खोल देती है। अब बरसने की अवधि कम लेकिन पानी की मात्रा अधिक होती है। कम समय में ज्यादा बारिश होने से जलभराव का संकट पैदा होता है जिसके चलते सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होता है। लेकिन भू माफियाओं ने उन जगहों को येन-केन-प्रकारेण आवासीय स्थलों में बदल दिया जो कभी पानी की स्वाभाविक निकासी का जरिया होते थे। देश में लाखों तालाबों, बावड़ियों, नालों-नालियों पर अतिक्रमण करके भू-माफिया ने निर्माण कर लिया है। यह सामान्य सी बात हमारे नीति-नियंताओं और बिल्डर्स की समझ में नहीं आ रही है, जिसका खमियाजा आम लोगों को दिक्कत उठाने के रूप में भुगतना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर हमारे सत्ताधीशों ने बारिश के पानी को सहेजने के गंभीर प्रयासों को तरजीह नहीं दी है। देश में मानसून के दौरान जीवनदायी पानी यूं ही नदी-नालों से होता हुआ नहरों के जरिये समुद्र की तरफ बढ़ जाता है।

# सुधारों को लेकर नया रुख अपनाती सरकार





-ए के भट्टाचार्य

> मोदी सरकार के आर्थिक नीति निर्माण के बारे में काफी कुछ स्पष्ट करते हैं। निश्चित रूप से मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत अभियान का हिस्सा है लेकिन यह विदेशी पूंजी की जीवंत और बढ़ती भूमिका को रोकता नहीं है। निश्चित रूप से मेक इन इंडिया नीति वे परियोजनाएं भी शामिल होंगी जो विदेशी पूंजी या विदेशी कंपनियों द्वारा संचालित होंगी।

लाल किले के प्राचीर से स्वतंत्रता दिवस पर दिए अपने भाषण के कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक अन्य महत्त्वपूर्ण भाषण दिया था। उनका यह भाषण भारतीय उद्योग परिसंघ के कार्यक्रम में देश के प्रमुख उद्योगपतियों को दिया गया था। भाषण में चार बिंदु अत्यंत महत्त्वपूर्ण थे, हालांकि टीकाकारों ने उनकी अनदेखी कर दी। उन पर करीबी नजर डालें देश में आर्थिक सुधारों की मौजूदा बहस को समझने में मदद मिलेगी।

पहली बात, प्रधानमंत्री ने मेक इन इंडिया के अपने विचार को नए सिरे से परिभाषित करने का प्रयास किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इसका तात्पर्य यह नहीं कि भारतीय ही निर्माण करें। इस बारे में उन्होंने ज्यादा कुछ नहीं कहा लेकिन आत्मनिर्भर भारत के संदर्भ में उनकी बात एकदम स्पष्ट थीः 'आज देश के लोगों की भावना भारत में निर्मित वस्तुओं के साथ है। जरूरी नहीं है कि कंपनी भारतीय हो, लेकिन आज हर भारतीय चाहता है कि भारत में निर्मित उत्पाद अपनाए।' उन्होंने उद्योग जगत से आग्रह किया कि वह इसके अनुरूप नीति और रणनीति बनाए ताकि आत्मनिर्भर भारत अभियान आगे बढ़ सके।

दूसरा, प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के लोगों के मन से यह आशंका निकालने का हरसंभव प्रयास किया कि सरकार विदेशी निवेश को लेकर सशंकित है। तमाम तरह के विदेशी निवेश की आवक पर सवार मोदी सरकार ने आर्थिक विकास और नई परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विदेशी निवेश का स्वागत करने में कोई हिचकिचाहट नहीं दिखाई। संकेत यही था कि सरकार जरूरत पड? पर ऐसे नियमों को बदलने से नहीं हिचकिचाएगी जो विदेशी निवेशकों को रास न आ रहे हों। उन्होंने कहा, 'भारत, जो एक समय विदेशी निवेश को लेकर आशंकित रहता था, वह अब हर तरह के निवेश का स्वागत कर रहा है। भारत, जिसकी कर नीतियां एक समय निवेशकों की निराशा की वजह थीं, अब वह दुनिया का सबसे प्रतिस्पर्धी कॉर्पोरेट कर और फेसलेस कर व्यवस्था वाला देश है।' उन्होंने हाल में कॉर्पोरेशन कर दर में कमी और 2012 के पूंजीगत वस्तु कर के पुरानी तिथि से लागू प्रावधान हटाने की ओर संकेत किया।

तीसरा, प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत को लंबे समय से परेशान करने वाले कानूनों और नियमों को सहज सरल बनाने की प्रतिबद्धता भी जताई। उन्होंने हाल ही में 19 केंद्रीय श्रम कानूनों को चार संहिताओं में समावेशित किए जाने का उदाहरण दिया।

उद्योग जगत की बैठक में श्रम कानून सुधार का जिक्र समझ में आता है। लेकिन उद्योग जगत की बैठक में अपनी सरकार के हालिया कृषि सुधारों की महत्ता बताना अस्वाभाविक था। इन सुधारों की यूं भी काफी आलोचना हो चुकी है। उन्होंने कहा, 'एक समय जहां कृषि को किसी तरह आजीविका चलाने का माध्यम माना जाता था, वहीं अब प्रयास यह है कि ऐतिहासिक कृषि सुधारों के जरिये देश के किसानों को सीधे देश और विदेश के बाजार से जोड़ा जाए।'

चौथी बात, प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के नेताओं से कहा कि सरकारी क्षेत्र की उपस्थिति को तार्किक बनाने तथा उसे न्यूनतम करने के लिए नई सार्वजनिक उपक्रम नीति के जरिये निर्णय लिए गए। उन्होंने उद्योग जगत से कहा कि वह भी अपनी ओर से अधिकतम उत्साह और ऊर्जा दिखाए।

यह विदेशी पूंजी की जीवंत और बढ़ती भूमिका को रोकता नहीं है। निश्चित रूप से मेक इन इंडिया नीति वे परियोजनाएं भी शामिल होंगी जो विदेशी पूंजी या विदेशी कंपनियों द्वारा संचालित होंगी।

प्रमुख शर्त यही है कि ऐसी वस्तु देश में बनी होनी चाहिए। शायद देश की सीमाओं में निर्माण बढ़ाने की चाह ने सरकार को टैरिफ बढ़ाने को प्रोत्साहित किया। मूल विचार है निवेशकों को घरेलू निर्माण परियोजना में समान अवसर मुहैया कराना। यह बात अलग है कि ऐसा टैरिफ आधारित रुख अर्थव्यवस्था या उपभोक्ताओं को स्थायी लाभ नहीं दिलाता बल्कि लंबी अवधि के दौरान यह उनकी प्रतिस्पर्धी और निर्यात क्षमता पर असर डालता है। यह बात ध्यान देने लायक है कि सरकार विदेशी निवेश का खुले दिल से स्वागत केवल मेक इन इंडिया अभियान के तहत विनिर्माण क्षेत्र के लिए कर रही है। सेवा क्षेत्र या ई-कॉमर्स कंपनियों के विदेशी निवेश को यह सुविधा हासिल नहीं है। यह सरकार की ओर से उद्योग जगत को नई पेशकश प्रतीत होती है।

यह नई पेशकश इन नए वादों के साथ आई है कि श्रम कानून सुधार और नए कृषि कानून देश के कारोबारी जगत को कृषि क्षेत्र के साथ संबंध कायम करने की इजाजत देगा।

श्रम कानून और कृषि कानून दोनों में बदलाव पर काफी विवाद हुआ है। चार श्रम संहिताओं के नियम अब तक नहीं बने हैं। नए श्रम मंत्री देश के प्रमुख श्रम संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा कर रहे हैं और वह सरकार, नियोक्ताओं और कर्मचारियों की इंडियन लेबर कॉन्फ्रेंस को नए सिरे से शुरू करने को लेकर भी राजी है।

इसी तरह फिलहाल निलंबित कृषि सुधारों को उद्योग जगत के लिए कारोबारी लिंकेज करार देना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि मोदी सरकार इन कानूनों की वापसी को लेकर उत्सुक है। यदि ऐसा नहीं होता तो प्रधानमंत्री उद्योग संगठन की बैठक में कृषि सुधारों की बात नहीं करते। ऐसा लग रहा है कि मोदी सरकार और भारतीय उद्योग जगत के बीच सुधारों को लेकर एक नया समझौता हो रहा है। परंतु सार्वजनिक उपक्रम नीति का क्या? शब्दों के सावधानीपूर्वक किए गए इस्तेमाल पर ध्यान दीजिए। मोदी ने ऐसी सार्वजनिक उपक्रम नीति की बात की है जो सरकारी उपक्रमों की छाप को तार्किक और न्यूनतम करने की बात करती है। निजीकरण की कोई बात नहीं की गई। वित्त मंत्री ने आखिरी बार निजीकरण का जिक्र फरवरी 2021 के बजट भाषण में किया था। सरकार द्वारा सरकारी बीमा कंपनियों के निजीकरण के लिए संसद की मंजूरी मांगते वक्त भी वित्त मंत्री का स्पष्टीकरण दिलचस्प थाः 'यह निजीकरण नहीं है। हम कुछ सक्षम प्रावधान ला रहे हैं ताकि नागरिकों की कुछ भागीदारी तय हो सके। हमारा बाजार रिटेल फंडों की मदद से पैसे दे सकता है...जनता की भागीदारी से नए संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी।'

## खास बात

### उधारी बढ़ने की उम्मीद कम

**केंद्र सरकार** द्वारा वित्त वर्ष 2024 के लिए उधारी की योजना में बढ़ोतरी किए जाने की संभावना नहीं है। साथ ही उम्मीद है कि बॉन्ड प्रतिफल 7 प्रतिशत से नीचे बना रहेगा। वित्त मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बॉन्ड बाजार पर दबाव भी खत्म हो जाने की संभावना है क्योंकि रेलवे और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) को बाजार से उधारी न लेने को कहा गया है।

सरकार ने अपने राजकोषीय घाटे की भरपाई के लिए वित्त वर्ष 2023-24 में बाजार से 15.43 लाख करोड़ रुपये उधारी लेने की योजना बनाई है। अगर प्रतिफल नियंत्रण में बना रहता है तो सरकार की ब्याज की देनदारी भी कम होगी। इससे सरकार के कर्ज पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी।

वित्त मंत्रालय ने सोमवार को 16 राज्यों को 56,415 करोड़ रुपये दिए जाने को मंजूरी दी है, जिससे उनके पूंजीगत निवेश में तेजी आ सके। यह धनराशि 2023-24 में पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता योजना के तहत दी जा रही है।

राज्यों को पूंजीगत व्यय में तेजी लाने में सक्षम बनाने, उनके विकास के धन देने, कल्याणकारी योजनाओं पर व्यय और उन्हें प्राथमिकता वाली परियोजनाएं व योजना के लिए धन मुहैया कराने के मकसद से वित्त मंत्रालय ने राज्यों को दी जाने वाली मासिक कर विभाजन की राशि भी बढ़ाकर दोगुनी करते हुए 1,18,280 करोड़ रुपये कर दी है। इस सभी कोष से राज्यों को केंद्र प्रायोजित योजनाओं में उनके हिस्से के धन लगाने में मदद मिल सकेगी। कर बंटवारे में राज्यों का हिस्सा भी बढ़ाया गया है, क्योंकि पूर्वोत्तर भारत के राज्यों से इसकी मांग थी। राज्यों का कर में हिस्सा बढ़ाने की वजह के बारे में वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, पहली तिमाही में कर की आवक सुस्त रही है और यहां तक कि राज्यों के लिए भी यह सुस्त रही। केंद्र के स्तर पर देखें तो राज्यों की तुलना में ज्यादा संभावनाएं होती हैं।

अभी ये शुरूआती दिन हैं, लेकिन सरकार 3 स्तर पर चिंतित है। अधिकारी ने कहा, ह्यसरकार मॉनसून की स्थिति और तेल के वैश्विक दाम पर नजर बनाए रहेगी। साथ ही सुस्त वैश्विक आर्थिक वृद्धि भी चुनौती है।

# प्रेम की यात्रा

## धर्म-प्रवाह

**साध्वी मनीषा**

**भक्ति** कोई शास्त्र नहीं है। भक्ति तो सच्ची श्रद्धा युक्त सच्चे प्रेम की एक यात्रा है जो स्वांसों के सत्य पथ पर चलते हुए हृदय सम्राट की मंजिल तक पहुंचती है। भक्ति कोई सिद्धांत भी नहीं है, भक्ति तो जीवन का रस है। भक्ति को समझकर आज तक कोई समझ नहीं पाया। भक्ति में डूबकर ही कोई भक्ति के राज को समझ पाता है। मस्तिष्क से ज्यादा करीब हृदय होता है और हृदय का भाव विचारों से कहीं ज्यादा करीब है। हृदय के समुद्र की लहरों से जो आंदोलन आता है वह रुलाता भी है, क्योंकि भक्ति आंसुओं के बहुत करीब है। जो रो न सके वह भक्त नहीं हो सकेगा। छोटे बच्चे की तरह जो असहाय होकर रो सके, वही भक्ति-मार्ग से गुजर पाता है। परतंत्रता का अर्थ है कि चित्त के ऊपर लोगों के द्वारा थोपा गया तंत्र, जिससे व्यक्ति को बांधा जाता है। यह जो बंधन है, निश्चित ही यह बंधन किसी को भी प्रीतिकर नहीं है। ऐसे बंधनों के प्रति सहज ही भीतर एक विरोध है।

ऐसे बंधनों को तोड़ देने की भीतर एक तीव्र बलवती आकांक्षा है। जब भी व्यक्ति मौका पाता है, ऐसे बंधनों को तोड़ता है। ऐसे परतंत्रता को तोड़ने से परतंत्रता के विरोध में, वह जो विद्रोही चित्त है, उससे स्वच्छंदता पैदा होती है। क्रियाओं के अभ्यास से स्वांसों के भीतर की शक्ति को पहचान कर स्वयं को जानने से जो जीवन उपलब्ध होता है, उसका नाम स्वतंत्रता है। स्वतंत्र होना इस जगत में सबसे दुर्लभ बात है। स्वतंत्र वही हो सकता है, जो स्वयं को जानता हो।

**मेरी अनुशंसा** पर रातू रोड निवासी राजा राम सिंह के कैंसर से उपचार हेतु प्रधानमंत्री राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से ?2,50,000 की राशि स्वीकृत की गई है। इस स्वीकृति के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार। राजा राम जी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना ईश्वर से करता हूं।

– संजय सेठ, सांसद

## रोचक ट्वीट

हूल दिवस के दिन तेज बारिश में दिखा आप सभी का स्नेह, उत्साह और आशीर्वाद हमें राज्य के गरीब, वंचित, जरूरतमंद और सभी वर्गों के लोगों के लिए दिन-रात काम करने की प्रेरणा देता है। आप सशक्त बनेंगे, तभी राज्य आगे बढ़ेगा।

–हेमंत सोरेन, सीएम





**हिंसा** से कुछ नहीं होने वाला है - प्रदेशवासियों से अपील है कि हमें शांति की ओर चलने की जरूरत है।

मणिपुर को जोड़ने के लिए, अमन के लिए, मैं हर मदद करने को तैयार हूं!

–राहुल गांधी

## कार्टून वर्ल्ड

युद्ध का तापमान...



साभारः कॉर्टनमूवमेंट डॉटकॉम

# राष्ट्रीय एकता के लिए एक समान कानून जरूरी

## सामयिक

**हृदयनारायण दीक्षित**

समान नागरिक संहिता अपरिहार्य है। यह राष्ट्र राज्य का संवैधानिक कर्तव्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे आवश्यक बताया है। मोदी ने समान नागरिक संहिता को राष्ट्र की जरूरत बताते हुए कहा कि, इसके नाम पर कुछ दल मुस्लिमों को भड़का रहे हैं। उन्होंने इसके विरोध पर सवाल उठाते हुए कहा कि, एक घर एक परिवार में प्रत्येक सदस्य के लिए अलग अलग कानून हों तो वह परिवार कैसे चल पाएगा? उन्होंने याद दिलाया कि सर्वोच्च न्यायालय ने भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात की थी। लेकिन वोटबैंक राजनीति करने वाले इसका विरोध कर रहे हैं।' आखिरकार विश्वास आधारित सांप्रदायिक समूहों के लिए अलग अलग कानून कैसे हो सकते हैं। संविधान निमार्ताओं ने प्रत्येक नागरिक के लिए एक समान नागरिक संहिता प्राप्त करने का कर्तव्य (अनुच्छेद 44) राष्ट्र राज्य को सौंपा है। समान सिविल संहिता राष्ट्रीय एकता के लिए भी अनिवार्य है। राष्ट्र राज्य का यह कर्तव्य संविधान का भाग है और महत्वपूर्ण नीति निदेशक तत्व है। अनुच्छेद 37 में कहा गया है कि, नीति निदेशक तत्व देश के शासन में मूलभूत हैं। विधि निर्माण में इन तत्वों को लागू करना राज्य का कर्तव्य होगा।' यह कर्तव्य महत्वपूर्ण है। इसे प्रवर्तित करना राष्ट्र राज्य का कर्तव्य है।

विधि आयोग ने हाल ही में समान नागरिक संहिता पर सुझाव मांगे हैं। लगभग साढ़े आठ लाख सुझाव आए हैं। विधि आयोग का यह कार्य प्रशंसनीय है। लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसे नरेन्द्र मोदी सरकार का ध्रुवीकरण एजेंडा बताया है। कांग्रेस की अपनी स्थाई नीति तुष्टिकरण है। ध्रुवीकरण का आरोप इसी का विस्तार है। संवैधानिक कर्तव्य को ध्रुवीकरण बताना संविधान विरोधी है। कांग्रेस दीर्घ काल तक सत्तारूढ़ रही है। उसने कर्तव्य पालन नहीं किया। उसे बताना चाहिए कि उसने समान सिविल संहिता लागू करने के संवैधानिक कर्तव्य पालन की दिशा में क्या कदम उठाए? संहिता लागू करने में कठिनाई क्या थी?

अल्लादि कृष्णास्वामी अय्यर ने याद दिलाया कि ह्यजब अंग्रेजों ने इस देश पर अधिकार किया तब उन्होंने कहा था कि हम इस देश में एक ही आपराधिक कानून बना रहे हैं। यह सभी नागरिकों पर लागू होगा। क्या मुसलमानों ने अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोह किया? वे (दण्ड कानून) कुरान के द्वारा शासित नहीं होते। वरन आंग्ल भारतीय न्याय शास्त्र द्वारा शासित है। किंतु इस पर कोई आपत्ति नहीं हुई।' ब्रिटिश राज द्वारा बनाए गए दण्ड कानून इस्लामी शरीय से भिन्न हैं। उनका विरोध नहीं हुआ। लेकिन अपनी सर्वशक्ति संपन्न संविधान सभा द्वारा प्राविधानित समान नागरिक संहिता का विरोध जारी है। यह खेदजनक है और आश्चर्यजनक भी। सभा में डॉ. आंबेडकर ने कहा कि, ह्ययहाँ दण्ड विधान में एक विधि है। संपत्ति हस्तांतरण कानून भी पूरे देश में लागू है। यह कहने का कोई लाभ नहीं कि मुस्लिम कानून अटल है। 1935 तक पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत में शरीयत कानून नहीं था।विविधता भारत की प्रकृति है और एकता भारतीय जन गण मन की अभीप्सा है। बेशक विविधता की बातें बहुत चलती हैं लेकिन विविधता में एकता राष्ट्र की प्रकृति है। गोवा में ईसाई पंथ मानने वालों की संख्या काफी है लेकिन यहाँ समान नागरिक संहिता लागू है। सभी सम्प्रदायों के लोग मजे से रह रहे हैं। संयुक्त राज्य अमरीका में विश्व के तमाम पंथिक समूहों के नागरिक रहते हैं। अमरीका में समान नागरिक संहिता लागू है। किसी भी सांप्रदायिक समूह को इससे आपत्ति नहीं है। कांग्रेस अल्पसंख्यक वाद के नाम पर मुसलमानों में भय पैदा करती है। तुष्टिकरण करती है। यह पक्षपात है कि एक समुदाय के निजी कानूनों को संहिताबद्ध कर दिया गया है।

# ' डॉ. अम्बेडकर समान नागरिक संहिता के समर्थन में थे

## समाज

**अनुष्का चौधरी**

समान नागरिक संहिता बहुत पहले से ही राष्ट्र की वरीयता रही है। सांप्रदायिक निजी कानून महिला अधिकारों और सशक्तिकरण में बाधा है। एक समान संहिता संविधान सभा का केन्द्रीय विचार था। संविधान के इस प्रावधान पर सभा (23 नवंबर 1948) में तीखी बहस हुई थी। समान नागरिक संहिता के सभी पहलुओं पर विचार हुआ था। मोहम्मद इस्माइल ने कहा था कि, ह्यदेश में समन्वय के लिए यह अपेक्षित नहीं है कि लोगों को उनके निजी कानून छोड़ने के लिए बाध्य किया जाए।' महमूद अली बेग ने कहा था कि, ह्यहिन्दुओं में विवाह एक संस्कार होता है। यूरोप में यह स्थिति भिन्न है। मुसलमानों में कुरान के अनुसार संविदा जरूरी है। ऐसा नहीं किया जाता तो विवाह वैध नहीं होगा। मुसलमान 1350 वर्षों से इस कानून पर चलते रहे हैं। यदि विवाह की कोई अन्य प्रणाली बनाई जाए तो हम उसे मानने से इनकार कर देंगे।' नजीरुद्दीन अहमद ने कहा कि, प्रत्येक धार्मिक समुदाय के विशेष धार्मिक कानून व विशेष व्यवहार विषयक कानून भी होते हैं। धार्मिक विश्वासों व आचरण से उनका संबंध होता है। एक विधि बनाते समय इन धार्मिक कानूनों की उपेक्षा नहीं की जानी चाहिए। संप्रदाय विशेष के धार्मिक कानूनों को उस संप्रदाय की सहमति के बिना नहीं बदला जा सकता।' कुछ सदस्यों ने समान नागरिक संहिता को अल्पसंख्यकों के विरुद्ध अन्याय बताय। केएम मुंशी ने कहा कि, ह्यसंहिता को अल्पसंख्यकों के प्रति अन्याय बताया जा रहा है। किसी भी उन्नत मुस्लिम देश में अल्पसंख्यक जाति के निजी कानूनों को इतना अटल नहीं माना जाता कि समान नागरिक संहिता बनाने का निषेध हो। तुर्की अथवा मिस्त्र में किसी अल्पसंख्यक को ऐसे अधिकार नहीं दिए गए।' कुछ हिन्दू भी समान नागरिक संहिता नहीं चाहते। उत्तराधिकार आदि के निजी कानून उनके धर्म का भाग हैं। इस तरह आप महिलाओं को समानता नहीं दे सकते।' मुंशी ने मुसलमानों से कहा कि, ह्यपूरे देश के लिए एक समान संहिता क्यों न हो? मुस्लिम मित्र समझ लें कि जितना जल्दी हम अलगाववाद की भावना को भूल जाएंगे, उतना ही देश के लिए अच्छा होगा।' राष्ट्र तमाम स्वतंत्र साम्प्रदायिक समूहों का जोड़ नहीं होते। अलगाववाद राष्ट्रीय एकता में बाधा है। फिर यहाँ पूरे देश में एक ही दण्ड विधि प्रवर्तित है।

' डॉ. आम्बेडकर ने सभी आपत्तियों का जवाब दिया। इसके बाद सभी संशोधन पराजित हो गए। समान नागरिक संहिता का प्रस्ताव पारित हुआ। अनुच्छेद 44 संविधान का भाग बना। आज इसी निदेश का पालन करने की आवश्यकता है।

उत्तराधिकार आदि विषयों में हिन्दू कानूनों का अनुसरण होता था। 1937 तक पश्चिमोत्तर सीमा प्रांत के अतिरिक्त शेष भारत में भी जैसे संयुक्त प्रांत (उत्तर प्रदेश), मध्य प्रांत और बम्बई में उत्तराधिकार सम्बंधी हिन्दू कानून मुसलमानों पर लागू था।राष्ट्रीय आवश्यकता से कानून का जन्म होता है। बेशक परंपरा और रीति रिवाज भी राष्ट्रीय उपयोगिता के अनुसार विचारणीय होते हैं। लेकिन संस्कृति राष्ट्र की धारक है। भारत जैसे विशाल देश में इसलिए विविधता के बावजूद सांस्कृतिक एकता है। इसलिए एक समान विधि जरूरी है। राष्ट्रीय एकता के लिए एक समान विधि जरूरी है।

## लेटर टू एडिटर

### गलत विरोध

**स्कूल,** कॉलेजों व आदि शिक्षण संस्थाओं में ऑलनाइन और वर्चुअल रूप से क्लासेज, इग्जाम करवाए जा रहे हैं। कायदे से सोचने की जरूरत है जब इन सभी का विरोध नहीं हो रहा है तो जेईई-नीट का विरोध क्यों? शिक्षा और शैक्षणिक गतिविधियों के कारण ही देश प्रगति करता है लेकिन देश में सही निर्णय के विरोध का प्रचलन हो गया है।

–प्रकाश सिंह, रांची

### कोरोना का संकट

**हाल** ही में हांगकांग में कोरोना से दोबारा संक्रमण का एक मामला सामने आया है। एक युवक कोरोना के संक्रमण से ठीक हो चुका था और उसके शरीर में वायरस के खिलाफ एंटीबॉडी भी बन चुकी थी, लेकिन वह दोबारा संक्रमित हो गया। कहा जा रहा है कि उसके शरीर में बनी एंटीबॉडी साढ़े चार महीने में ही खत्म हो गई। यह संकट का नया पहलू पर जिसे समझना होगा। –प्रतिक सिन्हा, हजारीबाग

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल गुमला परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल के तीन कार्यकर्ताओं ने बुधवार को रक्तदान किया। रक्तदान देने वालों में बजरंग दल के करौंदी अध्यक्ष मिट्ठू साहू, विजय पन्ना और नवीन सिंह शामिल हैं। मिट्ठू ने 10वीं, विजय ने पांचवीं और नवीन ने पहली बार रक्तदान किया।

### मध्य प्रदेश के सीएम का पुतला फूंका



**जारी।** प्रखंड कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो के नेतृत्व में प्रखंड कार्यालय के सामने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का पुतला फूंका। प्रखंड अध्यक्ष ने कहा कि मध्य प्रदेश के भाजपा शासित कार्यकर्ता सत्ता के नशे में चूर हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने आदिवासी युवक पर पेशाब करने से पूरे देश तथा अदिवासी समाज को शर्मसार किया है। हम इसे बर्दाश्त नही करेंगे। मप्र के सीएम शिवराज सिंह आदिवासी जनता से माफी मांगे अन्यथा उग्र आंदोलन किया जायेगा। मौके पर रिजवान अन्सारी, शाहजेब खान, जाकिर खान थे।

### ऑटो पलटने से चार लोग घायल, एक गंभीर

**गुमला।** बसिया थाना अंतर्गत कापरी मोड़ के समीप ऑटो के पलटने से चार युवक घायल हो गये। घायलों में बनई चोरेटोली निवासी इंद्र सोरेंग (23), महादेव साहू (25), कार्तिक साहू व कोका प्रधान (30) शामिल है। जिन्हें नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से इंद्र सोरेंग को गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वही तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गयी। परिजन ने बताया कि किसी काम को लेकर चारों कुम्हारी गये थे। जहां वापसी के क्रम में कापरी मोड़ के समीप ऑटो अनियंत्रित होते हुए पलट गयी।

### प्रेरणा शाखा ने प्ले स्कूल में लगाये पौधे



**गुमला।** बचपन प्ले स्कूल लोहरदगा रोड गुमला में बुधवार को मारवाड़ी युवा मंच गुमला प्रेरणा शाखा ने पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। इसमें बचपन स्कूल के पाचार्य चंद्रशेखर गिरी का सहयोग रहा। कार्यक्रम में अध्यक्ष शिल्पा अग्रवाल, सदस्य अंबिका अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, रचना अग्रवाल, अंचल अग्रवाल, श्वेता मंत्री थी।

### आंदोलनकारियों के चिह्नितीकरण के कार्य में विलंब से आक्रोश : मनोज वर्मा

**गुमला।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा गुमला के जिला संयोजक मनोज कुमार वर्मा ने कहा कि गुमला जिला के आंदोलनकारियों का चिह्नितकरण का कार्य में विलंब होने से आंदोलनकारियों में रोष है। आयोग का टीम गुमला जिला का भ्रमण करके सिर्फ खानापूर्ति की। जबकि विधिवत रूप से आयोग की टीम को गुमला जिला आकर एक-एक आंदोलनकारियों के साथ में मिलना चाहिए। उनकी पीड़ा, दुख व समस्याओं को जाना चाहिए था। लेकिन आयोग की टीम ने ऐसा कुछ भी नहीं किया और अतिथि शाला में रुक कर चले गये। झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा मांग करती है कि गुमला जिला के आंदोलनकारियों का चिह्नितीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर हो। क्योंकि आज प्रत्येक दिन एक-एक करके आंदोलनकारियों का निधन होता जा रहा है। ऐसे में आयोग का होना और नहीं होना बराबर है। उन्होंने कहा कि गुमला जिला के झारखंड आंदोलनकारियों ने झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में जबरदस्त रूप से भाग लिया और संघर्ष करते हुए कई साथी शहादत को प्राप्त हुए। जिसमें शहीद सीपी तिर्की एवं सोबरन अंसारी का नाम प्रमुख रूप से आता है।

### डीसी ने जानी इवीएम वेयर हाउस की हकीकत



**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सुशांत गौरव ने बुधवार को ईवीएम वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भवन अंतर्गत कमरों का अवलोकन किया। साथ ही ईवीएम संग्रहित सील कमरे का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कमरों, छत, परिसर, सीसीटीवी कैमरा आदि की वस्तु स्थिति से अवगत होते हुए विधि-व्यवस्था का भी अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस में ईवीएम मशीन के रख-रखाव, सुरक्षा तंत्र सहित परिसर की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम समदानी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा लोकतंत्र में ईवीएम की विश्वसनीयता में किसी भी प्रकार का संदेह न रहे। इसे निमित्त वेयर हाउस जहां ईवीएम रखी जाती है समय-समय पर उसके रख-रखाव और सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान भूमि सुधार उपसमाहर्ता सुषमा नीलम सोरेंग, उप निर्वाचन पदाधिकारी गुलाम सामदानी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष चैतु उरांव, अकिल रहमान, रामनिवास प्रसाद (कांग्रेस), भाजपा नेता विकास सिंह, राकंपा से अशोक शर्मा, राजद से रविंद्र बड़ाईक व झामुमो के रंजीत सरदार, जिला निर्वाचन कार्यालय के प्रधान लिपिक अजीत चौधरी, कंप्यूटर ऑपरेटर सौरभ गुप्ता, राजेश कुमार, मंगल तिर्की, हेल्प डेस्क मैनेजर प्रमोद साहू, शेखर गुप्ता एवं शशिकांत भारती मौजूद थे।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर गुमला के भाजपाइयों ने मरांडी को दी बधाई

**गुमला।** बाबूलाल मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर भाजपा गुमला जिला में हर्ष का माहौल है। जिलाध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी ने कहा बाबूलाल मरांडी अटल-आडवाणी युग के नेता हैं। बाबूलाल के नेतृत्व में संगठन अधिक मजबूत व आक्रामक होगा। जनता और कार्यकताओं के हितों के लिय संघर्ष करते हुए झारखंड का सम्पूर्ण विकास करेंगे। उनके नेतृत्व में पार्टी लोकसभा-विधानसभा चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करेगी। बधाई देने वालों में जिलाध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी, सांसद सुदर्शन भगत, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, डॉ दिनेश उरांव, डॉ अरुण उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, पूर्व विधायक जीतवाहन बड़ाइक, कमलेश उरांव, शिवशंकर उरांव, भिखारी भगत, शिव प्रसाद साहू, बालमुकुंद महतो, प्रेम केशरी, मंगल सिंह भोक्ता, पूर्व जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश गोयल, सुबोध लाल, विनय लाल, विजय मिश्रा, निवर्तमान जिलाध्यक्ष सविंद्र सिंह, अवधेश प्रताप शाहदेव, यशवंत सिंह, जिला महामंत्री सत्यनारायण पटेल, मिसिर कुजूर, गायत्री देवी, सुजीत नंदा, संजय सिंह, शैल मिश्रा, जिप अध्यक्ष किरणमाला बाड़ा, उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी, प्रदीप प्रसाद, रविंद्र सिन्हा, सुधीर नंद, खुशमन नायक, निरंजन सिंह, दामोदर कसेरा भी थे।

# देश और संविधान बचाने की मुहिम के साथ मना राजद का 27वां स्थापना दिवस



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड आज राष्ट्रीय जनता दल का 27वां स्थापना दिवस समारोह बाईपास रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में हर्षोल्लास के साथ मनाया। सर्वप्रथम प्रदेश अध्यक्ष के कर कमलों से झंडोत्तोलन किया गया तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई इस कार्यक्रम में श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, पूर्व मंत्री राधा कृष्ण किशोर, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व सांसद घूरन राम, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, वरिष्ठ नेता सुभाष यादव, विजय राम, अवधेश सिंह, श्यामदास सिंह, लक्ष्मण यादव, सदाकत, अनीता यादव, रानी कुमारी, रंजन यादव, इम्तियाज वारसी, मनोज पांडे, डॉक्टर मनोज, फिरोज अंसारी, इरफान अंसारी,इत्यादि मुख्य रूप से सम्मिलित हुए। रांची के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र महतो ने स्वागत भाषण से कार्यक्रम की शुरूआत की।

कार्यक्रम में सभी वक्ताओं देश बचाने और संविधान बचाने पर जोर दिया। देश में बढ़ती बेरोजगारी महंगाई और भ्रष्टाचार पर चिंता जाहिर की। राधा कृष्ण किशोर जी ने कहा कि ना हिंदू खतरे में है न हिंदुस्तान खतरे में है बस देश का संविधान खतरे में है। वही मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने अपने वक्तव्य में कहा कि संगठन पर जोर देने की आवश्यकता है। सुभाष यादव जी ने अपने भाषण में लालू जी के किए हुए कार्यों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं में जोश भरने का काम किया। श्यामदास सिंह ने मनु वादियों से बचकर रहने की हिदायत दी। घूरन राम जी ने महिलाओं की योगदान और उनकी भागीदारी पर जोर देते हुए कहा है कि 50% आबादी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कामेश्वर बैठा जीने देश को मनु वादियों से बचाने और संविधान की रक्षा हेतु आंदोलन करने की जरूरत पर जोर दिया। अनीता यादव और प्रियंका वर्मा ने अन्नपूर्णा जी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि स्वार्थी लोग अपने स्वार्थ के कारण पार्टी बदल लेते हैं उन्हें कार्यकताओं और देश की फिक्र नहीं। अध्यक्षीय भाषण में कहा लालू और उनके सिपाही ना डरने वाले हैं न झुकने वाले हैं। मोदी सरकार को और भाजपा को अपने कार्यों पर भरोसा नहीं और ना ही जनता पर भरोसा है। इसलिए वह ईडी और सीबीआई के माध्यम से देश पर राज करना चाहती है। धन्यवाद भाषण फिरोज अंसारी के द्वारा दिया गया और सभा की समाप्ति की घोषणा की गई।

### संगठन को सशक्त बनाने व पार्टी का जनाधार बढ़ाने में जुट जाएं कार्यकर्ता : रानी कुमारी

**रांची।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल का 27वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित समारोह में राजद महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष रानी कुमारी ने कार्यकर्ताओं को पार्टी को सशक्त बनाने और जनाधार बढ़ाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर राजद महिला प्रकोष्ठ से जुड़ी पदधारियों व अन्य कार्यकर्ताओं ने पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

# निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांच के अनुरूप ही होगा भुगतान

- डीएमएफटी से संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने दिये निर्देश
- शत-प्रतिशत आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन देने का निर्देश



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त व उपस्थित अधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में बुधवार को डीएमएफटी अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं से संबंधित समीक्षात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएमएफटी अंतर्गत जिला के खनन प्रभावित इलाकों में बुनियादी स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, आंगनबाड़ी केंद्र, खेल मैदान आदि का आधुनिकीकरण के संदर्भ में चयनित योजनाओं के लिए प्रस्तावित प्रक्कलन की समीक्षा की गयी। डीएमएफटी अंतर्गत लघु सिंचाई प्रमंडल द्वारा जारी एवं चैनपुर प्रखंड के 13 पंचायतों में पोटो हो खेल मैदान निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसमें से 4 स्थानों का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष बचे मैदानों का 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। खेल मैदान के अलावा पीसीसी रोड निर्माण, डीप बोरिंग, आंगनबाड़ी केंद्र की मरम्मत, विद्यालयों का चहारदीवारी निर्माण जैसे कुल 47 योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। वहीं राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत कुल 37 योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा 6 योजनाओं, पीएचईडी विभाग अंतर्गत 13, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल द्वारा 79 एवं भवन निर्माण प्रमंडल के कुल 8 योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

**खास बातें :** उपायुक्त ने विभागवार सभी योजनाओं की समीक्षा की एवं लंबित कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। एनआरइपी द्वारा निर्मित सभी पोटो हो खेल मैदान का उद्घाटन अविलंब करवाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी निर्माणाधीन भवनों एवं पूर्ण हुए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच रिपोर्ट की मांग की। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता जांच रिपोर्ट के आधार पर ही योजनाओं के विरुद्ध पेमेंट दिया जायेगा, अन्यथा भुगतान राशि में कटौती की जायेगी। उपायुक्त ने विद्युत विभाग को शत प्रतिशत आंगनवाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में बिजली कनेक्शन का निर्देश दिया।

### भाजयुमो के प्रदेश मंत्री अजातशत्रु के नेतृत्व में मना जश्न

# बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में और सशक्त होगी भाजपा : प्रवीण सिंह



पटाखा फोड़ जश्न मनाते भाजपा के नेता और कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री वर्तमान भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर अजातशत्रु के नेतृत्व में नगर मंडल अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप पटाखे फोड़ और मिठाई बांटकर जश्न मनाया गया। इसमें मौके पर मुख्य रूप से तोरपा विधायक कोचे मुंडा एवं पूर्व विधानपार्षद प्रवीण सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह उपस्थित रहे। मौके पर प्रवीण सिंह ने कहा कि बाबूलाल मरांडी जी को लंबे समय से संगठनात्मक एवं प्रशासनिक अनुभव है इन्हें पहली बार वनांचल समिति का प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेवारी मिली थी तब से लेकर आज तक भाजपा संगठन का स्वर्णिम काल रहा है। पूर्ण विश्वास है कि वर्तमान में मिली जिम्मेदारियों के बाद प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी और भी सशक्त होगी।

**खास बातें :** कोचे मुंडा ने कहा कि हमारे नेता बाबूलाल मरांडी जमीन से जुड़े व्यक्ति रहे हैं हमेशा से समन्वय स्थापित कर संगठन को नये आयाम दिये हैं और इस बार भी ऐसा ही होगा। मौके पर ओमप्रकाश सिंह, सामेला भगत, अशोक खत्री, भारत साहू, अनुप राय, तरुण देवघरिया, जयप्रकाश साहू, जोद्धनारायण साहू, लाल निरंजन शाहदेव, विशेश्वर दीन, लखन उरांव, कलावती देवी, छवि सिंह, मिथुन तमेड़ा, लाल अविनाश शाहदेव, बाल्मीकि कुमार, सचिन सिंह, विजय महतो, पवन प्रजापति, तुलसी उरांव, दिनेश सिंह, अमित कुमार, अंकित साहू, ऋषभ कुमार, आयुष तमेड़ा थे।

# मीलेट को लेकर भाजपा ने चलाया जागरूकता अभियान



खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की अध्यक्ष कलावती देवी की अध्यक्षता में नगर मंडल अंतर्गत गुदरी बाजार स्थित अटल भवन में मोटा अनाज का सेवन (मीलेट) को लेकर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित की गयीं।

इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उरांव, कला प्रकोष्ठ और मोटा अनाज सेवन जागरूकता अभियान प्रदेश संयोजिका जयश्री इंदवार, एसटी मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष भोगेन सोरेन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन पुष्प अर्पण एवं वंदेमातरम् गीत के साथ शुरुआत की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने घर का बना मोटे अनाज (पांच तरह के मिले मोटे अनाज का दलिया) का स्वाद चखा। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष गंगोत्री कुजूर ने कहा कि आज हम आधुनिक युग के दौर में अपनी आहार को बदल रहे हैं जो हमारे शरीर पर दुष्प्रभावी है। हम सभी जनजातीय क्षेत्र के रहने वाले हैं पहले हमारे लोग ज्यादा मोटे अनाज को आहार के रूप में शामिल कर स्वास्थ्य और लंबी जीवन पाते थे। परंतु आजकल हम बच्चे तो बच्चे घर के बड़े भी फास्ट फूड को तवज्जो दे रहे वह अच्छी बात नहीं है। इसके सुधार में घर की महिलाएं उत्तम भूमिका निभा सकती हैं। यह अभियान जनहित का है।

**खास बातें :** जयश्री इंदवार ने कहा कि मोटे अनाज का सेवन हमारे स्वास्थ्य को बहुत से बीमारियों से छुटकारा पाने में मदद कर रहा है। यह लंबे रिसर्च के बाद इसे लेकर केंद्र की सरकार आमजन की चिंता करते हुए संगठन के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें महिलाओं को विशेष रूप में अभियान जोड़कर अभियान चलाया जा रहा जिससे घर के सदस्यों के आहार को सुधार व मोटे आहार शामिल करने में अहम भूमिका निभायेंगी। मनीर उरांव ने कहा जनजाति क्षेत्र में मोटा अनाज का सेवन बहुत पहले से कर रहे हैं। परंतु आहार को बताने में संकोच होता था परंतु मोदी जी के प्रयास से अपने आहार पर गर्व है। आज दुनिया अपनी संस्कृति वातावरण के अनुसार हमें आहार जरूरी है आधुनिक युग हमें स्वास्थ्य को भी ध्यान रख कर आहार शामिल करें। कार्यक्रम की संचालन भारती सिन्हा धन्यवाद ज्ञापन गीता उरांव ने की। मौके पर जिला उपाध्यक्ष सामेला भगत, अनिल उरांव, पशुपति नाथ पारस, अमरेश भारती, राधिका देवी, संगिता कुमारी, राखी पांडेय, गीता उरांव, पुष्पा देवी आदि भी थीं।

### सर्पदंश से गंभीर युवक सदर अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** सिमडेगा जिला के केरसई मांझटोली निवासी अमरुष टोप्पो का पुत्र अनूप (16) सर्पदंश से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे सदर अस्पताल गुमला में दोपहर के 2:30 बजे भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी देते हुए घायल के पिता अमरुष ने बताया कि सिमडेगा जिले के केरसई मांझा टोली के निवासी हैं। फिलहाल अनूप सिसई में रहकर पढ़ाई कर रहा है। वह देर रात अनूप अपने कमरे में सो रहा था तभी करैत सांप ने उसे कमर में डस लिया। जिसके बाद सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया है।

### चोरंगपाट के ग्रामीण को सर्प ने काटा

**गुमला।** विशुनपुर प्रखंड के गुरदरी थाना अंतर्गत चोरंगपाट का गौरा असुर (40) सर्पदंश से बुधवार को जख्मी हो गया। जिसे दोपहर लगभग 2 बजे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। परिजनों ने बताया कि देर रात गवरा शौच के लिए बाहर निकला था। उसी वक्त एक सांप ने उसे पैर में डंस लिया। जिसके बाद परिजन उसे तत्काल नजदीकी उप स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराये। जहां से उसे गुमला सदर अस्पताल भेजा गया।

### राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नही होता : डॉ देवशरण भगत जी



**रांची।** रांची जिला समिति की बैठक जिला अध्यक्ष संजय महतो जी के अध्यक्षता में हुई, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय प्रवक्ता देवशरण भगत जी उपस्थित रहे, बैठक में पार्टी के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा किया गया, पार्टी को मजबूत बनाने के लिए सभी सदस्यों को प्रेरित किया गया एवम मुख्य रूप से केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत जी ने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है, बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नही होता, जिससे आम जनता त्रस्त है, ऐसी स्थिति में आजसू पार्टी शांत नहीं रहेगी, प्रखंड मुख्यालयों में हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित कर सरकार का पदार्फाश करने का कार्य हमारी पार्टी करेगी, मंच का संचालन ज़िला प्रवक्ता रोशन मुंडा ने किया तथा विशेष रूप से चिरंजन महतो, श्याम कुमार महतो, गौतम साहू, जलनाथ चौधरी, बीरेंद्र सिंह भोक्ता, रामधन बेदिया, प्रकाश लकड़ा, त्रिलोचन महतो, प्रत्युष प्रशांत, बिप्लव बिस्वास, बीरेंद्र तिवारी, रविन्द्र करमाली, अमन सहदेव, जगरनाथ महतो, सुसेन प्रामाणिक, रमेश मुंडा, सूरज मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# रातू रोड बिड़ला मैदान में रामलीला महोत्सव शुरू



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रातू रोड बिड़ला मैदान में श्री रामलीला आयोजन समिति के तत्वावधान में बुधवार को रामलीला महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर हुआ। हरिद्वार के श्रीराम कथा वाचक पूज्य श्री कृष्णानंद जी महाराज ने श्री राम कथा वाचन प्रारंभ किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी रमेश सिंह, गौ सेवा आयोग झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, अध्यक्ष राजेश पांडेय, कार्यकारी अध्यक्ष भवेश सिंह, संरक्षक सैलेश्वर दयाल सिंह, डॉ. ए.के लाल, सचिव विजय पांडे, सूरज झा, संयोजक राजेश वर्मा, वरीय उपाध्यक्ष नीरज कुमार, सुमित कुमार, कोषाध्यक्ष सुधांशु साहा, उपाध्यक्ष विकाश सिंह, विनय वर्मा, महामंत्री अमित सोनी, प्रवक्ता आयुष वर्मा, मीडिया प्रभारी शिव किशोर शर्मा, प्रवक्ता आयुष राज वर्मा सहित बसंत दास, संदीप राणा, सूरज झा, सुबोध कुमार शर्मा, सुंदरम सिंह आदि मौजूद थे।

### उत्कृष्ट सेवा देने वाले डॉ संजय को सीएम ने किया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता



**भंडरा।** झारखंड ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन समिति स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने राज्य भर में उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा देने वाले डॉक्टर एवं मेडिकल कर्मियों को मुख्यमंत्री के हाथों सम्मान दिया गया।

इस सम्मान कार्यक्रम में भंडरा के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार को भी चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सदर अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी दीप्ति मल्लिका कुजूर को भी सम्मानित किया गया है। ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के द्वारा झारखंड के सभी जिलों से उत्कृष्ट चिकित्सा सेवा देने वाले चिकित्सक एवं पारा मेडिकल कर्मियों का चयन सिविल सर्जन की अनुशंसा पर किया गया था। जिसमें चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार को यह सम्मान दिया गया। डॉ संजय को सम्मान मिलने से पर भंडरा बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी सहित पंचायत प्रतिनिधियों एवं गणमान्यों ने उन्हें बधाई दी है।

# झारखंड चैंबर ने किया कोल्हान प्रमंडल का दौरा



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा जिलेवार दौरों का आयोजन जारी है। इसी क्रम में मंगलवार को चैंबर के पदाधिकारियों ने चाईबासा का दौरा कर, कोल्हान प्रमंडल के व्यापारियों व उद्यमियों के साथ बैठक की। फेड्रेशन को राज्यस्तरीय स्वरूप देने की दिशा में निरंतर किये जा रहे दौरों को उपयुक्त बताते हुए जिले के व्यापारियों ने वर्तमान पदाधिकारियों के प्रयासों की प्रशंसा की। बैठक के दौरान जिले में बंद खदानों से हो रहे आर्थिक नुकसान पर उद्यमियों ने चिंता व्यक्त की और कहा कि खदानों के बंद होने से सरकार के राजस्व संग्रह में कमी के साथ ही बेरोजगारी की समस्या भी बनी हुई है। बैठक के दौरान व्यापारियों ने खासमहल भूमि के लीज नवीकरण में होनेवाली समस्याओं से भी चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री को अवगत कराया जिसपर उन्होंने इस मुद्दे पर विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता के लिए आश्वस्त किया। बैठक में उपस्थित व्यापारियों ने जिले में चिकित्सकीय सुविधाओं के अभाव पर भी बातें रखी। अवगत कराया गया कि पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की अनुपलब्धता के कारण जिले के लोग जमशेदपुर और रांची पर निर्भर हैं। सरकार को चाईबासा में 100 बेड के सुपरस्पेशलिटी अस्पताल की स्थापना करनी चाहिए। झारखण्ड चैंबर के कोल्हान प्रमण्डल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीतिन प्रकाश ने इस क्षेत्र से गुजरनेवाली महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव चाईबासा स्टेशन पर करने की मांग के साथ ही चाईबासा और गिरिडीह के बीच सीधी ट्रेन चलाने की मांग की।

बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, अमित शर्मा, सह सचिव रोहित पोद्दार, प्रवक्ता ज्योति कुमारी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीतिन प्रकाश, चाईबासा चैंबर के अध्यक्ष मधुसूदन अग्रवाल, संस्थापक अध्यक्ष अनुप सुल्तानिया, पूर्व अध्यक्ष ललित शर्मा, उपाध्यक्ष शिवलाल अग्रवाल, नीतिन अग्रवाल, दुर्गेष खत्री, गोविंदा खेतान, सतीष करनानी, मृणाल सर्राफ, विवेक सिन्हा, अजय अग्रवाल, विकास अग्रवाल, मुकेष पोद्दार, गोपाल गोयल, महेश गोयल जयसवाल, अनूप जोशी, कोल्हान राइस मिल एसोसियेषन के अध्यक्ष राजीव खेरवाल समेत जिले के सैकडों व्यापारी उपस्थित थे।

# विधानसभा समिति ने किया कल्याण विभाग के छात्रावासों का निरीक्षण



छात्रों से जानकारी लेते समिति के लोग।

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड विधानसभा की अनुसूचित जाति, जनजाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति, झारखंड विधानसभा के नेतृत्व में समिति द्वारा कल्याण विभाग द्वारा संचालित बीएस कॉलेज परिसर स्थित तीनों छात्रावासों में रहने वाले छात्रों से मुलाकात की। इस दौरान सभापति लोबिन हेंब्रम ने छात्रों की समस्याएं सुनीं और उनके निवारण हेतु संबंधित विभागों को निर्देश दिया। छात्रावास परिसर में प्रकाश हेतु वेपर लाईट की व्यवस्था हेतु व जलजमाव के निवारण हेतु नाली निर्माण का निर्देश प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा को दिया गया।

छात्रों द्वारा छात्रावास में बरतन, चौकी, बेंच, मच्छरदानी, रसोईया की व्यवस्था, छात्रावास के बकाये बिजली बिल के भुगतान के लिए कल्याण विभाग को आवश्यक डिमांड सरकार से किये जाने का निर्देश दिया गया।

छात्रों द्वारा छात्रवृत्ति राशि में कटौती की शिकायत पर कल्याण विभाग को आवश्यक कार्रवाई किये जाने का निर्देश दिया गया। सभी 04 छात्रावासों में कंप्यूटर एवं वाईफाई की व्यवस्था किये जाने का निर्देश कल्याण विभाग को दिया गया। मौके पर समिति के सदस्य नमन विक्सल कोंगाड़ी, अमित कुमार यादव, अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल समेत सभी संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भविष्य की राह बेहतर बनाने को प्रेरक है नामधारी जी की आत्मकथा : हरिवंश

## एक सिख नेता की दास्तान आत्मकथा का लोकार्पण हुआ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखंड विधानसभा के प्रथम अध्यक्ष एवं 15वीं लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर श्री इंदर सिंह नामधारी की आत्मकथा एक सिख नेता की दास्तान का विमोचन करते हुए राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह ने कहा कि यह आत्मकथा उन लोगों के लिए प्रेरक है जो राजनीति के क्षेत्र में आगे बढ़ने को ईमानदारीपूर्ण राह बताती है। उनके अनुसार इंदर सिंह नामधारी का 6 बार का लंबा विधायी एवं एक बार का संसदीय अनुभव है। उनकी पुस्तक मोती के समान है और उनके जीवन से नई दृष्टि और संघर्ष की ताकत मिलती है। सृजनात्मक कदम उठाने का साहस इस पुस्तक से मिलता है और शासन-प्रशासन लोकतंत्र की खूबसूरती इसमें दिखती है। प्रारब्ध और मेहनत के बीच के संघर्ष का कई उदाहरण है और इसमें साहित्य का प्रेम अनुराग भी है। उनके अनुसार नामधारी ने किताब को बेबाक ईमानदारी से लिखा है और अपनी कमजोरियों पर भी प्रकाश डाला है। पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता कुणाल सारंगी ने बतौर समीक्षक कहा कि सिख होने के बावजूद इमानदारी पूर्वक शानदार प्रतिनिधित्व किया है और उनकी जीवनी से ऊर्जा मिलती है और गहरा प्रभाव डालती है। पाकिस्तान से आए और यहां उन्होंने राजनीति के नए मापदंड स्थापित किए जिन्होंने जाति धर्म जैसी संकीर्णता को ढहा दिया। उनके तीन मंत्र प्रयास, प्रारब्ध और प्रार्थना वास्तव में धर्म और राजनीति को सुचिता की राह पर ले चलते हैं। पूर्व मंत्री विधायक एवं भारतीय जनतंत्र मोर्चा के संरक्षक सरयू राय ने कहा कि उनके जीवन की सादगी, ईमानदारी, बेबाकपन, विधायी अनुभव, शासन प्रशासन के अनुभव झारखंड में उन्हें अलग मुकाम देती है और जो नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक है। विमोचन के मौके पर वाणी प्रकाशक के प्रबंध निदेशक एवं चेयरमैन अरुण माहेश्वरी, दैनिक प्रभात खबर के स्थानीय संपादक संजय मिश्रा, झारखंड गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह ने विचार रखे और अध्यक्षता गुरदीप सिंह पप्पू, संचालन कुलविंदर सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने किया।



विमोचन समारोह को संबोधित करते राज्यसभा के उप-सभापति हरिवंश।




पुस्तक का लोकार्पण करते श्री हरिवंश, लेखक इंदर सिंह नामधारी एवं अन्य अतिथि।

### झारखंड के निर्माण के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा नामधारी का नाम : शैलेंद्र महतो

झारखंड मुक्ति मोर्चा के पूर्व महासचिव पूर्व सांसद शैलेंद्र महतो ने झारखंड राज्य के अलग निर्माण में इंदर सिंह नामधारी की भूमिका को स्मरण किया और इसका श्रेय भी उन्हें दिया। उन्होंने कहा कि नामधारी ही वह शख्स हैं जिन्होंने भाजपा में रहते हुए झामुमो के गुरुजी शिबू सोरेन, मुझे और सूरज मंडल को तीन राज्यों के जिलों की जगह सिर्फ दक्षिण बिहार के जिलों को मिला कर अलग राज्य की मांग मान लेने के लिए प्रेरित किया। उनकी यह रणनीति कामयाब रही और भाजपा के आगरा राष्ट्रीय अधिवेशन में उन्होंने उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड अलग राज्य के निर्माण का प्रस्ताव पारित करवा कर ऐतिहासिक काम किया। इसलिए मेरा मानना है कि अगल झारखंड का जब भी इतिहास लिखा जायेगा तब नामधारी का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखा जायेगा।

### इन लोगों को किया गया सम्मानित

इस मौके पर सामाजिक के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले रविंद्र कुमार मिश्रा, जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता नीरज सिंह, आरजे स्मिता कुमारी, संदीप कुमार मुरारका अभिषेक अग्रवाल गोल्डी स्पेशल एथलीट के राष्ट्रीय कोच राजकुमार सिंह, जेएफसी यूथ टीम के कोच जगन्नाथ बेहरा, होटल क्रूज के एमडी हरजीत सिंह बिड्ढ, झारखंड बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला, खादी बोर्ड के मनोज सिंह, शिव शंकर सिंह, सेंट्रल गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारी प्रधान कुलदीप सिंह, तख्त श्री हरमंदिर जी पटना साहिब के महासचिव इंदरजीत सिंह, सेंट्रल सिख स्त्री सत्संग सभा की चेयरपर्सन बीबी कमलजीत कौर प्रधान रविंदर कौर सुखदीप कौर कमलजीत कौर गिल, अमरजीत सिंह, खालसा क्लब के ट्रस्टी संता सिंह टेंपलेट यूनियन के डिप्टी प्रेसिडेंट बलविंदर सिंह सोहल को उपसभापति द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ दिनेश सारंगी, डॉ मिनी सारंगी, तुलसी भवन के सचिव प्रसनजीत तिवारी पूर्व छात्र नेता रविंद्र नाचोगे जमशेदपुर बार एसोसिएशन संचालन समिति के सदस्य अधिवक्ता त्रिलोक नाथ ओझा अधिवक्ता भावेश कुमार, चंचल सिंह सुरजीत सिंह खुशीपुर बलविंदर सिंह सुखविंदर सिंह अमरजीत सिंह, केपी सिंह बंसल, भाजमो अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, संजीव आचार्य, चंद्रशेखर राव, स्वर्णरेखा बर्निंग घाट प्रबंधन कमेटी के गणेश राव सहित समाज के विभिन्न संगठनों के गणमान्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### भाजपा नेता नीरज ने जुस्को के एमडी से की भेंट



**जमशेदपुर।** बुधवार को भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह के नेतृत्व में सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार के साथ एक प्रतिनिधिमंडल टाटा स्टील यूटिलिटीज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर स्टक्चर लिमिटेड पूर्व में जुस्को के प्रबंध निदेशक ऋतुराज सिन्हा से मिला। इस मीटिंग का उद्देश्य कदमा और सोनारी की बस्तियों में पेयजल आपूर्ति के संबंध में था। नीरज सिंह ने कहा की मरीन ड्राइव में भी कई बस्तियां है जहां पेयजल की समस्या है और कदमा भाटिया बस्ती में भी कनेक्शन दिया गया है मगर वहां लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाता है।

### गोविंदपुर में युवक की गोली मार कर हत्या

**जमशेदपुर।** गोविंदपुर में अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे अश्विनी कुमार 28 वर्ष नामक युवक को अपराधियों ने गोली मार दी। घायल युवक को टाटा मोटर्स मेन हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उसने इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया। अपराधियों ने अश्विनी को खाकड़ीपाड़ा एसडी सकूल के पास गोली मारी। बताया जा रहा है कि अश्विनी को दीपक झा नामक युवक ने गोली मारी है। दीपक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों पर दु:ख का पहाड़ टूट पड़ा।

### जेएसए लीग : जमशेदपुर एफसी यूथ ने डोबो संग्राम को हराया

**जमशेदपुर।** गोपाल मैदान में जेएसए लीग सुपर डिवीजन में डोबो संग्राम संघा के खिलाफ जमशेदपुर एफसी यूथ टीम ने 4-1 से आसान जीत दर्ज की। जेम्स चोंगलोई और लॉमसांगजुआला के दो-दो गोल की बदौलत स्टील के युवा खिलाड़ियों ने मुकाबले में पूरे तीन अंक हासिल किए।

### ट्रेनों में अवैध हाकरों पर लगेगी रोक

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी रेलवे स्टेशन से अवैध हाकरो को ट्रेनो में रोक लगार्यी जायेगी। केवल लाइसेंसधारी हाकरों को ही ट्रेनो में चलने की अनुमती दी जायेगी। उक्त जानकारी कुमारधुबी जीआरपी पीपी प्रभारी राकेश रवि ने दी। साथ ही बताया कि अवैध हाकरों को पकड कर कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

### बालूमाथ में हाथियों के झुंड ने मचाया उत्पात

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के मारंगलोइया पंचायत के बारा एवं हेबना ग्राम में मंगलवार की देर रात हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया। कौलेश्वर महतो, बिंदेश्वर महतो के लगभग 50 डिसमिल जमीन में लगे मक्का की फसल को बर्बाद कर दिया। दिलीप उरांव खेत मे लगे आम बागवानी को तहस-नहस कर दिया। वहीं गनेशपुर पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या दो में जंगली हाथियों के झुंड ने आंगनबाड़ी केंद्र का खिड़की तोड़कर उसमें रखा हुआ चार बोरा चावल, बर्तन, बक्सा समेत कई सामानों को तहस-नहस कर दिया।

### बाइक से गिर कर महिला हुई घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ डीही मुरूप पथ पर पकरी ग्राम के पास एक बाइक मे बैठी महिला बंधवा देवी 30 वर्ष पति नारायण गंझु ग्राम हेसाबर मासियातु थानां बालूमाथ गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से घायल महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम की देखरेख में प्राथमिक उपचार किया गया। मिली जानकारी के अनुसार घायल महिला अपने घर हेसाबार मासियातु से रिस्तेदार के साथ बालूमाथ लेबर का काम करने आ रही थी। तभी पकरी ग्राम के पास तीखे मोड़ में अनियंत्रित होकर चलती बाइक से गिर गई।

## टाटा स्टील की 116वीं वार्षिक आमसभा को चेयरमैन ने किया संबोधित

# भविष्य में टाटा स्टील के लिए कई अवसर : एन चंद्रशेखरन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर/मुंबई।** टाटा स्टील लिमिटेड ने आज वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए शेयरधारकों की 116वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) वस्तुतः आयोजित की। टाटा स्टील के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन ने शेयरधारकों को दिए अपने भाषण में कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। कंपनी एक सरल शासन संरचना के लिए अपनी सरलीकरण यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर रही है। नटराजन चन्द्रशेखरन ने कहा कि टाटा स्टील ने भारत में जैविक पूंजी विस्तार और अकार्बनिक अधिग्रहण दोनों के माध्यम से अपने कारोबार को बढ़ाना जारी रखा है और भारत में समग्र 40 एमएनटीपीए क्षमता के अपने 2030 के लक्ष्य को प्राप्त करने के अपने उद्देश्य पर दृढ़ है। चेयरमैन ने कहा, हम लंबे उत्पाद खंड में नेतृत्व की स्थिति हासिल करने का प्रयास करते हैं। इस संदर्भ में, हमने नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) का अधिग्रहण किया। एनआईएनएल में अपनी निर्धारित क्षमता तक उत्पादन बढ़ाने से क्षमता में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, एनआईएनएल कलिंगनगर इको-सिस्टम का हिस्सा होने के नाते भविष्य में सहक्रियात्मक रूप से बढ़ने के लिए अच्छी स्थिति में है। एन चंद्रशेखरन ने कहा कि कंपनी सर्कुलरिटी में भी निवेश कर रही है और कम कार्बन वाले स्टील बनाने की दिशा में पूंजी लगा रही है। टाटा स्टील ने लुधियाना में 0.75 एमएनटीपीए की क्षमता के साथ इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस आधारित लंबे उत्पाद स्टील प्लांट की स्थापना के लिए पंजाब सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। यह संयंत्र दो साल के भीतर चालू होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, टाटा स्टील नीदरलैंड और टाटा स्टील यूके स्टील डिलीवरी बढ़ाने, उपज प्रदर्शन में सुधार, वाणिज्यिक मिश्रण को अनुकूलित करने और परिचालन लागत को कम करने पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेंगे। चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने आगे कहा, भविष्य में टाटा स्टील के लिए कई अवसर हैं, और कंपनी उनका लाभ उठाने के लिए अच्छी स्थिति में है। जैसे-जैसे हम यात्रा शुरू करेंगे, प्रबंधन टीम वैश्विक इस्पात उद्योग में कंपनी की प्रतिस्पर्धी स्थिति को बढ़ाने के लिए ग्राहक केंद्रितता, प्रौद्योगिकी, डिजिटल और स्थिरता पहल पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखेगी। कंपनी अपनी विकास रणनीति को क्रियान्वित करते समय वित्तीय रूप से विवेकशील होगी ताकि वह स्थायी मुक्त नकदी प्रवाह उत्पन्न कर सके और दीर्घकालिक हितधारक मूल्य बना सके।




एजीएम को संबोधित करते चेयरमैन एन चंद्रशेखरन। सबसे बायें बैठे हैं एमडी एंड सीइओ टीवी नरेंद्रन, दाहिनी ओर से कंपनी सचिव पी कांचिनाधाम, इडी एंड सीएफओ कौशिक चटर्जी।

**सीएसआर मद में 481 करोड़ रुपये कंपनी ने किया खर्च**

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के मोर्चे पर, कंपनी अपने व्यापक सीएसआर कार्यक्रमों के माध्यम से समुदायों के साथ जुड़ना जारी रखती है और वित्त वर्ष 2022-23 में 481 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। टाटा स्टील ने कोविड के बाद की वास्तविकताओं को संबोधित करने, जलवायु अभिसरण को बढ़ावा देने, अधिकारों को बढ़ाने और व्यवसायों के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए अपने फोकस क्षेत्रों का विस्तार किया। टाटा स्टील 3.15 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंची। उन्होंने बताया कि स्टैंडअलोन प्रदर्शन के नजरिए से, टाटा स्टील इंडिया ने 1,29,007 करोड़ रुपये का राजस्व दिया, जो पिछले वर्ष के राजस्व के अनुरूप था। 2022-23 के लिए कर पश्चात लाभ 15,495 करोड़ रुपये था। चेयरमैन ने बताया कि कंपनी के यूके परिचालन में, 6 बिलियन डॉलर ब्रिटिश स्टील पेंशन योजना के संबंध में, हमने पेंशन देनदारियों के लिए पूर्ण बीमा कवर सुरक्षित कर लिया है। इसका मतलब यह है कि पेंशनभोगियों को भविष्य में पेंशन भुगतान के लिए नकदी प्रवाह की गारंटी बीमाकर्ता द्वारा दी जाती है। 31 मार्च, 2023 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए, निदेशक मंडल ने प्रति इक्विटी शेयर 3.60 रुपये के लाभांश की सिफारिश की है।

## रेलवे थर्ड लाइन पुलिया बनने के कारण जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के मीडिया प्रभारी राम सिंह मुंडा ने, दक्षिण पूर्व रेलवे के एरिया मैनेजर को पत्र लिखकर मामले से अवगत कराते हुए कहा है कि सलगाझुड़ी रेलवे अंडर ब्रिज बनने से पहले ही वर्तमान अंडर ब्रिज रोड को बंद कर रेलवे लाइन बिछड़ने के क्रम में पुराने अंडर ब्रिज को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है, जिस कारण लगभग 15 पंचायत के ग्रामीण इलाके के लोगों का शहर से आवागमन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है, इस सड़क से प्रतिदिन हजारों लोग शहर के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों में काम करने के लिए जाते हैं, जबसे अंडर ब्रिज को बंद कर दिया गया है। तब से अनेक लोग समय पर, अपने औद्योगिक प्रतिष्ठानों में नहीं पहुंच पा रहे हैं, मरीज को एंबुलेंस से अस्पताल तक पहुंचाना भी मुश्किल हो गया है।



# धनबाद में फिर चली गोली

## लोडिंग प्वाइंट पर विवाद को लेकर हुई हिंसक झड़प

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**झरिया।** चांदमारी लोडिंग पॉइंट पर बुधवार की सुबह ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। कम से कम 10 राउंड गोलियां चली, पत्थरबाजी भी हुई। इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए है। पिछले कई दिनों से चांदमारी लोडिंग पॉइंट पर विवाद चल रहा था। यह विवाद आज हिंसक रूप ले लिया और फायरिंग होने लगी। इलाका धनसार और झरिया थाना के सीमा से सटा हुआ है। तत्काल इसकी सूचना पुलिस के वरीय अधिकारियों को दी गई। उसके बाद 5 थानों की पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। घायलों का इलाज कहा चल रहा है। इसका कुछ पता नहीं चला है लेकिन स्थिति तनावपूर्ण है। चांदमारी लोडिंग पॉइंट पर रघुकुल के समर्थक भी हैं तो सिंह मैंशन के समर्थक भी है। किसने क्यों गोली चलाई, इसका अभी खुलासा नहीं हुआ है। पुलिस फिलहाल स्थिति को नियंत्रण करने में लगी हुई है। कोयलांचल के लोडिंग पॉइंट टकराव के कारण होते है। मजदूरों के नाम पर, दंगल के नाम पर यहां से वसूली होती है। मजदूर जिस नेता के अधिक दंगल होते हैं, उनकी आमदनी भी अधिक होती है। विवाद के असली कारण का तो अभी खुलासा नहीं हुआ है।



## जमशेदपुर के 68 छात्रों ने सीए और 73 ने इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने बुधवार 5 जुलाई को चार्टर्ड अकाउंटेंट्स फाइनल और इंटरमीडिएट मई 2023 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए। जमशेदपुर शाखा से कुल 240 छात्र अंतिम परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 68 छात्रों ने सीए परीक्षा उत्तीर्ण की। स्वास्तिका चेतानी सिटी टॉपर बनी। कई छात्र पहले या दूसरे समूह के लिए भी उपस्थित हुए, जिनमें से कुल 39 छात्र उत्तीर्ण हुए। जमशेदपुर शाखा से सीए इंटर की परीक्षा में कुल 359 छात्र शामिल हुए थे, जिनमें से 73 छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की और सीए फाइनल में प्रवेश किया। प्रथम समूह और द्वितीय समूह के लिए कई छात्र शामिल हुए, जिनमें से कुल 52 छात्र उत्तीर्ण हुए। परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों में तनिष्क अग्रवाल, तनुमय गोराई, सौरव कुमार, आदित्य कुमार सिंह, निश्चल गिरी, राहुल सकुजा, डिंकी मित्तल, केशव शर्मा, शोभा खंडेलवाल आदि शामिल हैं। यह जानकारी आईसीएआई के जमशेदपुर शाखा की चेयरपर्सन अंकिता अग्रवाल ने दी।





## कांग्रेस ने शिवराज चौहान का पुतला फूंका

आदिवासी युवा पर सरेआम मूत्र विसर्जन भाजपाईयों की संस्कार हीनता का प्रमाण : आनंद बिहारी दूबे



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन साकची गोलचक्कर पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में आयोजित हुआ। दूसरी ओर नगर कांग्रेस की ओर से अध्यक्ष धर्मेन्द्र सोनकर के निर्देश पर चौहान का पुतला दहन रईस छब्बन की अगुवाई में बिष्टुपुर सिग्नल पर किया गया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश राज्य के भाजपा शासन में सत्ता के नशे में चूर अहंकारी भाजपा कार्यकर्ता द्वारा आदिवासी युवक पर पेशाब करने की घटना ने पूरे देश को शर्मसार किया है। यह घटना भाजपा शासन में आदिवासियों को प्रताड़ित एवं अपमानित करने की चरम सीमा है। भाजपा के द्वारा आदिवासियों के प्रति निकृष्ट मानसिकता को उजागर करते हुए उनके झूठे आदिवासी प्रेम का पदार्फाश करना अत्यंत आवश्यक है। इस शर्मनाक घटना के विरोध में मध्यप्रदेश प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह

# चंदवा: कलावती देवी हत्याकांड में भैसुर व ननदोई गिरफ्तार

## पति के जेल जाने के बाद दूसरे युवकों से अवैध संबंध का था शक

**खुलासा**

- गला घोट कर हत्या के बाद आत्महत्या का रूप देने की नीयत से फांसी से लटकाया गया था शव
- चर्चित डायन बिसाही के शक शिबल गंझू-बवनी देवी हत्याकांड मामले जेल में बंद है मृतका का पति धीरज मुंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन के कुशल नेतृत्व में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र व चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने बीते 2 जुलाई को थाना क्षेत्र अंतर्गत बरवाटोली हेसालोंग में कलावती देवी के संदेहास्पद मौत मामले का सफलतापूर्वक उदभेदन महज 3 दिनों में कर दिया। हत्याकांड में संलिप्त मृतका की सास, भैसुर ब नन्दोई को गिरफ्तार कर बुधवार को मंडल कारा भेज दिया। बुधवार को चंदवा थाना में आयोजित प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि मृतका कलावती देवी का पति धीरज गंझू विगत 2 माह पूर्व चर्चित डायन बिसाही के शक में वृद्ध दम्पति शिवल गंझू व बवनी देवी हत्या कांड मामले जेल में बंद है। धीरज गंझू के जेल जाने के बाद धीरज की मां सुकरी देवी को शक था कि धीरज की पत्नी कलावती देवी का अवैध प्रेम प्रसंग किसी युवक के साथ चल रहा है। जिसको लेकर लगातार झगड़ा मारपीट होती रहती थी। इसी क्रम में कलावती देवी की सास सुकरी देवी ने अपने बड़े बेटे (मृतका का भैसुर) ब्रजकिशोर मुंडा व बेटी के पति (नन्दोई) बीरु मुंडा (टांटी कुडू) के साथ 1 जुलाई की रात्रि घर मे घूँसाकर पहले कटकर कलावती देवी की हत्या गला घोंट कर की उसके बाद आत्महत्या का रूप देने के नियत से उसके शव को फांसी के फंदे से लटका दिया। हालांकि इनका यह मंसूबा विफल साबित हुआ व मृतका के भाई शत्रुघ्न मुंडा (ग्राम जोगना, थाना - सेन्हा, जिला - लोहरदगा) के द्वारा आवेदन देकर हत्या का अंदेशा जाहिर किए जाने के बाद जांच पड़ताल की तो मामला खुलकर सामने आ गया। पुलिस ने घुटने पर रस्सी को भी बरामद कर लिया है। छापामारी दल में पुनि सह थाना प्रभारी बबलू कुमार, पुअनि जमील अंसारी, सुनील टूटी, धर्मेंद्र कुमार महतो, सअनि रामप्रसाद राम, महिला आरक्षी संगीता देवी व सैट 202 के जवान शामिल थे।

### बेबी देवी ने किया बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण



**बोकारो।** दिशा सस्था की बैठक में शामिल होने बोकारो आई नव चयनित उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग की मंत्री बेबी देवी ने पहले नया मोड़ स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर झामुमो के जिलाध्यक्ष समेत कई नेता मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि वे लोगों के हित के लिए हमेशा काम करती रहेंगी और अपने पति दिवंगत जगरनाथ महतो के अधूरा कार्यों को पूरा करेंगी।

## खबर एक नजर में

### बारीडीह चौक पर कोंका करमाली को दी गयी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** बुधवार को झारखंड जानतांत्रिक महासभा के सदस्य कोंका कमार करमाली को श्रद्धाजली देने बारीडीह चौक पहुंचे। पहुंचकर महासभा ने सबसे पहले कोंका कमार करमाली को श्रद्धांजलि दिया। मूर्ति पर माला चढ़ाकर उनके संघर्ष और बलिदान को याद किया। मौके पर महासभा के कृष्णा लोहार और दीपक रंजीत ने कहा कि कोंका कमार करमाली बिरसा मुंडा के उलगुलान के दौरान अत्र-शस्त्र का उपलब्ध करवाते थे। साथ ही उनके प्रमुख सिपाही में से एक थे। लेकिन इतिहास के पन्नों पर खोजने पर उनका नाम नहीं मिलता है। इतिहास के पन्नों पर तो छोड़ दीजिए झारखंडी समाज के लोग भी उनके नाम से अनिभिज्ञ है। इसलिए उनके नाम को इतिहास में दर्ज करवाने के लिए साथ ही समाज के लोगों तक पहुंचाने के लिए उनका मूर्ति स्थापित किया गया है। महासभा हमेश से ही झारखंडी गुमनाम शहीदों को मुख्य पटल पर लाने के लिए तत्पर है। उन्हें सम्मान देने के लिए तत्पर है। कोंका कमार करमाली बोकारो के करमार प्रखंड के ओरमो गांव के निवासी थे। मौके पर बिद्धत सेनगुप्ता, महाराज कर्मकार, छोटू सोरेन, सोमनाथ पड़िया, सागर पाल, दिनकर कच्छप, बलराम कर्मकार, जयनारायण मुंडा, गुरुचरण कर्मकार, बाबू लोहार, अजय लोहार, सूरज लोहार, बसंती सरदार, जोगेंद्र लोहार, रोनित कर्मकार, छोटू कुमार, लखन लोहार शनिता सोरेन, सरिता हो आदि लोग उपस्थित थे। साथ ही बिरसा सेना और बारिडीह ग्राम के संघर्ष के लिए उन्हें हूल जोहार किया।

### कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मिले रामाश्रय



**जमशेदपुर।** बुधवार को रांची स्थित नेपाल हाउस में झारखंड प्रदेश के वरिष्ठ नेता एवं एआईसीसी के सदस्य रामाश्रय प्रसाद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल कृषि एवं सहकारिता विभाग के मंत्री बादल पत्रलेख से मुलाकात की। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा दी जा रही सारी सुविधाएं एवं योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा हुई और जल्द ही पूरे कोल्हान में किसान को कृषि विभाग द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं एवन योजनाओं के बारे में जानकारी नुक्कड़ सभाओं द्वारा दी जाएंगी और साथ ही समय पर बारिश नहीं होने से किसानों को होने वाले समस्याओं के बारे में भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया गया। मंत्री ने आश्वस्त किया इस समस्या पर उनका ध्यान है इस समस्या का आकलन सरकार द्वारा किया जा रहा है। पूरे आकलन के बाद इससे होने वाली नुकसान पर निगाह रखेगी और उसका समाधान भी किया जाएगा। इसके पूर्व रामाश्रय प्रसाद ने कांग्रेस नेता सुबोध कांत सहाय के आवास पर मिलकर रांची लोकसभा के चुनाव पर ग्रहण चर्चा की गई। इस मौके पर नरेश कुमार सिंह सुरेश कुमार एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

### हेमकुंड पब्लिक स्कूल में नेत्र जांच का आयोजन



जमशेदपुर। गोलमुरी स्थित हेमकुंड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों और परिजनों के लिए निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया । नेत्र जांच शिविर मे 450 विद्यार्थियों और परिजनों का नेत्र जांच नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुश्रुत आनंद और उनके टीम द्वारा किया गया। शिविर का उद्घाटन स्कूल के निदेशक पारस नाथ मिश्रा और सिदगोरा थाना प्रभारी रंजीत कुमार ने नेत्र जांच करवा कर किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पारस नाथ मिश्रा ने कहा की व्यक्ति को आंख के प्रति बहुत सचेत रहते हुए डॉक्टर का सलाह लेते रहना चाहिए ताकि छोटी समस्या बड़ी बिमारी का रूप न ले। पारस नाथ मिश्रा नर मोबइल का प्रयोग कम से कम करने पर जोर दिया। पारस नाथ मिश्रा ने कहा की हेमकुंड पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के स्वास्थ के प्रति गंभीर है इसी लिए इस शिविर का निरंतर आयोजन किया जाएगा। मौके पर डॉक्टर सुश्रुत आनंद ने कहा कि ढाई साल के उम्र में बच्चों के आंख की पहली जांच चिकित्सक से अवश्य करा लें। कार्यक्रम मे मुख्य रूप से सिदगोरा थाना प्रभारी रंजीत कुमार, गुरदीप सिंह, डॉक्ट आनंद , कुलदीप सिंह और विभिन्न सामाजिक संघठन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### टाटा मोटर्स पुणे इकाई के यूनियन नेताओं का अभिनंदन




**जमशेदपुर।** बुधवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में पुणे से आए हुए कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष आई आर अधिकारी एवं यूनियन प्रतिनिधियों का जोरदार ढंग से स्वागत किया गया। सभी को स्मृति चिन्ह पुष्पगुच्छ एवं शॉल उड़ाकर स्वागत किया गया। टाटा मोटर्स के ई आर हेड सौमिक रॉय ई आर अधिकारी राजीव श्रीवास्तव एवं महामंत्री आरके सिंह ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। महामंत्री ने अपने संबोधन में कहा टाटा मोटर्स पुणे और जमशेदपुर दोनों में बहुत सारी समानताएं बताई। हम दोनों एक ही लक्ष्य के लिए काम करते हैं। इसलिए आपस में हमेशा तालमेल से चलने का प्रयास हमेशा रहता है और यूनियन को बेहतर ढंग से चलाने के लिए मैं अन्य यूनियन के अध्यक्ष महामंत्री से लगातार वातार्लाप करता रहता हूं। हमारे यहां की एस डी टी टीम बहुत अच्छा कार्य कर रही है। इसका फायदा हम सबको मिलेगा वर्तमान समय में टाटा मोटर्स को और नई ऊंचाइयों पर ले जाने का चैलेंज हम सबके लिए है। मजदूरों बेहतर वातावरण में कार्य करें यह भी जिम्मेवारी यूनियन की है। इस अवसर पर पुणे से आए हुए साथियों ने वहां के अध्यक्ष ने स्वागत के लिए आभार व्यक्त किया एवं निमंत्रण दिया कि आप सभी पुणे आए ताकि हम लोग मेहमान नवाजी कर सकें। मंच संचालन प्रकाश विश्वकर्मा ने किया धन्यवाद ज्ञापन एचएस सैनी ने किया।

### इनर व्हील क्लब जेएसआर ईस्ट ने तीन प्रोजेक्ट से की नये सत्र की शुरुआत




**जमशेदपुर।** लक्ष्य गो ग्रीन के तहत रेड रोज स्कूल मानगो में फलदार एवं छायादार वृक्षों के 15 पौधे लगाएं गए। छात्रों को अपने घरों में वृक्षारोपण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया गया और उन्हें वृक्षारोपण के लाभों के बारे में जागरूक किया गया। इस परियोजना को अपने विद्यालय में क्रियान्वित करने के लिए सबसे वरिष्ठ सदस्य अशोका प्रसाद को हमारा हार्दिक धन्यवाद। क्लब ने 5 प्रतिष्ठित डॉक्टरों और 2 प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को धन्यवाद देते हुए अपना प्यार और आभार व्यक्त किया। मौके पर नई अध्यक्ष संपा, पीपी अर्चना, नई उपाध्यक्ष संचिता डे, कोषाध्यक्ष नीलिमा प्रकाश, नीमा उपस्थित थीं।

# बढ़ता शोषण, घटती संवेदना और चुप सरकार




**महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में यूपी सबसे ऊपर क्यों है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मैनपुरी नवोदय विद्यालय की छात्रा का शव छात्रावास में मिला था। छात्रा का परिवार बार-बार प्रशासन से गुहार लगाता रहा कि सच्चाई सामने लाइए। लेकिन कुछ नहीं हुआ।**

**प्रियंका गांधी**

**शिवम**

हैदराबाद में 28 नवंबर को महिला पशु चिकित्सक के साथ जो कुछ हुआ, वह दिसंबर 2012 की एक सर्द रात दिल्ली में निर्भया के साथ घटी की पुनरावृत्ति मात्र ही था। यह भी कम चिंताजनक नहीं है कि दोनों महिलाओं के साथ यह बर्बरता राजधानियों में हुई- एक देश की, और दूसरी तेलंगाना की राजधानी में। इन दोनों शहरों की पुलिस को संसाधनों के मामले में देश में अव्वल माना जाता है और दोनों क्षेत्रों की सरकारें महिलाओं के लिए इन शहरों के सुरक्षित होने का दावा करती हैं। जब तक मीडिया और नागरिक अधिकार संगठनों ने हल्ला-गुल्ला नहीं मचाया, दोनों प्रसंगों में हमें एक जैसी संवेदनहीन राजनीति और पुलिस कार्रवाई दिखी। क्या आज ऐसी घटना बंद हो गयी है। क्या कड़ें कानून का कोई असर हुआ है?

ऐसा क्यों हो सका कि निर्भया कांड के बाद इतना सब कुछ होने के बावजूद हैदराबाद हो गया? निर्भया के बाद कानून सख्त किया गया और बलात्कार के मामलों में मृत्युदंड का अनिवार्य प्रावधान कानून का अंग बना। साथ ही, दूसरे कानूनी झोल दूर हुए और तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए निर्भया फंड की व्यवस्था की गई। यह अलग बात है कि विधायिका की बहसों और सूचना के अधिकार के तहत अलग-अलग स्रोतों से मिली जानकारियों से स्पष्ट है कि इस फंड का बड़ा हिस्सा या तो खर्च ही नहीं हुआ या बहुत से मामलों में उसका दुरुपयोग हुआ। स्पष्ट है, इस महान जगद्गुरु देश में वांग्मय में भले औरत को देवी घोषित कर दिया जाए, लेकिन उसे एक मनुष्य के रूप में जीने का अधिकार देने में शासक वर्ग की कोई दिलचस्पी नहीं है।

यदि निर्भया कांड के बाद तंत्र सचमुच गंभीर हुआ होता, तो यह कैसे संभव हुआ कि हैदराबाद की पीड़िता के परिजन अपनी रपट लिखाने के लिए एक से दूसरे थाने की दौड़ लगाते रहे और वह मूल्यवान समय जाया हो गया, जिसमें भाग-दौड़ करने पर कम से कम उसकी जान बच सकती थी। निर्भया के मामले में भी ऐसी ही लापरवाही हुई थी। इस बार भी नेताओं ने उतने ही गैर-जिम्मेदाराना बयान दिए। सोशल मीडिया पर लताड़े जाने पर तेलंगाना के गृह मंत्री ने अपना अविवेकी वक्तव्य वापस लिया।

हर गंभीर प्रकरण की ही तरह यह प्रसंग भी एक विस्तृत विमर्श की मांग करता है। भारतीय पुरुषों को यह समझने की जरूरत है कि स्त्री के शरीर पर उसका अपना अधिकार है और मनु की यह व्यवस्था कि वह वय की विभिन्न स्थितियों में पिता, पति या पुत्र के अधीन होगी, एक मनुष्य विरोधी अवधारणा है। इन संस्कारों से मुक्त होने पर ही भारतीय पुरुष यह स्वीकार कर सकेगा कि बलात्कार या उसके भय से मुक्त होकर निर्द्वंद्व विचरण, पोशाक का चयन या रोजगार औरत के मौलिक अधिकार हैं। तभी बीमार मानसिकता वाले ऐसे तर्क नहीं दिए जा सकेंगे कि लड़कियां अपने कपड़ों, देर तक बाहर घूमने या लड़कों से दोस्ती के चलते खुद बलात्कार को निमंत्रित करती हैं। ये तर्क सिर्फ कम पढे-लिखे लोगों के मुंह से ही नहीं, अक्सर भारी-भरकम डिग्रियों वालों के मुखारविंद से भी सुनने को मिलते हैं। कई बार कुछ महिलाएं भी ऐसी राय प्रकट करती दिखती हैं। सिमोन द बुआ ने लिखा था कि औरत पैदा नहीं होती, उसे बनाया जाता है। अपने प्रचलित मूल्यों से समाज उसे 'अच्छा' या 'बुरा' बनाता है। भारतीय समाज तो इस मामले में ज्यादा शातिर है। वह औरत को 'देवी' घोषित कर देता है और इस तरह उसके इंसानी हकूक से अपना पीछा छुड़ा लेता है। एक लंबी लड़ाई के बाद ही भारतीय पुरुष को यह सिखाया जा सकेगा कि स्त्री देवी नहीं, हाड़-मांस युक्त एक मनुष्य है और हिंसा मुक्त जीवन उसका मौलिक अधिकार है।

निर्भया से लेकर हैदराबाद की घटना तक अनगिनत मामलों में पीड़ित परिवारों को पुलिस और न्याय दिलाने वाले तंत्र की असंवेदनशीलता से जूझना पड़ा है। एफआईआर दर्ज कराने में हर बार देरी होती है और हर बार वह कीमती समय नष्ट होता है, जो किसी शिकार को शिकारियों के चंगुल से बचा सकता है या अपराधियों तक पहुंचने में पुलिस की मदद कर सकता है। हैदराबाद के मामले में कुछ पुलिसकर्मियों को हर बार की तरह निलंबित किया गया है, पर मेरा अनुभव कहता है कि हर बार की तरह कुछ महीने बाद ये सभी बिना किसी दंड या बहुत छोटी सजा के साथ बहाल कर दिए जाएंगे। क्या इस पर गंभीरता से विचार नहीं किया जाना चाहिए कि सीआरपीसी और पुलिस रेगुलेशन में ऐसे संशोधन किए जाएं कि गंभीर मामलों में फरियादी बिना क्षेत्राधिकार के पचड़ें में उलझे किसी भी थाने को सूचित करके कार्रवाई की मांग कर सके? क्षेत्राधिकार का मसला जिले का एसपी एक निश्चित समय-सीमा के अंदर निपटाए। पुलिस रेगुलेशन में ही अंर्तिनहित प्राविधान होने चाहिए कि एफआईआर दर्ज न करने वाले की न्यूनतम सजा सेवा से बर्खास्तगी होगी। हर बार शोर-शराबे के बाद ही फास्ट ट्रैक कोर्ट की स्थापना क्यों हो? इसके कानूनी प्रावधान होने चाहिए कि स्त्री हिंसा के मामले फास्ट ट्रैक अदालतों में ही सुने जाएं।

निर्भया के समय जो सवाल पूछा गया था, वही इस बार फिर से पूछे जाने की जरूरत है। क्या हैदराबाद में हुई दंरदगी भारतीय पुरुषों के आचरण और कानूनों में कोई बड़ा बदलाव ला सकेगी?

हमें एक सामूहिक धिक्कार की जरूरत है। चीख-चीखकर कहने की जरूरत है कि हम एक अपराधी समाज हैं, जो अपने दलितों व औरतों के साथ अमानवीय आचरण करते रहे हैं। कहीं ऐसा न हो कि तमाम घटनाओं की तरह हैदराबाद का शर्मनाक वाकया भी हमारी सामूहिक चेतना को अल्प अवधि तक झकझोरने के बाद कुछ दिनों में हमारी स्मृतियों से बिला जाए और हम फिर शुतुरमुर्ग की तरह दोषारोपणों की रेत में गर्दन घुसेड़े, हमारे अपनों के साथ ऐसा कुछ न हो, इस कामना के साथ अगली वारदात की प्रतीक्षा करते रह जाएं।

आशा की केवल एक किरण है। निर्भया के मामले में हमने देखा कि बड़ी संख्या में महिलाएं और नागरिक अधिकार संगठन सड़कों पर आए और सरकार को अनेक सकारात्मक कदम उठाने पड़े। मूल्यों के स्तर पर भी यह छोटी बात नहीं है कि अब ज्यादा लड़कियां बलात्कार की शिकायत लेकर सामने आ रही हैं और ज्यादातर मां-बाप भी उन्हें कोसने की जगह उनके साथ मजबूती से खड़े दिखते हैं। यह बात ज्यादा लोगों की समझ में आ रही है कि बलात्कार के बाद शर्मिंदा पीड़िता को नहीं, अपराधी को होना चाहिए। कामना है कि यही स्वर इस बार और मजबूत हो, तभी वह प्रक्रिया आगे बढेग़ी, जो निर्भया के साथ शुरू हुई थी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## इस व्यवस्था में राम राज्य की कल्पना?



**स्वामी मुक्तरथ**

गांधी जाति-व्यवस्था को रामराज्य के लिए सबसे घातक मानते थे. 24 जनवरी, 1928 को सौराष्ट्र के मोरबी रियासत के राजा की उपस्थिति में मोढ़ बनिया जाति के लोगों ने महात्मा गांधी को मानपत्र भेंट किया। वही मोढ.बनिया जाति जिसने गांधी के लंदन पढ़ने जाने के निर्णय के बाद उन्हें जाति से बहिष्कृत कर दिया था। मानपत्र लेने के अवसर पर गांधी ने समूची जाति-व्यवस्था को ही रामराज्य अथवा स्वराज्य के लिए घातक बताते हुए कहा था - 'मैं यह माननेवाला रहा हूं कि (जाति के) इन छोटे-छोटे बाड़ों का नाश होना चाहिए. मुझे इस बारे में कोई शक नहीं कि हिन्दू-धर्म के भीतर जातियों के लिए कोई जगह नहीं है. और यह मैं मोढ.या दूसरी जो भी जातियां यहां पर हों उन्हें ध्यान में रखकर कहता हूं. ...आप सबसे मोढ़ जाति के निमित्त मैं यह कहना चाहता हूं कि जाति के बाड़ों को भूल जाइये. आज जो जातियां हैं उनको यज्ञ की आहूति के रूप में उपयोग कर स्वाहा कीजिए और नई जाति न बनने दीजिए। आपको पता नहीं होगा कि मैंने अपने एक लड़के का ब्याह जाति से बाहर किया है.'रामचरितमानस में तुलसीदास ने लिखा था -

**दैहिक दैविक भौतिक तापा। राम राज नहि काहुहि ब्याप।।**
**सब नर करहि परस्पर प्रीती। चलहि स्वधर्म निरत श्रुति नीत।।**

यानी 'रामराज्य' में किसी भी मनुष्य को दैहिक, दैविक और भौतिक समस्याओं से परेशान नहीं होना पड़ता. सभी मनुष्य आपस में प्रेम से रहते हैं. वे नीति और मर्यादा में तत्पर रहकर अपने-अपने मनुष्योचित धर्म का पालन करते हैं। लेकिन अब तुलसीदास को भी कथित 'रामभक्तों' ने इतना संकीर्ण बना दिया है हालांकि ऐसे भेडियायाधसान 'भक्तों' की आशंका उन्हें पहले से ही रही होगी इसलिए उन्होंने अपनी एक अन्य पुस्तक 'दोहावली' में लिखा है -

**तुलसी भेड़ी की धंसनि, जड़ जनता सनमान।**
**उपजत ही अभिमान भो, खोवत मूढ़ अपान।।**

तुलसीदास कहते हैं कि भोली जनता तो भेड़यिाधसान के समान है - एक भेड़ जहां गिरा, सब वहीं गिरने लगते हैं. इसलिए ऐसी जनता से मिली मान-बड़ाई भी मिथ्या ह। इसे पाकर जिसके मन में अहंकार उत्पन्न होता है, वह मनुष्य मूढ़तावश अपना आपा खो बैठता है और अपने पद से गिर जाता है।

**बलि मिस देखे देवता, कर मिस मानव देव।**
**मुए मार सुविचार हत, स्वारथ साधन एव।।**

यानी बलि के बहाने देवताओं की देवताई भी देख ली. और कर (टैक्स) के बहाने शासकों को भी देख लिया. ये सब अच्छे विचार से हीन होते हैं. ये मरे हुए को ही मारते हैं और केवल अपना स्वार्थ ही साधते हैं।

# आज के समय में जीवन मूल्य कहां से आते हैं?

**भालचंद नेमाड़े**

हमारे आज के लेखन के मूल में जो सिद्धांत हैं, वे हमारे अपने हैं या पराई वाङ्मयीन संस्कृति के हैं, इस पर विचार होना चाहिए। अर्थात, क्या वे हमारे अपने साहित्य पर आधारित हैं? उदाहरणार्थ, रोमांटिसिज्म। यह सिद्धांत हमारे कालिदास या गाथासप्तशती पर आधारित है या इंग्लैंड के वर्डस्वर्थ या शेली वगैरह पर आधारित है? मैं समझता हूं कि हमने अपने साहित्य को यूरोप केंद्रित ही बनाए रखा है। इसी कारण हम पराये देश, पराई भाषा और पराये साहित्य में बने मानदंडों को बेहिचक हमारी अपनी भूमि पर निर्मित साहित्य पर चस्पां कर देते हैं। इससे हमारे साहित्य के साथ बहुत बड़ा अन्याय हो रहा है। उपनिवेशवादी प्रवृत्तियों के कारण आज तक हम हमारे अपने ऐसे मानदंड तैयार नहीं कर पाए हैं। इसके लिए आत्मविश्वास की दरकार होती है। अपने देशीय होने का एहसास बुलंद होना आवश्यक होता है। हम रियलिज्म, रोमांटिसिज्म से लेकर महाकाव्य तक में उन्हीं के मानदंडों का प्रयोग करते हैं। हम मिल्टन का पैराडाइज लॉस्ट बतौर महाकाव्य पढ़ते हैं। मगर महाभारत पढ़ने के बाद हमें पता चलता है कि असल महाकाव्य होता क्या है। जिस रचना में ऐसे असीम और इतने सारे युग समाते हों, उसी को महाकाव्य का दर्जा देना चाहिए। ऐसे मानदंड हमें स्वयं तैयार करने होंगे। तब जाकर हम दृढ़ता से कह पाएंगे कि अंग्रेजी में महाकाव्य है ही नहीं। असल में दुनिया को महाकाव्य की परिभाषा हम दे सकते हैं। यह अनुचित है कि दुनिया हमें महाकाव्य का सबक दे।

हमारा साहित्य पहले से ही सजग संवेदनाओं से भरा हुआ है। पर हमारे द्वारा उधार ली गई विधाओं के कारण ये संवेदनाएं विकृत हो जाती हैं। आज जब मैं अमीर खुसरो को पढ़ता हूं, तब वह मेरे इतने करीब आता है कि लगता है कि उसमें गहराई में जाने लायक बहुत कुछ है। पर यदि मैं उस पर युरोप केंद्रित सिंबॉलिज्म वगैरह औजारों से सोचता हूं, तो मेरे लिए अपनी सही संवेदनाएं अभिव्यक्त करना भी संभव नहीं होता। खुसरो में हम पूरा युग समय, संस्कृतियां देख सकते हैं। केवल सूफी और भक्ति नहीं, बल्कि इस्लाम का भारतीयता के एक हिस्से के रूप में एकत्रित होना भी अनुभव किया जा सकता है। पर हमारे



यहां अमीर खुसरो कभी चर्चा के केंद्र में नहीं होते, क्योंकि हमारी संवेदनाएं ही संकरी हो गई हैं। इसके विपरीत यूरोप केंद्रित लेखक बार-बार चर्चा के केंद्र में आ जाते हैं। यूरोप केंद्रित मानदंडों के कारण हमारा काफी नुकसान हो रहा है।सरकारी स्कूलों में निचली कक्षाओं में कविता पढ़ाई जाती है : आओ आओ बादल आओ, अपने संग बरखा भी लाओ। यह हमारा एक संस्कृतिपरक मूल्य है, क्योंकि हमारे उष्ण कटिबंधीय प्रदेश में लोगों को बरसात की हमेशा प्रतीक्षा करनी पड़ती है। पर अंग्रेजी स्कूलों में इसके ठीक विपरीत रेन रेन गो अवे पढ़ाया जाता है, क्योंकि युरोप में बारह महीने बरसात ही होती है। इसलिए रेन रेन गो अवे इंग्लैंड के लोग कहें, तो ठीक है, पर हमारे स्कूलों में ऐसा कुछ पढ़ाया जाए, तो उसका असर ठीक नहीं होगा।

संपूर्ण मानव जाति की एक ही मूल्य-व्यवस्था है, ऐसा हम नहीं कह सकते। असम में एक जगह हम लोग गए थे। हमने पाया कि वहां के लोग गाय का दूध नहीं पीते। उनका कहना है कि दूसरे की मां का दूध पीना एक अनिष्ट मूल्य है। हम मुंबई में भैंस का जो दूध पीते हैं, वह नर भैंसों को मारकर ही पीते हैं न! आरे कॉलोनी में नए-नए जन्मे भैंस के बछड़ों को बतौर खाद ट्रकों में भर-भरकर ढोकर ले जाने का ठेका दिया जाता है। अतः गाय-भैंस का दूध पीना पाप है, यह मुझे तब पता चला, जब मैं असम गया था। यह सब देखने के बाद समझ में आता है कि हमारे जो भी मूल्य बने हैं, जरूरी नहीं कि वे सब नैतिक दृष्टि से ठीक ही होंगे। कुछ मूल्य जंगली भी हो सकते हैं। उदाहरणार्थ, राष्ट्रवाद। इसके विपरीत कुछ छोटे-छोटे समाजों के मूल्य अत्यंत मानवतावादी हो सकते हैं।


अंडमान का उदाहरण सटीक है। हमें जितने की जरूरत है, उतना ही लेना वहां के लोगों की प्रकृति है। वहां के लोगों को यदि दो बड़ी और एक छोटी मछली चाहिए होगी, तो दो बड़ी मछलियां मिलने के बाद वे तीसरी बड़ी मछली को नहीं मारेंगे। दिन भर नाव में बैठकर तीसरी छोटी मछली की प्रतीक्षा करेंगे। एक बड़ी मछली बार-बार सामने से गुजरती है, मगर वे उसे मारते नहीं हैं। क्योंकि वह मादा है। उसके पेट में अंडे हैं। गर्भवती मादा को मारना नहीं चाहिए, ऐसा महान विचार हमारी कथित उन्नत संस्कृति में भी नहीं है। हमारे लिए यह विचार अनुकरणीय है। मगर दुर्भाग्य से वे आदिवासी होने के कारण उन्हें पिछड़ा और तुच्छ माना जाता है। संसार के ऐसे कई संस्कृतिपरक मूल्यों की तुलना करने पर हमें दिखाई देगा कि कुछ मूल्य अमानवीय ही होते हैं। पर धार्मिकता, राष्ट्रीयता जैसी फर्जी अवधारणाओं के आधार पर हम उनका ज्यों का त्यों पालन करते हैं।

# राम राज नहीं सिर्फ राज की चिंता

**अनुष्का चौधरी**

भारत में 'रामराज्य' शब्द के अर्थ को लेकर कई भ्रांतियां रही हैं। कई विद्वान इस शब्द के प्रयोग से बचते रहे हैं। लेकिन अब जबकि इस शब्द के अर्थ का नए सिरे से राजनीतिक दुरुपयोग हो रहा है और इसके एक संकीर्ण अर्थ को राजनीतिक रूप से स्थापित करने की अज्ञानतापूर्ण कोशिश हो रही है, तो ऐसी स्थिति में हमें गांधी के सपनों का वास्तविक 'रामराज्य' फिर से समझने की जरूरत है. ऐसा नहीं है कि स्वयं गांधीजी के समय में इस शब्द के प्रति भ्रांतियां नहीं थीं. कई मौकों पर खुद उन्हें इस पर स्पष्टीकरण देना पड़ा था. इसलिए विभिन्न अवसरों पर उनके रामराज्य संबंधी वक्तव्यों का पुनर्पाठ इस मायने में बहुत ही महत्वपूर्ण हो सकता है।

दांडी मार्च के दौरान ही ऐसी ही भ्रांतियों के निवारण के लिए उन्हें 20 मार्च, 1930 को हिन्दी पत्रिका 'नवजीवन' में 'स्वराज्य और रामराज्य' शीर्षक से एक लेख लिखना पड़ा था। इसमें गांधीजी ने कहा था- 'स्वराज्य के कितने ही अर्थ क्यों न किए जाएं, तो भी मेरे नजदीक तो उसका त्रिकाल सत्य एक ही अर्थ है, और वह है रामराज्य. यदि किसी को रामराज्य शब्द बुरा लगे तो मैं उसे धर्मराज्य कहूंगा. रामराज्य शब्द का भावार्थ यह है कि उसमें गरीबों की संपूर्ण रक्षा होगी, सब कार्य धर्मपूर्वक किए जाएंगे और लोकमत का हमेशा आदर किया जाएगा. ...सच्चा चिंतन तो वही है जिसमें रामराज्य के लिए योग्य साधन का ही उपयोग किया गया हो। यह याद रहे कि रामराज्य स्थापित करने के लिए हमें पाण्डित्य



की कोई आवश्यकता नहीं ह। जिस गुण की आवयकता है, वह तो सभी वर्गों के लोगों- स्त्री, पुरुष, बालक और बूढों- तथा सभी धर्मों के लोगों में आज भी मौजूद ह। दु?ख मात्र इतना ही है कि सब कोई अभी उस हस्ती को पहचानते ही नहीं हैं। सत्य, अहिंसा, मर्यादा-पालन, वीरता, क्षमा, धैर्य आदि गुणों का हममें से हरेक व्यक्ति यदि वह चाहे तो क्या आज ही परिचय नहीं दे सकता?'

इससे पहले अहसहयोग आंदोलन के दौरान 22 मई, 1921 को गुजराती 'नवजीवन' में महात्मा गांधी लिख चुके थे -'कुछ मित्र रामराज्य का अक्षरार्थ करते हुए पूछते हैं कि जब तक राम और दशरथ फिर से जन्म नहीं लेते तब तक क्या रामराज्य मिल सकता है? हम तो रामराज्य का अर्थ स्वराज्य, धर्मराज्य, लोकराज्य करते हैं. वैसा राज्य तो तभी संभव है जब जनता धर्मनिष्ठ और वीर्यवान बने. ...अभी तो कोई सद्गुणी राजा भी यदि स्वयं प्रजा के बंधन काट दे, तो भी प्रजा उसकी गुलाम बनी रहेगी। हम तो राज्यतंत्र और राज्यनीति को बदलने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं; बाद में हमारे सेवक के रूप में अंग्रेज रहेंगे या भारतीय हमें इसकी चिंता नहीं करनी पड़ेगी. हम अंग्रेज जनता को बदलने का प्रयास भी नहीं करते. हम तो स्वयं अपने-आप को बदलने का प्रयास कर रहे हैं।'

अपने अर्थों वाले रामराज्य के निर्माण में महिलाओं की भागीदारी अनिवार्य बताते हुए 16 जनवरी, 1925 को महिलाओं की एक विशेष सभा में महात्मा गांधी ने कहा था - '...मैं सदा से कहता आया हूं कि जब तक सार्वजनिक जीवन में भारत की स्त्रियां भाग नहीं लेतीं, तब तक हिन्दुस्तान का उद्धार नहीं हो सकता. लेकिन सार्वजनिक जीवन में वही भाग ले सकेंगी जो तन और मन से पवित्र हैं। जिनके तन और मन एक ही दिशा में - पवित्र दिशा में चलते जा रहे हों, जब तक ऐसी स्त्रियां हिन्दुस्तान के सार्वजनिक जीवन को पवित्र न कर दें, तब तक रामराज्य अथवा स्वराज्य असंभव ह। यदि ऐसा स्वराज्य संभव भी हो गया, तो वह ऐसा स्वराज्य होगा जिसमें स्त्रियों का पूरा-पूरा भाग नहीं होगा, और वह मेरे लिए निकम्मा स्वराज्य होगा।'

आज रामराज्य को एक खास धार्मिक संप्रदाय से जोड़ा जा रहा ह। गांधी के समय भी ऐसा प्रयास हुआ था. इसका जवाब देते हुए 26 फरवरी, 1947 को एक प्रार्थना-सभा में महात्मा गांधी ने कहा था - 'जिस आदमी की कुर्बानी की भावना अपने संप्रदाय से आगे नहीं बढती, वह खुद तो स्वार्थी है ही, वह अपने संप्रदाय को भी स्वार्थी बनाता है।...मैंने अपने आदर्श समाज को रामराज्य का नाम दिया ह। कोई यह समझने की भूल न करे कि राम-राज्य का अर्थ है हिन्दुओं का शासन. मेरा राम खुदा या गॉड का ही दूसरा नाम ह। मैं खुदाई राज चाहता हूं जिसका अर्थ है धरती पर परमात्मा का राज्य. ...ऐसे राज्य की स्थापना से न केवल भारत की संपूर्ण जनता का, बल्कि समग्र संसार का कल्याण होगा।'

25 मई, 1947 को एक साक्षात्कार में महात्मा गांधी ने आर्थिक असमानता को रामराज्य के लिए खतरा बताते हुए कहा था - 'आज आर्थिक असमानता है। समाजवाद की जड़ में आर्थिक असमानता ह। थोड़ों को करोड़ और बाकी लोगों को सूखी रोटी भी नहीं, ऐसी भयानक असमानता में रामराज्य का दर्शन करने की आशा कभी न रखी जाए. इसलिए मैंने दक्षिण अफ्रीका में ही समाजवाद को स्वीकार कर लिया था. मेरा समाजवादियों से और दूसरों से केवल यही विरोध रहा है कि सभी सुधारों के लिए सत्य और अहिंसा ही सर्वोपरि साधन हैङ्ग' प्रश्नकर्ता ने इस पर तपाक से गांधी से दूसरा सवाल पूछा - 'आप कहते हैं कि शासक, जमींदार और पूंजीपति केवल संरक्षक (ट्रस्टी) बनकर रहें. क्या आप इनलोगों से यह उम्मीद करते हैं कि ये अपनी प्रवृत्ति बदलेंगे?'

इस पर महात्मा गांधी का जवाब था - '...यदि वे लोग अपने आप संरक्षक नहीं बने तो समय उन्हें बनाएगा या फिर उनका नाश हो जाएगा. जब पंचायत-राज (सही मायनों में) बनेगा, तब लोकमत सब कुछ करवा लेगा. जमींदारी, पूंजी अथवा राजसत्ता की ताकत तब तक ही कायम रह सकती है, जब तक आम लोगों में अपनी ताकत की समझ नहीं होती. लोग अगर रूठ गए तो राजसत्ता, पूंजीपति या जमींदार क्या कर सकता है?'

दाशरथि राम के विजयोत्सव के शोर में सुधिजन समझें और समझाएं कि तुलसीदास और महात्मा गांधी के अर्थों वाला वास्तविक रामराज्य कैसे और कब आएगा!

# वेस्टइंडीज दूर के लिए भारतीय टी-20 टीम का ऐलान, तिलक और जायसवाल को पहली बार मौका

एजेंसी

**मुंबई।** युवा प्रतिभावान बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और तिलक वर्मा को वेस्ट इंडीज के खिलाफ अगस्त में होने वाली टी20 शृंखला के लिये भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने बुधवार को यह जानकारी दी। जायसवाल और तिलक दोनों ने ही इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) के 2023 सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था। आइपीएल 2023 के 'इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द इयर' का पुरस्कार पाने वाले जायसवाल ने 14 मैचों में 164 के स्ट्राइक रेट से 625 रन बनाये थे, जिसमें एक शतक और छह अर्द्धशतक शामिल थे। जायसवाल को घरेलू क्रिकेट में उनके प्रदर्शन के कारण विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिये भारतीय टीम के साथ लंदन भेजा गया था। उन्हें वेस्ट इंडीज के खिलाफ 12 जुलाई से होने वाले दो टेस्ट मैचों के लिये भी टीम में शामिल किया गया है। दूसरी ओर, 20 वर्षीय तिलक वर्मा ने 2022 के बाद आइपीएल 2023 में भी प्रभावशाली प्रदर्शन कर मुंबई इंडियंस के मध्यक्रम में अपनी जगह पक्की की। तिलक ने इस साल 11 आइपीएल मैचों में 164.11 के स्ट्राइक रेट और 42.88 की औसत से 343 रन बनाते हुए मुंबई को प्लेऑफ तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नवनियुक्त मुख्य कोच अजीत अगरकर की अगुवाई में चुनी गयी टीम में संजू सैमसन ने वापसी की है। सैमसन कंधे की चोट के कारण जनवरी-फरवरी 2023 में न्यूजीलैंड टी20 शृंखला नहीं खेल सके थे। तेज गेंदबाज आवेश खान और लेग-स्पिनर रवि बिश्नोई की भी स्क्वाड में वापसी हुई है।



## भारत के आगामी वेस्टइंडीज दौरे का प्रसारण करेगा दूरदर्शन

**मुंबई।** दूरदर्शन (डीडी) भारत के आगामी वेस्टइंडीज दौरे का प्रसारण करेगा। भारतीय टीम इस दौरे पर 2 टेस्ट, 3 वनडे और 5 टी20 मैच खेलेगी। यह द्विपक्षीय श्रृंखला 12 जुलाई से 13 अगस्त तक चलेगी। डीडी दर्शकों को अपनी भाषा में मैच देखने का विकल्प देगा-टी20आई और वनडे सीरीज का प्रसारण हिंदी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगु, बांग्ला और कन्नड़ में डीडी स्पोर्ट्स के साथ-साथ नेटवर्क के क्षेत्रीय चैनलों डीडी पोधिगई, डीडी सप्तगिरी, डीडी यादगिरी, डीडी बांग्ला और डीडी चंदना पर भी किया जाएगा। टेस्ट मैचों का प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। डीडी स्पोर्ट्स पर प्राथमिक प्रसारण हिंदी और अंग्रेजी संयोजन का होगा। डब्ल्यूटीसी फाइनल में हार के बाद यह पहली बार होगा जब टीम इंडिया एक्शन में होगी और टीम नए डब्ल्यूटीसी चक्र की शुरूआत जीत के साथ करना चाहेगी। रोहित शर्मा, विराट कोहली, हार्दिक पंड्या उन नामों में से होंगे जिन पर नजर रहेंगी, जबकि यशस्वी जयसवाल, रुतुराज गायकवाड़ जैसे युवा खिलाड़ी भी मौके का फायदा उठाना चाहेंगे। प्राथमिक मीडिया अधिकार धारक के रूप में, फैनकोड पूरी श्रृंखला को अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम करेगा।

### भारत की टी-20 टीम

ईशान किशन (विकेटकीपर), शुबमन गिल, यशस्वी जयसवाल, तिलक वर्मा, सूर्य कुमार यादव (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या (कप्तान), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, अवेश खान, मुकेश कुमार।

## पीएम मोदी ने बधाई दी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिकॉर्ड नौवीं बार सैफ चैंपियनशिप जीतने पर भारतीय फुटबॉल टीम को बुधवार को बधाई दी। श्री मोदी ने ट्वीट किया, भारत एक बार फिर चैंपियन बना! ब्लू टाइगर्स ने सैफ चैंपियनशिप 2023 में सर्वोच्च स्थान हासिल किया! हमारे खिलाड़ियों को बधाई।

## कवेरप्पा ने पंजा खोला, उत्तर क्षेत्र 198 रन पर ऑलआउट

**बेंगलुरु।** युवा तेज गेंदबाज विधवथ कवेरप्पा (28/5) की नायाब गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के पहले दिन बुधवार को उत्तर क्षेत्र को 198 रन पर ऑलआउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होने से पहले दक्षिण ने 63 रन बना लिये, हालांकि उसके चार विकेट भी गिर चुके हैं। दक्षिण ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और उत्तर क्षेत्र पर शुरू से ही दबाव बनाया। लंबे समय तक रनों के लिये संघर्ष करने के बाद सलामी बल्लेबाज ध्रुव शोरी (36 गेंद, 11 रन) नौवें ओवर में कवेरप्पा का शिकार हुए। कवेरप्पा ने कुछ देर बाद अंकित कलसी (दो) को भी पवेलियन भेज दिया।

## ख्वाजा को दुर्व्यवहार का निशाना बनाया गया : रिपोर्ट

**लंदन।** लॉर्ड्स के लॉन्ग रूम की नवीनतम वीडियो ने खुलासा किया है कि दूसरे एशेज टेस्ट के पांचवें दिन रविवार को लंच के लिये जाते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को लगातार दुर्व्यवहार का निशाना बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो के विवादित रनआउट के बाद लंच के लिये पवेलियन लौटते ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के खिलाफ मेरिलबोर्न क्रिकेट क्लब के सदस्यों द्वारा नारेबाजी की गयी।

## भारत के खिलाफ सोचना बंद करो, ये सोचो विश्व कप कैसे जीता जाये : शाहीन अफरीदी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेटर शाहीन अफरीदी ने आगामी आईसीसी वनडे विश्व कप 2023 में भारत बनाम पाकिस्तान मैच पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित नहीं करने की बात कही है। दो कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच संघर्ष ने हमेशा दुनिया भर के प्रशंसकों के बीच अत्यधिक उत्साह पैदा किया है। अफरीदी ने कहा कि टीम का प्राथमिक उद्देश्य टूर्नामेंट में विजयी होना है, ना कि भारत के खिलाफ होने वाले मैच के बारे में सोचना है।15 अक्टूबर को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होने वाली भारत-पाकिस्तान भिड़ंत ने पहले ही काफी हलचल पैदा कर दी है। हालांकि, अफरीदी ने अपने साथियों और समर्थकों से आग्रह किया कि वे अपना ध्यान इस एक खेल से हटाकर पूरा वनडे विश्व कप जीतने पर ध्यान केंद्रित करें। एक स्थानीय पाकिस्तानी चैनल को दिए इंटरव्यू के दौरान अफरीदी ने कहा, "हमें भारत-पाकिस्तान मैच के बारे में सोचना और ध्यान केंद्रित करना बंद कर देना चाहिए क्योंकि यह केवल एक ही मैच है। हमें अपना ध्यान इस बात पर केंद्रित करना चाहिए कि एक टीम के रूप में विश्व कप कैसे जीता जाये।

# तीसरे एशेज टेस्ट में नहीं खेलेंगे एंडरसन, टंग

एजेंसी

**लीड्स।** मौजूदा एशेज शृंखला में 0-2 से पीछे चल रही इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध हेडिंग्ले में तीसरे टेस्ट के लिये अनुभवी तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन और जोश टंग को एकादश से बाहर रखा है। टेस्ट की पूर्व संध्या पर घोषित अंतिम एकादश में इन दोनों की जगह तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स और मार्क वुड को लिया गया है। इंग्लैंड ने कंधे की चोट के कारण सीरीज से बाहर हो चुके ओली पोप की अनुपस्थिति में मोईन अली को अंतिम एकादश में शामिल किया है। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध शुरूआती दो टेस्ट मैचों में खराब प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए 41 वर्षीय एंडरसन ने कहा था कि इसका उनकी ढलती उम्र से कोई संबंध नहीं है। एंडरसन ने द टेलीग्राफ में लिखा था, मेरी उम्र में ऐसा होता जहां लोग मेरे भविष्य के बारे में अटकलें लगाते हैं। मैं समझ सकता हूं। यह एक बड़ी शृंखला है और आप थोड़ा और सुर्खियों में आ जाते हैं। यह कहना आसान है कि वह बूढ़ा हो रहा है। लेकिन मेरे विकेट न लेने का कारण मेरी उम्र नहीं है। उन्होंने लिखा था, ₹मैं भविष्य के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मेरे लिये भविष्य का मतलब सिर्फ गुरुवार और अगले टेस्ट की शुरूआत है। मैं इससे ज्यादा आगे नहीं देखूंगा। अगर मुझे अनुमति मिलती है, तो मैं टीम के लिये अच्छा प्रदर्शन करूंगा। अगर नहीं, तो मैं कड़ी मेहनत करता रहूंगा और पूरी सीरीज में किसी न किसी स्तर पर अपनी भूमिका निभाऊंगा।

## मणिपुर की ओर ध्यान लाना चाहता था : जैकसन

**बेंगलुरु।** सैफ चैंपियनशिप फाइनल में भारत की जीत के बाद मैतेई ध्वज ओढ़े नजर आये जैकसन सिंह ने अपने कृत्य पर सफाई देते हुए बुधवार को कहा कि वह सिर्फ मणिपुर में घट रही घटनाओं की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना चाहते थे। भारत ने मंगलवार रात खेले गये फाइनल में कुवैत को शूटआउट में 5-4 से मात दी। जीत के बाद भारतीय फुटबॉलर जैकसन ने मणिपुर के सजातीय समूह मैतेई का सात रंगों वाला ध्वज ओढ़कर पदक स्वीकार किया, जिसने सोशल मीडिया पर लोगों का ध्यान आकर्षित कर लिया।

## तैयारी के लिये स्वदेश लौटे जोसेफ, होल्डर

**डॉमिनिका।** वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ और जेसन होल्डर भारत के विरुद्ध 12 जुलाई से शुरू होने वाली टेस्ट शृंखला की तैयारी के लिये विश्व कप क्वालीफायर छोड़कर स्वदेश लौटेंगे। क्रिकेट वेस्ट इंडीज ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीडब्ल्यूआई ने ट्वीट किया, जेसन होल्डर और अल्जारी जोसेफ आईसीसी क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर से जल्दी प्रस्थान करेंगे। कैरेबियन लौटने पर वे आखिरी दो सुपर सिक्स मैच नहीं खेल पाएंगे। यह फैसला भारत के विरुद्ध टेस्ट सीरीज से पहले उनके कार्यभार को प्रबंधित करने की दृष्टि से लिया गया है।

## विंबलडन में मेदवेदेव की जीत के साथ वापसी

**लंदन।** रूस के दानिल मेदवेदेव ने मेजबान ब्रिटेन के आर्थर फेरी को तीन सेट में हराकर बुधवार को अपने पहले विंबलडन खिताब की ओर पहला कदम बढ़ाया।मेदवेदेव ने दो घंटे 11 मिनट चले वषार्बाधित मुकाबले में फेरी को 7-5, 6-4, 6-3 से मात देकर दूसरे चरण में कदम रखा। विंबलडन में मेदवेदेव का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2021 में आया था, जब वह चौथे चरण में पहुंचे थे। रूसी खिलाड़ियों पर प्रतिबंध के कारण 2022 में उन्हें टूर्नामेंट में हिस्सा लेने का मौका नहीं मिला था।

## शेष पेज 1 पर

### 50% भी ईमानदारी बरतें...

स्वास्थ्य सुविधाओं में जुड़ते नये आयाम : मुख्यमंत्री ने रिजनल ब्लड ट्रान्समिशन सेंटर, नागरमल मोदी सेवा सदन का उदघाटन एवं ब्लड स्टोरेज केन्द्रों का उद्घाटन किया। साथ ही गंभीर बीमारी उपचार योजना हेतु स्वास्थ्य ज्योति ऐप का लोकार्पण भी किया। सीएम ने आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत राज्य में बेहतर काम करने वाले 84 चिकित्सकों एवं राज्य के कई विभिन्न अस्पताल प्रबंधन को सम्मानित किया। इनमें निजी अस्पताल, सरकारी अस्पताल समेत अन्य चिकित्सक शामिल हैं।

### 10 आरोपियों को 10-10 साल की...

**जिन्हें सजा सुनायी गयी :** प्रकाश मंडल उर्फ पप्पू मंडल, भीमसेन मंडल, कमल महतो, मदन नायक, अतुल महाली, महेश महाली, विक्रम मंडल, चामू नायक, प्रेमचंद महाली और सुनामो प्रधान को न्यायालय द्वारा 10 साल की सजा सुनायी गयी है। **क्या था मामला :** सरायकेला थाना क्षेत्र के धातकीडीह गांव में 17 जून 2019 को एक घर में चोरी की नीयत से घुसे तबरेज अंसारी की भीड़ ने पिटाई कर दी थी। घायल अवस्था में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया था। वहां से तबरेज अंसारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। सरायकेला मंडल कारा में उसकी तबीयत बिगड़ी थी एवं सदर अस्पताल लाये जाने के क्रम इलाज के दौरान तबरेज अंसारी की मौत हो गयी थी। इस संबंध में मृतक की पत्नी शाइस्ता परवीन की शिकायत पर मामला दर्ज कराया गया था। पुलिस अनुसंधान के क्रम में कुल 13 लोगों को आरोपी बना कर गिरफ्तार किया गया था। जिसमें मामले के एक आरोपी कुशल महाली का निधन हो चुका है।

### चाचा को हटा कर अजित...

वहीं, शरद पवार गुट के नेता और महाराष्ट्र में पार्टी के अध्यक्ष जयंत पाटिल ने 3 जुलाई को आयोग से अजित समेत 9 विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग की। **अजित ने गलती की, सजा मिलेगी :** शरद पवार ने बुधवार को दोपहर एक बजे वाईबी चह्वाण सेंटर में समर्थकों के साथ मीटिंग की। बैठक में शरद पवार ने कहा- जो शिवसेना के साथ हुआ, वही एनसीपी के साथ हुआ है। अजित पवार के मन में कुछ था तो मुझसे बात करनी चाहिए थी। सहमति नहीं हो तो बातचीत से हल निकालना चाहिए। अजित की बात सुनकर अफसोस हुआ। गलती सुधारना हमारा काम है। आपने गलती की है तो सजा भुगतने तैयार रहें। अजित की भूमिका देश हित में नहीं है। मैं सत्ता पक्ष में नहीं हूं। मैं जनता के पक्ष में हूं। पीएम जब बारामती आये थे उन्होंने कहा था कि देश कैसे चलाना चाहिए यह मैंने पवार साहब की ऊंगली पकड़कर सीखा है। जिन विधायकों ने अलग होने का फैसला किया, उन्होंने हमें विश्वास में नहीं लिया। अजित पवार गुट ने किसी प्रक्रिया का पालन नहीं किया। पार्टी का चुनाव चिह्न हमारे पास है, वह कहीं नहीं जायेगा। हम पार्टी का सिंबल किसी को नहीं लेने देंगे। अजित पवार खोटा सिक्का निकला। वे लोग मेरे फोटो का इस्तेमाल क्यों कह रहे हैं। वो मुझे देवता भी कहते हैं और मेरी बात भी नहीं मानते।

### पूछताछ के बाद साहिबगंज का...

कृष्णा साव के अवैध पत्थर खदान में दो मजदूरों की दुर्घटना में मौत हो गयी थी। पूर्व में इडी ने कृष्णा साव के ठिकानों पर छापेमारी भी की थी, जिसमें इडी को कई अहम सुराग मिले थे। जांच के क्रम में इडी ने पूर्व में कृष्णा साव के बड़हरवा के चंपांडे मौजा के पत्थर खदान की ड्रोन से मापी ली थी। वहां के कर्मियों के मोबाइल व कागजात भी जब्त किये गये थे। छानबीन में जानकारी मिली थी कि लीज एरिया से कई गुणा अधिक खनन किया गया है। इडी की कार्रवाई के बावजूद कृष्णा साव के खान में अवैध खनन जारी था। इसकी जानकारी इडी को मिली थी, इसके बाद उन्हें समन भेजा गया था।

### कमल भूषण हत्याकांड के गवाह...

अपराधियों ने सुखदेव नगर थाना क्षेत्र के काली मंदिर के पास संजय को घेर कर गोली मारी। जमीन कारोबारी कमल भूषण का सीनियर एकाउंटेंट होने के कारण पैसे के लेनदेन तक की जानकारी संजय को ही रहती थी। घटना की जानकारी और गोली चलने की आवाज सुनकर लोग घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### जल्द घट सकता है वंदे भारत...

जून तक के आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, भोपाल-इंदौर वंदेभारत ट्रेन में केवल 29 प्रतिशत सीटें भरी हुई थीं जबकि इंदौर-भोपाल ट्रेन में 21 प्रतिशत सीट आरक्षित थीं। करीब तीन घंटे का सफर तय करने वाली इस ट्रेन में एसी चेयर कार का किराया 950 रुपये है जबकि एक्जीक्यूटिव चेयर कार का किराया 1525 रुपये रखा गया है। सूत्रों ने कहा कि इस ट्रेन के किराये की रेलवे समीक्षा कर सकता है। देश की सबसे आधुनिक एवं तेज रफ्तार वाली वंदेभारत ट्रेनों का सबसे लंबा सफर करीब 10 घंटे का है जबकि सबसे छोटा सफर तीन घंटे का है। इनमें से कुछ ट्रेनों में सीटों के खाली रहने की समस्या दूर करने के लिए किराये की समीक्षा की जा रही है। अभी तक देश के 24 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में वंदेभारत ट्रेनों का परिचालन हो रहा है। इनमें से कासरगोड-त्रिवेंद्रम एक्सप्रेस में 183 प्रतिशत बुकिंग रहती है और यह सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली वंदेभारत ट्रेन है। गांधीनगर-मुंबई सेंट्रल, वाराणसी-नयी दिल्ली, देहरादून-अमृतसर और मुंबई-शोलापुर के बीच चलने वाली वंदेभारत ट्रेनों में भी 100 प्रतिशत से अधिक बुकिंग रहती है।

### संविदा पर नियुक्त महिलाओं को भी...

कार्मिक विभाग ने ऑनलाइन आवेदन, सिस्टम के जरिये ही प्राप्त करने का प्रावधान कर दिया है। कार्मिक सचिव प्रवीण टोप्पो ने इसकी जानकारी सभी विभागीय सचिवों को दी है। मालूम हो कि मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली अंतर्गत वर्तमान में ऑनलाईन अवकाश प्रबंधन प्रणाली के तहत छह प्रकार के अवकाश प्रक्रिया को ऑनलाइन निष्पादित किए जाने का प्रावधान है। इस क्रम में एचआरएमएस के अंतर्गत कार्यरत मॉड्यूल अवकाश प्रबंधन प्रणाली के मातृत्व अवकाश एवं पितृत्व अवकाश को ऑनलाइन क्रियान्वित करने का निर्णय लिया गया है। कार्मिक विभाग ने स्पष्ट किया है कि ऐसे में अब एचआरएमएस के अंतर्गत ऑनलाईन अवकाश प्रबंधन प्रणाली का उपयोग करते हुए झारखंड राज्य के सभी कर्मियों के द्वारा मातृत्व अवकाश एवं पितृत्व अवकाश का आवेदन ऑनलाईन समर्पित किया जायेगा। इसका अग्रसारण एवं अवकाश की स्वीकृति, अस्वीकृति का कार्य भी ऑनलाईन किया जायेगा एवं अवकाश स्वीकृति की स्थिति में स्वीकृत्यादेश भी ऑनलाईन ही निर्गत अब होगा। कार्मिक सचिव ने इस प्रणाली के उपयोग करने के लिए विभाग के नोडल पदाधिकारी व हेल्प लाइन के जरिये सहयोग लेने का भी निर्देश दिया है।

## गला रेत युवक की हत्या,जांच में जुटी पुलिस

**पूर्वी चंपारण।** जिले के पिपरा थाना क्षेत्र के चाप गांव के समीप राजमार्ग 28 से जुड़े ग्रामीण सड़क पर एक युवक का शव बरामद किया गया है। जिसकी पहचान पिपरा बाजार निवासी जगदीश प्रसाद के 18 वर्षीय पुत्र शिव कुमार के रूप में हुई है। युवक का गला रेता गया है। घटनास्थल पर भी काफी खून फैला मिला है। बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव बरामद किया है। इसे पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने कहा कि डॉग स्क्वायड की टीम से घटनास्थल की जांच कराई गई है तथा मामले की सूक्ष्म जांच की जा रही है। हत्या के कारण का अब तक पता नहीं चल सका है। इधर, घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## मामूली विवाद में बदमाशों ने दिनदहाड़े मारी गोली

**बेगूसराय।** बेगूसराय में बुधवार को बदमाशों ने मामूली विवाद में एक युवक को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना बलिया थाना क्षेत्र के बलिया सतीचौड़ा चौक की है। घायल युवक बलिया नगर परिषद पुरानी दुर्गा स्थान निवासी गौतम कुमार पासवान है। घायल के पिता मनोज पासवान का कहना है कि पड़ोस के ही शिव कुमार एवं राहुल कुमार अपने कई सहयोगियों के साथ उसके घर पर आकर पत्नी और बच्चों को मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट में घायल होने के बाद उसकी पत्नी थाना पर भी गई, जहां इलाज कराने के लिए अस्पताल भेजा गया। इसके बाद शिवा ने मेरे पुत्र को मार दिया।

## शराब के साथ तीन कारोबारी गिरफ्तार

**बेतिया।** पुलिस ने समकालीन अभियान के तहत गश्ती के दौरान खैरा टोला कुर्मी टोला से विपरीत दिशा में जा रहे दो मोटरसाइकिल तीन तस्करों को शराब के साथ धर दबोचा। साथ ही दो बाईक को भी जब्त किया गया है। पकड़े गए तीनों तस्कर में खैरा टोला गांव के लालबाबु यादव, नौतन हाई स्कूल के राहुल कुमार और पुर्वी हरिजन टोली के प्रदीप कुमार शामिल हैं। थानाध्यक्ष खालिद अख्तर ने आज बताया कि गश्ति के दौरान पुलिस को समकालीन अभियान के तहत कुछ तस्कर बाईक के जरिए उत्तर प्रदेश से शराब की खेप लेकर खैरा टोला के तरफ जा रहे थे। जब मोटरसाइकिल रोक कर तलाशी ली गई तो तलाशी के दौरान टेट्रा पैक एटपीएम फ्रुटी के 240 पीस शराब बरामद किया गया है।

## बीते 24 घंटों में वज्रपात से बिहार के आठ जिलों में 15 की मौत

➡ मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये देने का आदेश

**पटना।** बीते मंगलवार देर शाम से बुधवार देर शाम तक वज्रपात से 8 जिलों में 15 लोगों की मौत पर सीएम ने गहरा दुख प्रकट किया। आपदा प्रबंधन विभाग से जारी सूची के अनुसार रोहतास में 05, खगड़िया में 01, कटिहार में 02, गया में 02, जहानाबाद में 02, कैमूर में 01, बक्सर में 01, भागलपुर में 01 व्यक्ति की मौत पर सीएम कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अविलंब मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहे।

## दुष्कर्म के मामले में दोषी को 20 वर्ष की कारावास

**दरभंगा।** बिहार में दरभंगा जिले की एक अदालत ने दुष्कर्म के मामले में आज एक व्यक्ति को बीस साल के कारावास की सजा सुनाई। विशेष न्यायाधीश (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण :पॉक्सो एक्ट :) प्रतिमा परिहार की अदालत ने पांच वर्षीय अबोध बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में सादिर कुरैशी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 60 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनायी है।

# ...हम 2024 में नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता से बाहर कर देंगे: लालू

एजेंसी



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चेतावनी देते हुए आज कहा कि लोग उनकी सरकार की विभाजनकारी और नफरत की राजनीति से तंग आ चुके हैं इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव में उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया जाएगा। श्री यादव ने बुधवार को यहां राजद के स्थापना दिवस पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार उनकी सरकार की त्रुटिपूर्ण नीतियों का विरोध करने वालों को लगातार डराने की कोशिश कर रही है। उन्होंने रेलवे में 'नौकरी के बदले जमीन' घोटाले में उनके छोटे पुत्र और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किए जाने का परोक्ष संदर्भ देते हुए कहा कि एक के बाद एक कई मामले दर्ज हो रहे हैं लेकिन वह और उनके परिवार के सदस्य झुकेंगे नहीं और नरेंद्र मोदी सरकार का विरोध जारी रखें. राजद प्रमुख ने कहा कि महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) विधायकों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने किस तरह से हाईजैक कर लिया, यह सभी को पता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा बिहार में भी यही चीज दोहराने की कोशिश कर रही है लेकिन भगवा पार्टी सफल नहीं होगी क्योंकि महागठबंधनमें सभी चट्टान की तरह एकजुट हैं। श्री यादव ने कहा कि लोकतंत्र और संविधान खतरे में है क्योंकि नरेंद्र मोदी सरकार दोनों को खत्म करने पर अड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि देश को कमजोर करने के लिए जाति और पंथ के आधार पर नफरत फैलाई जा रही है। अब एकजुट होने और अगले लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करने का समय आ गया है।

## जेपी गंगा पथ के बचे निर्माण कार्य जल्द करें : नीतीश

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोगों के आवागमन को आसान बनाने के लिए आज अधिकारियों को जेपी गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। श्री कुमार ने बुधवार को यहां जेपी गंगा पथ परियोजना के गायघाट के पास चल रहे निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण का निर्देश दिया। वह जेपी गंगा पथ होते हुए गायघाट पहुंचे और वहां कराये जा रहे निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने बताया कि जेपी गंगा पथ का गायघाट तक निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और जल्द ही पूर्ण हो जायेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जेपी गंगा पथ के बचे हुए निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि लोगों का आवागमन और आसान हो सके। उन्होंने कहा कि जेपी गंगा पथ के गायघाट के पास गांधी सेतु से भी बेहतर कनेक्टिविटी करायें ताकि गांधी सेतु के साथ जेपी गंगा पथ का संपर्क सुगम हो सके।

## छपरा में सर्जरी कर निकाला 4 किलो का ट्यूमर

**छपरा।** छपरा शहर के श्यामचक स्थित संजीवनी नर्सिंग होम एवं मैटरनिटी सेंटर में एक महिला का सफल ऑपरेशन कर 4 किलो का ट्यूमर निकाला गया। इस जटिल और बड़े ट्यूमर को निकालने ले लिए तीन डॉक्टरों की टीम में चार घंटे तक ऑपरेशन किया। इतने बड़े ट्यूमर का छपरा में सफल सर्जरी करना मेडिकल के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। मांझी थाना क्षेत्र ताजपुर के मटियार गांव निवासी श्री भगवान यादव की 45 वर्षीय पत्नी शांति देवी को पेट दर्द के शिकायत होने पर संजीवनी नर्सिंग होम में लाया गया। महिला ने चिकित्सक को बताया कि बहुत ज्यादा तकलीफ हो रही है। डॉ. अनिल कुमार ने जांच उपरांत अल्ट्रासाउंड किया, तो पता चला कि महिला के पेट में बड़ा ट्यूमर है। जिसके बाद एक टीम बनाकर ऑपरेशन शुरू किया गया। 4 घंटे के सफल ऑपरेशन के बाद चार किलो का ट्यूमर निकाला गया। ऑपरेशन टीम में डॉ. संजू प्रसाद, डॉ अनिल कुमार, डॉ विशाल कुमार मौजूद थे।

**कई साल से था पेट में दर्द :** महिला के परिजनों ने बताया कि कई साल से पेट में दर्द हो रहा था। मेडिकल से दवा लेकर खिला दी जाती थी। हाल के दिनों में बहुत ज्यादा तकलीफ बढ़ गई। तो हम लोग संजीवनी नर्सिंग होम में लेकर पहुंचे। जांच के बाद पता चला कि पेट में ट्यूमर है। उसके बाद डॉक्टर ने ऑपरेशन कर ट्यूमर निकाल दिया।

**क्या कहते हैं डॉक्टर:** ऑपरेशन के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. अनिल कुमार और डा विशाल कुमार ने बताया कि यह क्रिटिकल ऑपरेशन था ट्यूमर के कारण महिला की ब्लीडिंग हो रही थी। महिला की जान को भी खतरा था। चार घंटे के सफल ऑपरेशन के बाद ट्यूमर निकाला गया। ट्यूमर का वजन चार किलो है। महिला की हालत ठीक है। निकला गए ट्यूमर को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा की ट्यूमर का नेचर क्या है।

## मंत्री-प्रधान सचिव की डॉग फाइट में चौपट हुई बिहार की शिक्षा: सुशील मोदी

**पटना(हि.स.)।** पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि शिक्षा मंत्री और विभागीय प्रधान सचिव में डॉग फाइट करा कर नीतीश कुमार ने शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर दिया। इन दोनों को पद से हटाया जाना चाहिये। सुशील मोदी ने बुधवार को कहा कि मंत्री चंद्रशेखर कभी रामचरित मानस पर जातिवादी टिप्पणी करते हैं, तो कभी हवाई अड्डे पर उनके सामान में कारतूस बरामद होती है और कभी मीडिया में प्रचार पाने के लिए वे कुलाधिपति के समक्ष राजनीतिक भाषण करने लगते हैं। ऐसे शिक्षा मंत्री छात्रों को क्या संदेश देंगे? उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग की बबार्दी के लिए लालू प्रसाद के एक बड़बोले विधायक का मंत्री बनना ही काफी था। ऊपर से मुख्यमंत्री ने कोढ़ में खाज की तरह एक बदजुबान अफसर को इस विभाग का प्रधान सचिव भी बना दिया। अब मंत्री और प्रधान सचिव की लड़ाई में दोनों स्तरों से तुगलकी फरमान जारी हो रहे हैं। दोनों एक-दूसरे को औकात बताने पर तुले हैं। एक पर लालू प्रसाद और दूसरे पर नीतीश कुमार का वरदहस्त है। उन्होंने कहा कि प्रधान सचिव की जुबान ही इस महकमे का कानून है। नीचे के अधिकारी सस्पेंड करने की धमकी और पैंट गीला करने जैसी गाली के बीच कैसे काम कर रहे हैं, इसका अनुमान लगाया जा सकता है। नीतीश सरकार की विफलता के चलते राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में सत्र अनियमित है। स्नातक स्तर पर हजारों सीटें खाली रह जाएंगी। छात्र यहां दाखिला नहीं लेना चाहते।

स्पीड न्यूज

### पाक में बाढ़ से तीन की मौत, सैकड़ों बेघर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अब बाढ़ कहर बनकर टूट पड़ी है। लाहौर में नौ घंटे में हुई 272 मिलीमीटर बारिश से पूरा शहर जलमग्न हो गया है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बाढ़ के कारण तीन लोगों की मौत हो गयी और सैकड़ों लोग बेघर हो गए। लाहौर में बुधवार को लगातार हुई बारिश ने पिछले तीन दशक के रिकॉर्ड तोड़ दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि लाहौर में केवल नौ घंटों में 272 मिमी बारिश के कारण शहर में बाढ़ आ गई है, जबकि भारी बारिश के बाद नहर उफान पर है। उन्होंने बताया कि । मंत्रिमंडल के सभी सदस्य और प्रशासन पानी साफ करने के लिए मैदान में हैं। वे स्वयं भी क्षेत्र में स्थिति की निगरानी कर रहे हैं।

### चीन में भीषण बाढ़ लाखों लोग प्रभावित

**बीजिंग।** चीन में भीषण बाढ़ लोगों के लिए मुसीबत बन गयी है। बाढ़ के कारण हजारों लोग बेघर हो गए हैं और लाखों लोग प्रभावित हैं। चीनी राष्ट्रपति ने विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर बाढ़ पीड़ितों की मदद के निर्देश दिये हैं। शी जिनपिंग ने सरकारी अधिकारियों से सक्रियता बढ़ाने को कहा है। उन्होंने सुरक्षा और संपत्ति को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं।
पाकिस्तान में आत्मघाती हमलावर ने सुरक्षा चौकी पर हमला किया, चार लोगों की मौत

### पेशावर में आत्मघाती हमला, चार की मौत

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तरी-पूर्वी हिस्से में स्थित एक सुरक्षा चौकी पर बुधवार को हुए आत्मघाती हमले में तीन सैनिकों और एक बच्चे की मौत हो गई। डीपीओ सलीम रियाज ने बताया कि आत्मघाती हमला अफगानिस्तान की सीमा से जुड़े खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तरी वजीरिस्तान कबीलाई जिले के बानू-मिरान शाह रोड पर स्थित हमीदुल्ला शहीद सुरक्षा चौकी पर हुआ। उन्होंने बताया कि आत्मघाती हमले में सुरक्षा चौकी पूरी तरह तबाह हो गई और अर्धसैनिक बल फ्रंटियर कोर (एफसी) के तीन सैनिक तथा एक बच्चे की मौत हो गई।

### रूस का मिग-31 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त

**मॉस्को।** प्रशांत महासागर के ऊपर रूस का एक मिग-31 लड़ाकू विमान प्रशिक्षण अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सवार दो पायलट के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है। बचाव दल विमान के चालक दल के दो सदस्यों की तलाश कर रहा है। सेना ने कहा है कि विमान में हथियार नहीं थे। इसने तुरंत कोई और विवरण नहीं दिया और यह भी नहीं बताया कि दुर्घटना का कारण क्या हो सकता है।

### अमेरिका के राष्ट्रपति आवास में मिला कोकीन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति के आवास व्हाइट हाउस में कोकीन मिलने से हड़कंप मच गया। जिस समय यह सफेद पाउडर बरामद हुआ, उस समय राष्ट्रपति जो बाइडन व्हाइट हाउस में मौजूद नहीं थे। जांच पड़ताल के लिए कुछ देर के लिए व्हाइट हाउस को बंद कराना पड़ा। शुरूआती जांच में पता चला कि उक्त सफेद पाउडर नशीला पदार्थ कोकीन है। जिस जगह कोकीन की बरामदगी हुई, वह जगह व्हाइट हाउस की वेस्ट विंग का हिस्सा है। वेस्ट विंग उस कार्यकारी हवेली से जुड़ा क्षेत्र है, जहां राष्ट्रपति जो बाइडन रहते हैं।

### मणिपुर में इंटरनेट पर बैन 10 तक बढ़ा

इंफाल। मणिपुर सरकार ने हिंसा की वारदातों के बीच अफवाहों, वीडियो, फोटो और फर्जी संदेशों के प्रसार को रोकने के लिए एक बार फिर इंटरनेट सेवा पर प्रतिबंध को 10 जुलाई तक बढ़ा दिया है। राज्य सरकार ने हिंसा, हमले, आगजनी और गोलीबारी की छिटपुट घटनाओं को लेकर राज्य के डीजीपी की एक रिपोर्ट के आधार पर यह निर्णय लिया गया।

## चंद्रयान-3 लैंडर श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र में हेवी लांच रॉकेट पर किया गया असेंबल

# अंतरिक्षयान को रॉकेट से जोड़ा गया

### लांचिंग तैयारियां अंतिम चरण में, लैंडर और रोवर 13 जुलाई को चंद्रमा पर रवाना होने को पूरी तरह तैयार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के बहुप्रतीक्षित मिशन चंद्रयान-3 की लॉन्चिंग को लेकर तैयारियां अंतिम चरणों में हैं। चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर रॉकेट एलवीएम-3 के साथ 13 जुलाई को चंद्रमा पर रवाना होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। चंद्रयान-3 लैंडर को आज इसरो श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र में हेवी लॉन्च रॉकेट पर असेंबल किया गया।

चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर को वही नाम देने का फैसला किया है, जो चंद्रयान-2 के लैंडर और रोवर के नाम थे। चंद्रयान-2 के बाद इस मिशन को चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंडिंग की क्षमता की जांच के लिए भेजा जा रहा है। चंद्रयान-2 मिशन आखिरी चरण में विफल हो गया था। उसका लैंडर पृथ्वी की




सतह से झटके के साथ टकराया था, जिसके बाद पृथ्वी के नियंत्रण कक्ष से उसका संपर्क टूट गया था। चंद्रयान-3 को उसी अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए भेजा जा रहा है। इसमें लैंडर के चंद्रमा की सतह पर उतरने के बाद उसमें से रोवर निकलेगा और सतह पर चक्कर लगाएगा। लैंडर का नाम विक्रम होगा जो भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक विक्रम साराभाई के नाम पर रखा गया है और रोवर का नाम प्रज्ञान होगा। चंद्रयान-2 के लैंडर और रोवर के भी यही नाम रखे गए थे। इसरो अधिकारियों के मुताबिक चंद्रयान-2 मिशन फेल होने के बाद का ही अगला प्रोजेक्ट चंद्रयान-3 है, जो चंद्रमा की सतह पर उतरेगा और परीक्षण करेगा। चंद्रयान-3 मिशन के जुलाई में श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से चंद्रमा के उस हिस्से तक लॉन्च होने की उम्मीद है, जिसे डार्क साइड ऑफ मून कहते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि यह हिस्सा पृथ्वी के सामने नहीं आता। चंद्रयान -3 का उद्देश्य चंद्र सतह पर एक सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग और रोविंग क्षमताओं का प्रदर्शन करना है। चंद्रयान-3 को एक लैंडर, एक रोवर और एक प्रणोदन मॉड्यूल को मिलाकर बनाया गया है, जिसका कुल वजन 3,900 किलोग्राम है। अकेले प्रणोदन मॉड्यूल का वजन 2,148 किलोग्राम है जो लैंडर और रोवर को 100 किलोमीटर की चंद्र कक्षा में ले जाएगा। लैंडर, चंद्रमा के एक विशेष स्थान पर सहजता से उतरने की क्षमता से लैस होगा और रोवर को तैनात करेगा, जो चंद्रमा की सतह पर रासायनिक विश्लेषण करेगा।

#### चंद्रयान-2 की तरह ही दिखेगा

यह चंद्रयान-2 की तरह ही दिखेगा, लेकिन चंद्रयान-3 का फोकस चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित लैंड करने पर है। मिशन की सफलता के लिए नए उपकरण बनाए गए हैं, एल्गोरिदम को बेहतर किया गया है। चंद्रयान-2 मिशन जिस वजह से असफल हुआ था, उन पर इस प्रोजेक्ट में फोकस किया गया है। चंद्रयान-3 को लॉन्च करने का ऐलान चंद्रयान-2 के लैंडर-रोवर के दुर्घटनाग्रस्त होने के चार साल बाद हुआ है।

### एलसीए तेजस एमके-1ए साल के अंत तक शुरू करेगा हथियारों का परीक्षण

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) तेजस एमके-1ए इस साल के अंत तक हथियारों का परीक्षण शुरू कर देगा। श्रीनगर स्थित वायु सेना की 51 नंबर स्क्वाड्रन (स्वॉर्ड आर्म्स) को अगले साल से तेजस एमके-1ए विमान मिलने लगेंगे। वायु सेना की पश्चिमी कमान के अधीन इसी स्क्वाड्रन से 2019 में सर्जिकल स्ट्राइक के दौरान लड़ाकू विमानों को पाकिस्तानी विमानों की घुसपैठ को रोकने के लिए तैनात किया गया था। विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान यहीं से मिग-21 में उड़ान भरकर पाकिस्तान के 'मेहमान' बने थे। बेंगलुरु में एयरो इंडिया के दौरान 03 फरवरी, 2021 को रक्षा मंत्रालय ने एचएएल के साथ स्वदेशी सैन्य उड्डयन सेवा में अब तक का सबसे बड़ा सौदा करके 83 तेजस मार्क-1ए फाइटर जेट की डील फाइनल की थी। वायु सेना को फरवरी, 2024 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से पहला लाइट एलसीए तेजस मार्क-1ए मिलेगा। श्रीनगर स्थित स्वॉर्ड आर्म्स स्क्वाड्रन तेजस एमके-1ए प्राप्त करने वाली पहली स्क्वाड्रन होगी। अभी तक यह स्क्वाड्रन मिग विमानों का ठिकाना है, जिन्हें तेजस की आपूर्ति शुरू होने के बाद सेवा से विदाई दी जानी है। एचएएल के मुताबिक तेजस एमके-1ए में डिजिटल रडार चेतावनी रिसीवर, एक बाहरी ईसीएम पॉड, जैमर, एईएसए रडार, रखरखाव में आसानी और एवियोनिक्स, वायुगतिकी में सुधार किया गया है।

## सुप्रीम कोर्ट को मिलेंगे दो जज

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने बुधवार को शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों के रूप में प्रोन्नति के लिए न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एस वेंकटनारायण भट्टी के नामों की सिफारिश की। कॉलेजियम में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल रहे। कॉलेजियम ने बुधवार को एक बैठक में यह फैसला किया और प्रस्ताव को शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर डाला गया। न्यायमूर्ति भुइयां तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं, वहीं न्यायमूर्ति

**▶▶ कॉलेजियम ने न्यायमूर्ति भुइयां और न्यायमूर्ति भट्टी के नाम की सिफारिश की**



भट्टी केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 है, लेकिन पिछले महीने तीन न्यायाधीशों के सेवानिवृत्त होने के बाद फिलहाल 31 न्यायाधीश ही कार्यरत हैं।

### न्यूयार्क : सड़क दुर्घटना में कुख्यात खालिस्तानी आतंकी पन्नू की मौत !

**न्यूयॉर्क।** भारत में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सिख फॉर जस्टिस का कुख्यात सरगना गुरपतवंत सिंह पन्नू अमेरिका में सड़क दुर्घटना में मारा गया है। बताया जा रहा है कि अमेरिका के हाईवे 101 पर उसकी कार का एक्सीडेंट हुआ है। उसकी मौत की अभी तक औपचारिक पुष्टि नहीं हो सकी है।

पन्नू लंबे समय से अंडरग्राउंड रहकर भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल था। उसे डर था कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर, अवतार सिंह खांडा की तरह उसे भी निशाना बनाया जा सकता है। पन्नू सोशल मीडिया पर भारत के खिलाफ जहर उगलता रहता था।

## समाज के विकास में शिक्षा महत्वपूर्ण

**एजेंसी**

**गढ़चिरौली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास में, विशेषकर आदिवासियों और पिछड़े वर्गों की स्थिति को बदलने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में गोंडवाना विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। मुर्मू ने राष्ट्रपति बनने के बाद महाराष्ट्र की अपनी यात्रा के दौरान युवाओं को संबोधित करने पर खुशी व्यक्त की। उन्होंने सभी डिग्री धारकों को बधाई दी और विशेष रूप से छात्राओं की प्रशंसा की। गोंडवाना विश्वविद्यालय के कुल डिग्री धारकों में से 45 प्रतिशत छात्राएं हैं। उन्होंने छात्राओं की उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि यह अन्य छात्राओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है।

**▶▶ राष्ट्रपति ने आदिवासियों को शिक्षा देने और कौशल-आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए गोंडवाना विवि की सराहना की**

मुर्मू ने कहा कि किसी भी समाज के विकास में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, खासकर आदिवासियों और पिछड़े वर्गों की स्थिति बदलने में। उन्होंने जिले में आदिवासियों को शिक्षा प्रदान करने और विभिन्न कौशल-



आधारित पाठ्यक्रम शुरू करने के लिए गोंडवाना विश्वविद्यालय की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि वह समय-समय पर आदिवासी समुदाय के लोगों से मिलती रहती हैं और उनसे बातचीत के दौरान उन्हें पता चला कि वे अपने बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा चाहते हैं। उन्होंने गढ़चिरौली को देश के प्रगतिशील जिलों में से एक बनाने की वकालत की और आदिवासियों तथा पिछड़े वर्गों से सरकार पर बहुत अधिक निर्भर न रहने की अपील करते हुए कहा कि उनमें भी जीवन में आगे बढ़ने का जुनून होना चाहिए। मुर्मू ने कहा कि आदिवासियों को भी सबके साथ कंधे से कंधा मिलाकर जीवन में आगे बढ़ने का प्रयास करना चाहिए।

राष्ट्रपति ने कहा कि हम आदिवासी समुदाय से बहुत कुछ सीख सकते हैं, वे पर्यावरण से कैसे प्रेम करते हैं, उनकी जीवन जीने की कला अद्भुत है। हमें उनके समग्र विकास की दिशा में काम करना चाहिए।

## भाजपा नेता के घर पर चला बुलडोजर

### मप्र में आदिवासी युवक पर पेशाब मामले में आरोपी के पिता के घर का एक हिस्सा ध्वस्त

**एजेंसी**

**सीधी (मप्र)।** मध्यप्रदेश पुलिस ने एक आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब करने के आरोपी प्रवेश शुक्ला को गिरफ्तार करने के कुछ ही घंटों बाद स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को उसके पिता के घर का एक हिस्सा ढहा दिया।मंगलवार को पेशाब करने की घटना का वीडियो सामने आया था। विपक्षी कांग्रेस ने मांग की थी कि राज्य की भाजपा सरकार शुक्ला की संपत्तियों को ध्वस्त करने के लिए बुलडोजर का इस्तेमाल करे। जिले के एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी के पिता रमाकांत शुक्ला का घर अनुमति के अनुसार नहीं बनाया गया था और इसलिए मकान के अवैध हिस्से को ध्वस्त किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए प्रवेश शुक्ला की पृष्ठभूमि आपराधिक पाई गई है। इससे



पहले, कांग्रेस ने दावा किया कि पेशाब करने का आरोपी प्रवेश शुक्ला भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़ा था ।भोपाल में पत्रकारों से बात करते हुए प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया ने दावा किया कि आरोपी के भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ संबंध है, और सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेताओं के साथ उसकी तस्वीरें भी सामने आई हैं।भूरिया ने आरोप लगाया कि यह वीडियो कुछ महीने पुराना बताया जा रहा है, लेकिन पीड़ित, आरोपी भाजपा नेता प्रवेश शुक्ला से इतना डरा हुआ था कि महीनों बाद भी पुलिस से शिकायत करने की हिम्मत नहीं जुटा सका।उन्होंने कहा कि आरोपी ने पीड़ित से एक शपथ पत्र भी ले लिया, जिसमें कहा गया है कि उसके (शुक्ला के) खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने मांग की कि पीड़ित परिवार को दो करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के दो सदस्यों को सरकारी नौकरी दी जाए। मंगलवार को, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा था कि प्रवेश के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 294 (अश्लील हरकतें), 504 (शांति भंग करने के लिए जानबूझकर अपमान), और अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत भी कार्रवाई शुरू की गई है।

### मणिपुर में दो महीने बाद फिर खुले स्कूल

**इंफाल।** मणिपुर में दो महीने से ज्यादा वक्त तक चली जातीय हिंसा के कारण बंद रहने के बाद स्कूल बुधवार को फिर से खुल गए। स्कूल आने वाले बच्चे उत्साहित थे लेकिन ज्यादातर संस्थानों में पहले दिन उपस्थिति बहुत कम रही। विद्यार्थियों के अभिभावकों ने कक्षाएं फिर से शुरू करने के राज्य सरकार के फैसले का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने सोमवार को पांच जुलाई से पहली कक्षा से लेकर आठवीं कक्षा तक के स्कूल फिर से खोले जाने की घोषणा की थी। यूनेको स्कूल की दूसरी कक्षा में पढ़ी रही एक छात्रा के पिता उपेन्द्र पुखरामबम ने कहा, ह्ममैंने अपने बच्चों को स्कूल भेजा। तनाव इंफाल घाटी के बाहरी इलाके में है और ग्रेटर इंफाल में लगभग शांति है। अब हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। पहली कक्षा की छात्रा लिन्थोई ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं। दो महीने तक इंतजार करने के बाद दोस्तों और शिक्षकों से मिलूंगा।

### सुप्रिया सुले का अजित पवार पर पलटवार, कहा

## पिता के खिलाफ एक शब्द बर्दाश्त नहीं करूंगी

**मुंबई।** राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार की बेटी एवं लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने बुधवार को अपने बागी चचेरे भाई अजित पवार पर पलटवार करते हुए कहा कि वह अपने पिता के खिलाफ एक भी शब्द बर्दाश्त नहीं करेंगी। अजित पवार और शरद पवार के नेतृत्व वाले राकांपा के प्रतिद्वंद्वी गुटों ने शक्ति प्रदर्शन के लिए अलग-अलग बैठकें कीं। इस दौरान उनके बीच तीखी बयानबाजी देखने को मिली। सुले ने कहा कि कोई मेरी या किसी अन्य व्यक्ति की आलोचना कर सकता है, लेकिन मैं अपने पिता के खिलाफ इसे कतई बर्दाश्त नहीं करूंगी....वह पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए पिता से भी बढ़कर हैं। सुले ने नवंबर 2019 की सुबह के शपथ ग्रहण समारोह का भी जिक्र किया, जब देवेंद्र



फडणवीस ने मुख्यमंत्री और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, लेकिन कुछ दिन बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। सुले ने कहा कि मैं चार-पांच साल पहले बहुत भावुक हुआ करती थी, लेकिन अब मैं मजबूत हो गई हूं। मैं उन लोगों को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने मुझे मजबूत बनाया। हमारी असली लड़ाई भाजपा के कामकाज के तरीके के खिलाफ होगी, न कि किसी व्यक्ति के खिलाफ।

## कंगना रनौत की 'तेजस' 20 अक्टूबर को होगी रिलीज

**मुंबई।** कंगना रनौत की फिल्म तेजस की रिलीज डेट सामने आ चुकी है। इस फिल्म को रोनी स्क्रूवाला के प्रोडक्शन हाउस आरएसवीपी के बैनर तले बनाया जा रहा है। फिल्म में कंगना एक एयरफोर्स पायलट का किरदार निभाते नजर आएंगी। तेजस की टीम ने कन्फर्म किया है कि फिल्म 20 अक्टूबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। तेजस की कहानी एयरफोर्स पायलट तेजस गिल की असाधारण यात्रा के इर्द-गिर्द घूमती है और इसका उद्देश्य हर भारतीय को प्रेरित करना और उनमें गर्व की भावना पैदा करना है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे वायु सेना के पायलट रास्ते में आयी कई चुनौतियों का सामना करते हुए देश की रक्षा के लिए अथक प्रयास करते हैं।



### फिल्म मेकर बनीं कृति सेनन

अभिनेत्री कृति सेनन ने बॉलीवुड में नौ साल पूरे कर लिए हैं। इतने सालों की कड़ी मेहनत से इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाने वाली कृति ने अब एक कदम आगे बढ़ाया है। एक्ट्रेस कृति अब प्रोड्यूसर बन गई हैं। उन्होंने अपनी खुद की फिल्म प्रोडक्शन कंपनी की घोषणा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर इसकी जानकारी दी।वीडियो शेयर करते हुए कृति ने लिखा । इस जादुई इंडस्ट्री में अपने सपनों को पूरा किए हुए मुझे 9 साल हो गए हैं। मैंने छोटे कदम उठाए, सीखा और विकसित हुई और एक अभिनेत्री बन गई! मुझे फिल्म निर्माण पसंद है। इसलिए मैं इस पर और अधिक



काम करना चाहता हूं, नई चीजें सीखना चाहता हूं और अधिक कहानियां बताना चाहता हूं जो आपके और मेरे दिल को छू जाएं।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !